जबलपुर

शुक्रवार, 5 जनवरी 2024
- पौष मास कृष्ण पक्ष-9
- वर्ष : 18, अंक : 243
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 24
न्यून. 14

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8 राम को लेकर ऊहापोह में क्यों कांग्रेस





मैट्रो
14 19 फरवरी को जबलपुर से चलेगी.....













## चीन से ग्वालियर निवासी का शव लाने का अनुरोध स्वीकार

**ग्वालियर।** ग्वालियर निवासी सुरेंद्र सिंह कुशवाह के बेटे प्रबल कुशवाह की चीन में आकस्मिक मृत्यु हो गई है, उनके शव को चीन से वापस लाए जाने के लिए



लगातार गुहार लगाई जा रही थी। इस मुद्दे को लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का भी साथ मिला। सिंधिया ने विदेश मंत्री को पत्र लिखकर सहयोग करने और अब तक की गई कार्यवाही से अवगत कराने का आग्रह किया। सिंधिया के आग्रह को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्वीकार कर लिया है। इसकी जानकारी खुद सिंधिया ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर का आभार जताया है। बता दें ग्वालियर निवासी प्रबल आठ महीने पहले नौकरी के लिए बीजिंग गया था। 20 दिसंबर को सुसाइड की सूचना मिली थी। तब से लेकर अभी तक परिजन उसका शव भारत लाने के लिए लगातार भारतीय दूतावास से संपर्क कर रहे हैं। शव डेढ़ महीने के भीतर भारत पहुंचेगा। ऐसे में परेशान परिजनों ने अन्य लोगों के साथ ग्वालियर में न्याय मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया था।

### सीएम यादव ने कहा-जहां संतों का प्रताप होता है, वहां सारे काम पूरे हो जाते हैं

# आदर्श होगी लाल टिपारा 'गो-शाला' व्यवस्था देखने निगमों से दल आएंगे

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएसआर फंड से 31 करोड रुपए की लागत से सीएनजी प्लांट भी यहां बनाया जा रहा है जिसमें 7 करोड़ की सीएनजी का उत्पादन होगा जिससे नगर निगम के वाहन चलेंगे।*



मुख्यमंत्री ने जन आभार यात्रा में जनता के प्रति आभार जताया। केंद्रीय मंत्री सिंधिया भी उनके साथ थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

सनातन धर्म का आधार ही गो-सेवा है। एक साथ सभी देवताओं की पूजा करना हो तो केवल गोमाता की पूजा करने से सभी देवता प्रसन्न हो जाते हैं। लाल टिपरा गोशाला इस बात का उदाहरण है कि जहां संतों का प्रताप होता है वहां काम पूरे हो जाते हैं।

लाल टिपारा गोशाला को प्रदेश की आदर्श गोशाला बनाया जाएगा। साथ ही ऐसी अन्य स्थानों पर ऐसी आदर्श गोशाला स्थापित करने के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी।

सीएम ने की 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य स्थानों पर ऐसी आदर्श गोशाला स्थापित करने के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर में आदर्श गोशाला लाल टिपारा का लोकार्पण किया।

### सिंधिया ने कहा...इस धरोहर को पीढ़ी-दर-पीढ़ी हमें संभालना है

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि हिंदू धर्म में मान्यता है कि गो माता के खुर की धूल माथे पर लगाने से जीवन के सभी पाप धुल जाते हैं। गांधी ने कहा था कि भारत की आत्मा गांव में बसती है और गांव की आत्मा गाय में बसती है। भारत की संस्कृति का अभिन्न अंग गाय है, इस धरोहर को पीढ़ी दर पीढ़ी हमें संभालना है।

### विधानसभा अध्यक्ष तोमर बोले...इस गोशाला को पूरे विश्व में स्थान मिलेगा

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा की लाल टिपारा गोशाला सेवा में 2004 से जुड़े हुए हैं और लगातार यह प्रयास में है कि इसे व्यवस्थित बनाया जाए जिससे गो माता का संरक्षण संवर्धन हो सके। इस गोशाला को विश्व में स्थान मिलेगा। सीएनजी प्लांट लगने के बाद पूरे देश के लोग देखने आएंगे।

### ग्वालियर मेले को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय स्वरूप

मुख्यमंत्री यादव ने गुरूवार को ग्वालियर मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेला संस्कृति के माध्यम से व्यक्ति और व्यवस्था की विशेषताएं और अच्छाइयां सामने आती हैं। निश्चित ही यह मेला निरंतर उन्नति करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा मेले को अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। डॉ. यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी व्यापार मेलों को प्रोत्साहित करने में रूचि ली है। इस नाते कुछ उत्पादों में विक्रय कर में 50 प्रतिशत की छूट की पहल आवश्यक और प्रासंगिक भी है। व्यवस्थाओं का विकेंद्रीकरण होना चाहिए। इस संकल्प के साथ विकास के प्रयास किए जाएंगे। प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप निर्धन वर्ग, युवाओं और महिलाओं की उन्नति के लिए हर संभव प्रयास होंगे।

### धान खरीदी में गड़बड़ी का मामला

# जबलपुर कलेक्टर को कैबिनेट के बाद हटाया, सक्सेना को दी कमान

बाफना की जगह नरसिंहपुर में शीतला पटले को भेजा

**लंबे समय से पीएचक्यू में एआईजी पर फिर भरोसा, अखिल पटेल को डिंडौरी एसपी की मिली जिम्मेदारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की लगातार प्रशासनिक सर्जरी जारी है। लापरवाही के चलते गुरुवार को जबलपुर कलेक्टर सौरव कुमार सुमन को हटा दिया गया। उनकी जगह उपभोक्ता संरक्षा विभाग में संचालक दीपक सक्सेना को जिम्मेदारी दी गई है। सौरव सुमन ने धान में उपार्जन केंद्र और गोदाम के निर्धारण मामले में लापरवाही बरती। इस बात से सीएम नाराज थे। अब तक लापरवाही के चलते राज्य सरकार 7 जिलों के कलेक्टर के खिलाफ एक्शन ले चुकी है। खास बात है कि बुधवार को जबलपुर में मोहन कैबिनेट की बैठक हुई थी। इसमें स्थानीय नेताओं ने कलेक्टर की शिकायत की थी। इसके अलावा धान खरीदी में गड़बड़ी के मामले में भी कलेक्टर ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की थी। वहीं, पिछले साल अनूपपुर में एसपी रहे अखिल पटेल के खिलाफ शिकायत के मामले पर तत्कालीन सरकार ने हटा दिया था।



दीपक सक्सेना

### शीतला पटले इससे पहले छिंदवाड़ा की कलेक्टर थीं

वहीं, सीएम सचिवालय में पदस्थ शीतला पटले को नरसिंहपुर कलेक्टर बनाया गया है। शीतला



पटले इससे पहले छिंदवाड़ा की कलेक्टर रह चुकी हैं। बुधवार को ही सीएम के निर्देश पर नरसिंहपुर के तत्कालीन कलेक्टर किशोर कन्याल को हटाया गया था। उनकी जगह नरसिंहपुर कलेक्टर ऋजु बाफना को भेजा गया था। इसके अलावा, डिंडौरी से गुना भेजे गए एसपी संजीव कुमार सिन्हा की जगह अखिल पटेल को डिंडौरी का नया एसपी बनाया गया है।

## ...ताकि, परिंदों को मिले घर, इसलिए आज पक्षी दिवस पर 500 से ज्यादा घोंसले बांटेंगे

भोपाल। यूं तो पेशे से सहायक प्राध्यापक हैं स्वप्निल व्यास। लेकिन पर्यावरण रक्षा का ऐसा जुनून कि अपनी तनख्वाह का 25 से 30 फीसदी इसी पर खर्च कर देते हैं। महर्षि इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इंदौर में सहायक प्राध्यापक की नौकरी मिलते ही उन्होंने अपने कमाई का एक हिस्सा जैव विविधता पर खर्च करने का निर्णय ले लिया। स्कूलों में जाकर औषधीय पौधे रोपने लगे और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी बच्चों को सौंपने लगे। अब तक वे 35 हजार से अधिक औषधियों के पौधे इंदौर के अलग-अलग स्कूलों में रोप चुके हैं। उनको लगा कि सामा, गोरैया, कर्रा, कठफोडवा, नीलकंठ, पंडुक, परोकी, फूलचूशी, बगुला, कौवा, तोता और मैना जैसी पक्षियों की संख्या तेजी से कम हो रही है। इस स्थिति से निपटने के लिए स्वप्निल ने अपना नया प्रकल्प 'पक्षी निलय' शुरू किया।

# भारत ने दूसरा टेस्ट मैच जीतकर रचा इतिहास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केप टाउन में टूटा साउथ अफ्रीका का घमंड



भारतीय टीम ने गुरुवार को साउथ अफ्रीका की धरती पर इतिहास रच दिया। वह पहली एशियाई टीम बन गई, जिसने केप टाउन के न्यूलैंड्स पर पहला टेस्ट मैच जीता। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंडियन टीम ने मेजबान देश को 7 विकेट से मात दी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए दूसरा टेस्ट मैच दूसरे सत्र में ही समाप्त हो गया। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। मेजबान टीम पहली पारी में मात्र 55 रन पर ऑल आउट हो गई थी। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज ने 6 विकेट चटकाए थे। बुमराह और सिराज को दो-दो विकेट मिले थे।






### देखें...नवनिर्मित राम मंदिर की विशेषताएं

प्राण-प्रतिष्ठा तक केवल एक मंजिल तक ही निर्माण पूर्ण हो पाएगा



# मंदिर की हर मंजिल की ऊंचाई 20 फीट, कुल 392 खंभे और 44 द्वार




मंदिर में लोहे का प्रयोग नहीं। धरती के ऊपर बिलकुल भी कांक्रीट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

अयोध्या में रामलला का मंदिर अभी निर्माण की प्रक्रिया में है। मंदिर के गर्भगृह में 22 जवारी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके लिए अयोध्या धाम में 16 जनवरी से ही कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। मंदिर का निर्माण परम्परागत नागर शैली में किया जा रहा है। इसके साथ ही मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट तथा ऊंचाई 161 फीट रहेगी।

### मंदिर में प्रवेश पूर्व दिशा से 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार से होगा

वहीं, मंदिर परिसर के खंभों व दीवारों में देवी देवता तथा देवांगनाओं की मूर्तियां उकेरी जा रही हैं। इसके साथ ही मंदिर में प्रवेश पूर्व दिशा से 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार से होगा। वहीं दिव्यांगजन एवं वृद्धों के लिए मंदिर में रैंप व लिफ्ट की व्यवस्था रहेगी। मंदिर के चारो ओर आयताकार परकोटा रहेगा। चारों दिशाओं में इसकी कुल लंबाई 732 मीटर तथा चौड़ाई 14 फीट होगी।




# अयोध्या नगरी को 'रामानंद सागर की धरोहर' से राममय करने में जुटी योगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या




उत्तर प्रदेश की योगी सरकार रामनगरी अयोध्या का न सिर्फ भौतिक, बल्कि आध्यात्मिक रूप से विकास सुनिश्चित कर रही है। भावी पीढ़ी अपने गौरवशाली अतीत से अवगत हो और उन मूल्यों से जुड़ाव महसूस कर सके, इसके लिए योगी सरकार 1987 में पहली बार प्रसारित हुए रामानंद सागर कृत 'रामायण' टीवी धारावाहिक का भी अयोध्या में लगभग सात स्थानों पर विशेष प्रसारण करा रही है। राम नगरी में रामायण का प्रसारण शाम पांच बजे से रात 11 बजे तक निरंतर कई स्थानों पर किया जा रहा है। रामकथा पार्क संग्रहालय, कनक भवन के पास, श्रीराम आश्रम, अशर्फी भवन, तुलसी उद्यान, भजन संध्या स्थल, लक्ष्मण किला आदि स्थानों पर इसका प्रसारण किया जा रहा है।

## सात स्थानों पर हो रहा रामायण धारावाहिक का विशेष प्रसारण

अयोध्या में विकास कार्यों को गति देने में जुटे श्रमिक अपने दिन भर का कार्य पूरा करके जब घर लौटते हैं तो रास्ते में वह इस प्रसारण को देखकर नई ऊर्जा से भर उठते हैं





### सर्द रातों में भी सिर चढ़कर बोल रही आस्था

उत्तर प्रदेश के सूचना व जनसंपर्क विभाग की तरफ से रामायण का प्रसारण किया जा रहा है। लोगों की आस्था सर्द रात में भी सिर चढ़कर बोल रही है। खास बात यह है कि खुले आसमान के नीचे कड़ाके की सर्दी के बीच भी जब रामायण के प्रसिद्ध प्रसंगों का प्रसारण होता है एक बार चलती सड़क पर जनमानस भी ठिठक जाता है और वह प्रसंग देखकर भाव-विह्वल हो जाते हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत अयोध्या में विकास कार्यों को गति देने में जुटे श्रमिक अपने दिन भर का कार्य पूरा करके जब घर लौटते हैं तो रास्ते में वह इस प्रसारण को देखकर नई ऊर्जा से भर उठते हैं और अगले दिन नई उमंग से राम कार्य को पूर्ण करने के लिए काम पर चल देते हैं। रामानंद सागर कृत रामायण के भक्तिगीत व भजन भी रामनगरी में जमकर गूंज रहे हैं। रवींद्र जैन के सुमधुर आवाज में निरंतर 'रामभक्त ले चला रहे राम की निशानी', 'राम कहानी-सुनो रे राम कहानी', 'मंगल भवन अमंगल हारी', 'रामायण चौपाई', 'हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की' समेत अनेक भजन यहां के प्रमुख चौक-चौराहों पर सुनने को मिल रहे हैं।

# 12 मिनट 41 सेकंड की शॉर्ट फिल्म में दिखाया 500 साल के संघर्ष को

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यह सर्वविदित है कि रामलला को लेकर असत्य पर सत्य की जीत और भारतवर्ष में धर्म की स्थापना के लिए करीब 500 साल का संघर्ष हुआ।

ऐसे ही 500 साल के संघर्ष की गाथा को एक शॉर्ट फिल्म में दर्शाया जाएगा। करीब 12 मिनट 41 सेकंड की इस शॉर्ट फिल्म में रामलला की कहानी को बड़े ही खूबसूरती से दर्शाया गया है। यह फिल्म मशहूर टीवी सीरियल चाणक्य के डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने बनाई है। जिसका नाम 'श्रीराम जन्मभूमि की विजयगाथा' है।

**'श्रीराम जन्मभूमि की विजयगाथा' को एक दिन में मिले 47 लाख व्यूज**

### किन परिस्थितियों में हो पाया राम मंदिर निर्माण

डॉ. द्विवेदी ने फिल्म में 1528 ई. से लेकर आज तक की कहानी को दिखाया कि कैसे बाबर के सेनापति ने राममंदिर को ध्वस्त किया था, राजाओं व आम लोगों ने राममंदिर की लड़ाई कैसे और किन संकटों के बीच लड़ी और अंत में राम मंदिर का बनना कैसे संभव हो पा रहा है। फिल्म में डॉ. द्विवेदी ने स्वयं आवाज दी है। लघु फिल्म में 1947 के बाद आजाद भारत में अयोध्या के राम मंदिर को लेकर महसूस किए गए श्रद्धा के उफान को दर्शाया गया है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

पाठकों के लिए
# पाठक पुरस्कार योजना-2023

## कूपन फार्मेट

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |

**नोट : फार्मेट जमा करने की अंतिम तिथि - 5 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक अपने जिला कार्यालय - संवाददाता एवं हरिभूमि कार्यालय में जमा कर सकते है।**

**नियम एवं शर्तें :-** * हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। * बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। * इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 24 कूपन (16 सामान्य कूपन एवं 8 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। * योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। * फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होगे। * राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। * पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। * हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। * किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। * चित्र में दर्शाए गये उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। * हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

**आवश्यक नोट : फार्मेट के साथ आधार कार्ड या पहचान पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।**

### कार्यालय प्रति

नाम : ........................................ पिता/पति का नाम : ........................................ पता : ........................................

मोबाईल : ........................ एजेंसी का नाम : ............................................................ दिनांक ................

### ग्राहक प्रति

नाम : ........................................ पिता/पति का नाम : ........................................ पता : ........................................

मोबाईल : ........................ एजेंसी का नाम : ............................................................ दिनांक ................

# विकास होगा निरंतर
## विंध्य को बनायेंगे और बेहतर



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री




डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# डॉ. मोहन यादव
## मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश द्वारा

# ₹ 320 करोड़ लागत के
# विकास कार्यों का
# भूमिपूजन एवं लोकार्पण
तथा
# हितग्राहियों को हितलाभ वितरण
एवं
# रीवा संभागीय समीक्षा बैठक

**5 जनवरी, 2024 । दोपहर 12:00 बजे । एनसीसी ग्राउंड, रीवा**



भारत की पहली एक्वाडक्ट 'रीवा-सीधी 6 लेन टनल'

"हमारा विंध्य क्षेत्र प्रदेश की शान है, इसका सतत विकास हमारी प्राथमिकताओं में से एक है। शीघ्र ही विंध्य विकास बोर्ड की स्थापना की जायेगी। हम मिलकर विंध्य में विकास के नए कार्य करेंगे। इस क्षेत्र की बेहतरी प्रदेश के विकास को अधिक गति प्रदान करेगी।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

D-11163/23

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

## मध्यप्रदेश शासन

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

सुबह **5.59** बजे लगी आग

**6.20** बजे काबू

**7** दमकल की गाड़ियों ने बुझाई आग



# दिल्ली एम्स में आग

# ऑफिस और दस्तावेज खाक, कोई हताहत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एम्स दिल्ली के टीचिंग ब्लॉक में गुरुवार तड़के भयानक आग लग गई है। दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के साथ आग पर काबू पा लिया है। बताया जा रहा है कि एम्स डायरेक्टर का ऑफिस भी आग की चपेट में आ गया था। दमकल की 7 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। दिल्ली दमकल विभाग ने बताया कि एम्स दिल्ली के टीचिंग ब्लॉक में आग लग गई थी। इस आग के कारण टीचिंग ब्लॉक में फर्नीचर और ऑफिस दस्तावेज जलकर खाक हो गए। हालांकि अच्छी बात ये रही है कि इस आग के कारण कोई हताहत नहीं हुआ।

**निदेशक कार्यालय के अंदर सब कुछ जल गया**

दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 5.59 बजे एक कॉल आई। 7 दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। सुबह 6 बजकर 20 मिनट तक आग पर काबू पा लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने बताया, आग अस्पताल की दूसरी मंजिल पर शिक्षण ब्लॉक में निदेशक कार्यालय के अंदर लगी थी। डीएफएस के एक अधिकारी ने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, हालांकि कुछ फाइलें, कार्यालय रिकॉर्ड, एक रेफ्रिजरेटर और कार्यालय फर्नीचर आग में जल गए।

### पिछले साल ओपीडी ब्लॉक में लगी थी आग

पिछले वर्ष भी पुराने ओपीडी ब्लॉक के दूसरी मंजिल पर आग लगी थी, जिसके कारण इमरजेंसी सेवाएं करीब 24 घंटे प्रभावित रही थीं। इसके अलावा कुछ वर्ष पहले एम्स के एकेडमिक ब्लॉक पर भी भयंकर आग लगने से माइक्रोबायोलाजी की लैब भी जल गई थी।

## खबर संक्षेप

### 26 हजार कर्मियों को मिलेगी ओल्ड पेंशन



**मुंबई।** महाराष्ट्र कैबिनेट ने गुरुवार को एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जो नवंबर 2005 के बाद सेवा में शामिल होने वाले राज्य सरकार के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ उठाने का विकल्प प्रदान करता है। कैबिनेट का यह फैसला सरकारी और अर्ध-सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल पर चले जाने के बाद आया। इनकी मांग थी ओपीएस की बहाली हो। इस पर कर्मियों ने खुशी जाहिर की है।

### रुख साफ, वायनाड सीट से ही लड़ेंगे राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों की चर्चा के बीच आखिर सवाल है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहां से चुनाव लड़ेंगे? इस बीच सूत्रों ने बताया कि वायनाड सीट से फिर राहुल गांधी चुनावी मैदान में उतरेंगे। विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल सीपीआई ने राहुल से वायनाड सीट छोड़ने को कहा था। इसके पहले सीपीआई का कहना था कि वायनाड सीट लेफ्ट के लिए छोड़ दी जाए।

### डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे मोदी व शाह



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी देश भर के टॉप पुलिस अधिकारियों से मिलने वाले हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित होने वाली डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में वह लगातार तीन दिनों तक शिरकत करेंगे। कॉन्फ्रेंस 5 जनवरी से शुरू होकर 7 जनवरी तक चलेगी। जयपुर में इस कॉन्फ्रेंस में 28 राज्यों की पुलिस के डीजी-आईजी स्तर के शीर्ष अधिकारी भाग लेंगे।

### मोइत्रा को सरकारी घर खाली करने का नोटिस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में संसद से निष्कासित करने के आदेश पर रोक लगाने और फरवरी में सुनवाई करने की अपील को ठुकराए जाने के बाद अब टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा को दिल्ली हाईकोर्ट से भी निराशा ही हाथ लगी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सरकारी घर को खाली करने के लिए नोटिस के खिलाफ मामले में एस्टेट निदेशालय से संपर्क करना चाहिए।

---

केजरीवाल और भाजपा में एक-दूसरे पर आरोपों की बौछार

# मैं भ्रष्ट तो पैसे कहां गए : केजरीवाल
# ईमानदार हैं तो भाग क्यों रहे: भाजपा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



*आप की सफाई - अभी तक एक भी पैसे का हेरफेर कहीं नहीं मिला*

आबकारी नीति मामले में ईडी के 3समन के बाद भी जांच एजेंसी के सामने पेश न होने के बाद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि शराब घोटाला, पिछले दो साल ये शब्द आपने कई बार सुना होगा। 2 साल की भाजपा की सारी एजेंसियां कई रेड मार चुकी हैं, कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी हैं लेकिन अभी तक एक भी पैसे का हेरफेर कहीं नहीं मिला। अगर भ्रष्टाचार वाकई हुआ है तो इतने पैसे आखिरी गए कहां?

### मेरी सबसे बड़ी संपति मेरी ईमानदारी

शराब पुलिस मामले में ईडी के समन पर केजरीवाल ने कहा कि सच्चाई यह है कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ था। भाजपा मुझे गिरफ्तार करना चाहती है। मेरी सबसे बड़ी संपत्ति मेरी ईमानदारी है और वे इसमें सेंध लगाना चाहते हैं। न्होंने कहा कि मेरे वकीलों ने बताया है मुझे लगता है कि मुझे भेजे गए समन अवैध हैं। वे जांच के बहाने मुझे बुलाना चाहते हैं और फिर मुझे गिरफ्तार करना चाहते हैं।

### समन को बताया गैर कानूनी

सीएम ने कहा कि झूठे आरोप लगाकर फर्जी समन भेजकर ये मुझे बदनाम करना चाहते हैं। मेरी ईमानदारी पर चोट करना चाहते हैं। इन्होंने मुझे समन भेजे हैं। मेरे वकीलों ने मुझे बताया कि ये समन गैर कानूनी हैं, क्यों गैर कानूनी हैं, ये मैंने इन्हें विस्तार से लिखकर भेजा है। उन्होंने जवाब नहीं दिया। अगर कानूनी रूप से सही समन आएगा तो मैं पूरा सहयोग करूंगा।

### भाजपा का मकसद मुझे रोकना

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा का मकसद जांच करना नहीं है। इनका मकसद तो लोकसभा चुनाव में मुझे प्रचार करने से रोकना है। ठीक लोकसभा चुनाव से पहले इन्होंने मुझे समन क्यों भेजा। इस जांच के चलते दो साल हो गए। लोकसभा चुनाव से पहले मुझे क्यों बुलाया जा रहा है?

### केजरीवाल पर अनुराग का हमला

#### केजरीवाल बेईमान साबित हो रहे



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने केजरीवाल पर हमला बोला और कहा, केजरीवाल पहले ईमानदारी की बातें करते थे। आप के उपमुख्यमंत्री और सांसद जेल में हैं। भ्रष्टाचार के नए-नए केस सामने आ रहे हैं। केजरीवाल भी भ्रष्टाचार में शामिल हैं। वे बेईमान हैं।

### भाजपा प्रवक्ता सुधांशु का निशाना

#### समन से भाग रहे, सीसीटीवी का जाल दिखाइए



भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने केजरीवाल पर कहा कि दिल्ली में जिस तरह से लोगों का इलाज हो रहा है। वह सिर्फ लोगों के साथ धोखा है। केजरीवाल ने कहा कि था कि हमारी सरकार बनेगी तो हम दिल्ली में सीसीटीवी का जाल बिछा देंगे,कहां हैं जाल?

### मंत्री भारद्वाज और आतिशी का दावा

#### ईडी गिरफ्तार करने वाली है...



दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि सुनने में आ रहा है गुरुवार को केजरीवाल के घर ईडी पहुंच कर उन्हें गिरफ़्तार करने वाली है। मंत्री आतिशी ने कहा कि खबरें हैं कि ईडी सुबह अरविंद केजरीवाल के आवास पर छापेमारी करने जा रही है।

दिल्ली के एलजी ने दिए आदेश

### मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी टेस्ट की जांच सीबीआई को सौंपी



दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी टेस्ट के मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। एलजी कार्यालय के मुताबिक दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी मरीजों के नाम पर पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी टेस्ट किए गए हैं। इससे पहले एलजी ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में कुछ जीवन रक्षक दवाओं सहित गैर-मानक दवाओं की खरीद और आपूर्ति की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी।

#### वाह...240 मिनट में 533 मरीज देख लिए?

मोहल्ला क्लीनिक के अंदर जांच की व्यवस्था की गई थी। इस प्रकार के तथ्य सामने आए हैं कि एक दिन में 500 मरीज देखे गए हैं जबकि समय सुबह 9 बजे से 1 बजे तक है। 240 मिनट में किसी ने अगर 533 मरीज देख लिए,इसका मतलब आधे मिनट में एक मरीज देखा गया है। इतने में तो आदमी मंदिर में दर्शन नहीं कर पाता है।



अध्यक्ष खरगे ने कांग्रेस नेताओं को दिया 24 में जीत का फॉर्मूला!

# मतभेदों में न उलझें, एक दूसरे की आलोचना न करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में अब कम ही समय रह गया है। चुनाव से पहले सभी दल अपनी-अपनी तैयारियों में व्यस्त हैं। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं में जोश भरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को कांग्रेस नेताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए अगले तीन महीने तक खुद को पार्टी के लिए समर्पित कर दें।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जीत का फॉर्मूला बताते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए मतभेदों में न उलझें, एक-दूसरे की आलोचना करने से बचें और मीडिया में पार्टी के अंदरूनी मुद्दे न उठाएं। उन्होंने कहा कि दिन-रात काम कर हम लोकसभा चुनाव के बाद एक वैकल्पिक सरकार प्रदान करने में सफल होंगे।

### एनडीए केवल नाम के लिए रह गया...

इस दौरान इंडिया गठबंधन में अपने साथी दलों की ताकत पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में ऐसी पार्टियां हैं, जिनके पास मजबूत कार्यकर्ता आधार और विचारधारा है जबकि एनडीए सिर्फ नाम के लिए रह गया है। भाजपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिछले 10 वर्षों की अपनी सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए भावनात्मक मुद्दों को उठा रही है।

---

*जिसने की थी मिमिक्री उस पर उपराष्ट्रपति का ऐसा 'दिल'*

# बर्थडे पर धनखड़ ने कल्याण को दी बधाई व डिनर पर भी बुलाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बड़ा दिल दिखाते हुए अपनी मिमिक्री करने वाले तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बेनर्जी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और परिवार के साथ डिनर पर बुलाया है। कल्याण ने एक्स पर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि धनखड़ ने उन्हें और उनकी पत्नी को दिल्ली में अपने आवास पर रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया है। बेनर्जी ने लिखा कि 'मेरे जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाओं के लिए मैं उपराष्ट्रपति को धन्यवाद देता हूं। मैं इस बात से अभिभूत हूं कि उन्होंने निजी रूप से मेरी पत्नी से टेलीफोन पर बातचीत की।



### मैं तो हजार बार करूंगा मिमिक्री, ये मेरा अधिकार

इससे कुछ दिन पहले टीएमसी नेता ने राज्यसभा के सभापति की मिमिक्री करके विवाद खड़ा कर दिया था। उस वक्त कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद परिसर के मकर द्वार पर संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान निलंबित सांसदों के विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने फोन पर इसको रिकॉर्ड किया था. उस समय टीएमसी सांसद बेनर्जी ने धनखड़ की मिमिक्री को कला का एक रूप करार दिया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह हजारों बार ऐसा करना जारी रखेंगे और उनके पास ऐसा करने का मौलिक अधिकार है।

ज्ञानवापी मामले की सुनवाई

### एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपें? आज होगा फैसला



**वाराणसी।** वाराणसी की जिला अदालत ज्ञानवापी मस्जिद की एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपने के मामले में अब शुक्रवार को फैसला सुनाएगी। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव नेगुरुवार को बताया कि जिला न्यायाधीश एके विश्वेश महामना मदन मोहन मालवीय के जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। उन्होंने बताया कि साथ ही कचहरी परिसर में एक वकील के निधन पर शोक मनाने की वजह से भी अदालत की कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी, लिहाजा आदेश के लिए 5 जनवरी की तारीख तय की है।

### 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में सीतारमण




**चेन्नई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान अन्य लोगों के साथ।

---

भगवान राम पर विवादित टिप्पणी को लेकर बरपा हंगामा तो आए बैक फुट पर

# आव्हाड ने दी सफाई और बयान पर जताया खेद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कर्नाटक के बाद महाराष्ट्र में भगवान राम के नाम पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। गुरुवार को भगवान राम को मांसाहारी बताए जाने पर गुस्सा भड़क उठा। बढ़ते विवाद को देखते हुए शरद पवार वाली एनसीपी के नेता डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने सफाई पेश की है। उन्होंने कहा कि उनका किसी की भावनाओं को आहत पहुंचाने का मकसद नहीं था।

जितेंद्र आव्हाड ने कहा, 'आज रामायण पढ़ लिजिए कि क्या लिखा है, आपको साफ हो जाएगा। लेकिन किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं खेद व्यक्त करता हूं। मैं किसी की भावनाओं को आहत नहीं करना चाहता था। लड़कियां उठाने वाले का नाम भी राम हैं और वो मेरे पर इल्जाम लगा रहे हैं।

### इस पर था विवाद-राम क्षत्रिय थे और खाते थे मांस

#### भावना पर ही बात करेंगे



उन्होंने कहा कि 22 तारीख तक किसी लॉजिक पर बात नहीं होगी, भावना पर ही बात होगी। इसलिए मैं खेद व्यक्त करता हूं। उन्होंने अपने खिलाफ शिकायत दर्ज होने पर कहा कि वह किसी भी एफआईआर से नहीं डरते हैं।

#### भाजपा ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत



भगवान राम को 'मांसाहारी' बताने वाले बयान को लेकर एनसीपी-शरद पवार गुट के नेता जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ भाजपा ने सख्त रुख अपना लिया है। भाजपा नेता राम कदम ने एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायत दर्ज करा दी है।

### उधर, हाजी मलंग दरगाह, मंदिर होने का दावा

#### *शिंदे बोले-जल्द मुक्त कराएंगे*



महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कुछ दिनों पहले ही कहा था कि वे जल्द ही सदियों पुरानी हाजी मलंग दरगाह को मुक्त कराएंगे। दक्षिणपंथी समूह यह दावा करते हैं कि यह दरगाह असल में मंदिर है। जो समुद्र तल से 3000 फीट ऊपर माथेरान की पहाड़ियों पर मलंगगढ़ किले के पास है। यह दरगाह यमन के 12वीं शताब्दी के सूफी संत हाजी अब्द-उल-रहमान की है। आस-पास रहने वाले लोग इस दरगाह को हाजी मलंग बाबा के नाम से जानते हैं।

आंध्र के सीएम की बहन शर्मिला कांग्रेस में शामिल

# 'पार्टी' के विलय पर जताई खुशी, जिम्मेदारी निभाऊंगी

एजेंसी ▶▶ अमरावती

आंध्र प्रदेश के सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला कांग्रेस में शामिल हो गईं। वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की संस्थापक शर्मिला दिल्ली में मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की मौजूदगी में शामिल हुईं। शर्मिला ने कहा, वाईएसआर तेलंगाना पार्टी का कांग्रेस पार्टी में विलय करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। कांग्रेस पार्टी अभी भी हमारे देश की सबसे बड़ी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है।




### राहुल पीएम बनें

शर्मिला ने कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी वह उसे निभाएंगी। कांग्रेस अडिग तरीके से सभी समुदायों की सेवा करती है और सभी वर्गों के लोगों को एकजुट करती है। शर्मिला ने कहा कि राहुल गांधी को पीएम के रूप में देखना उनके पिता का सपना था और उन्हें इसमें योगदान देकर खुशी होगी।

## चुनाव से पहले किया था वादा

# अब क्यों नहीं मिल रहा 450 में गैस सिलेंडर...?

**विधानसभा चुनाव से ठीक पहले लाड़ली बहनों के खाते में गैस सिलेंडर की सब्सिडी मिली थी। तब से अब तक सब्सिडी की राशि का इंतजार हो रहा है, लेकिन सब्सिडी नहीं आई। इससे लाड़लियों में नाराजगी बढ़ रही है।**



जबलपुर

लाड़ली बहनों को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था। इस योजना की शुरुआत राज्य स्तर पर 15 सितंबर को हुई थी। चुनाव के दौरान भाजपा ने इसे अपने संकल्प पत्र में भी शामिल किया था। सब्सिडी की राशि आचार संहिता लगने से पहले 6 अक्टूबर को तो डली, लेकिन इसके बाद सब्सिडी की राशि लाड़लियों के खाते में नहीं आई है। इसका मतलब ये है कि लाड़ली बहनों को जो गैस सिलेंडर 450 रुपए में मिलना था वह नहीं मिल रहा है।

### ये थी लाभ लेने की शर्त

योजना की शुरुआत में प्रदेश सरकार ने शर्त रखी थी कि जिन भी महिला का लाड़ली बहना योजना में नाम है, उनके नाम पर गैस कनेक्शन है तो उस महिला को हर माह 450 रुपए माह में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। यदि गैस कनेक्शन उसके पति के नाम पर है तो उसे महिला के नाम पर कराना होगा। तब इस योजना का लाभ मिलेगा, जिसके बाद गैस एजेंसियों पर लाड़ली बहनों की लंबी -लंबी लाइन लग गई थी। लाड़ली बहनों को गैस सब्सिडी का लाभ दिलाने के लिए नगरपालिका ने भी वार्डों में शिविर लगाकर फार्म भरवाए थे।

### आधी से अधिक महिलाएं

जिले में हजारो से अधिक लाड़ली बहना है। इनमें अधिकांश महिलाओं के नाम से ही कनेक्शन है। लाड़ली बहनाओं ने 450 रूपए में गैस सिलेंडर मिले इसलिए योजना का लाभ लेने फार्म भरा था। जिसका आंकड़ा अफसरो के पास भी सही से मौजूद नहीं है। जब इस योजना को लेकर लाड़लियों से बात की तो उनका कहना था कि जब योजना की शुरूआत हुई, बस तब एक बार ही सब्सिडी की राशि खाते में आई है। उसके बाद से पुनः रिफलिंग कराने में सब्सिडी नहीं मिली है। सिलेंडर के लिए पूरे 930 रुपए देना पड़ रहे हैं। पूर्व में जो सब्सिडी 6 रुपए प्रति सिलेंडर मिलती थी वह मिली है।

### उज्जवला को भी महंगा मिल रहा सिलेंडर

लाड़ली बहनाओं के साथ ही उज्जवला योजना की हितग्राही महिलाओं को भी सस्ते सिलेंडर का लाभ दिया जाना था। इन महिलाओं को केंद्र सरकार से मिलने वाली 300 रुपए की सब्सिडी तो मिल रह हैं, लेकिन राज्य सरकार से मिलने वाली सब्सिडी की राशि नहीं मिलने से उन्हें भी महंगे में सिलेंडर खरीदना पड़ रहा है। उज्जवला महिला हितग्राहियों को 630 रुपए में सिलेंडर मिल रहा है। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि प्रशासन स्तर पर पता करे की गैस सब्सिडी की राशि खाते में क्यों नहीं आ रही है।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का प्रथम नगर आगमन आज



जबलपुर।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद जीतू पटवारी आज सुबह जबलपुर पहुंच रहे हैं। जिनके प्रथम नगर आगमन को लेकर कांग्रेsस जनों में उत्साह है। तय कार्यक्रम के अनुसार श्री पटवारी सुबह 8.30 इंदौर से जबलपुर वायूयान द्वारा पहुंचेंगे। यहां से वे ब्यौहार हार बाग स्थित पूर्व विधायक विनय सक्सेना के निवास पहुंचेंगे। यहां वे कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। जिसके फौरन बाद वे सड़क मार्ग से सतना के लिये रवाना हो जाएंगे। जहां वे पिछड़ा वर्ग महासंकल्प रैली में शामिल होंगे। श्री पटवारी के प्रथम नगर आगमन को देखते हुये कांग्रेस जनों में उत्साह देखा जा रहा है। आधिकारिक कार्यक्रम नहीं है, लेकिन माना जा रहा है डुमना श्री पटवारी को लेके गाड़ियों और कार्यकर्ताओं का हुजूम पहुंचेंगा। यहां से अघोषित रैली की शक्ल में ब्हौरबाग तक आएंगे। वहीं सतना रवाना होने पर भी गाड़ियों का विशाल कारवां उन्हें जिले की सीमा तक छोड़ने जाएगा। वहीं चूंकी श्री पटवारी सड़क मार्ग से सतना जा रहे हैं। जिसके चलते जबलपुर से लेकर सतना तक दर्जनों स्थानों पर उनके स्वागत की तैयारी की गई है।

# मंत्री राकेश सिंह ने लोक निर्माण विभाग का कार्यभार संभाला

जबलपुर।

प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री और जबलपुर पश्चिम विधायक राकेश सिंह ने जबलपुर में बुधवार को आयोजित पहली केबिनेट मीटिंग अटैंड करने के बाद मुख्यमंत्री के साथ भोपाल रवाना हुये। रात में ही उन्होंने पूजन अर्चन कर भोपाल में शुभ मुहूर्त में अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों से उन्होंने परिचय प्राप्त किया। मीडिया से चर्चा के दौरान राकेश सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गतिमान भारत बनाने के लिये मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव ने जो भी संकल्प लिये हैं। उन्हें पूरा करने हम सब पूरी ताकत के साथ काम करेंगे। उन्होंने



कहा कि लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश में तेजी से विकास कार्यें में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करेगा। उन्होंने कहा यह अकेले संभव नहीं है विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियों के सहयोग से प्रदेश के विकास को विकास की ऊंचाईयों पर ले जाएंगे। उन्होंने मीडिया से भी विकास में सकरात्मक सहयोग की अपील की।

## शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाने पर फोकस

**जबलपुर।** शहर की सफाई व्यवस्था में अमूलचूल परिवर्तन लाने तथा प्रशासनिक व्यवस्था में कसावट लाने के उद्देश्य से भी निगमायुक्त प्रीति यादव द्वारा शहर के वार्डे का भ्रमण किया और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निगमायुक्त सुबह-सुबह संभाग क्रमांक 6 दमोहनाका, 7 अधारताल, एवं 14 विजय नगर के वार्डे का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया जहाँ पर सफाई संतोषजनक नहीं पाये जाने पर संभग क्रमांक 6 एवं 14 के 4 जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए निगमायुक्त यादव ने हिदायत दी है कि स्वच्छता के कार्ये में किसी प्रकार की कोई कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने नगर निगम के सभी संभागीय अधिकारियों एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को कड़े निर्देश जारी किये हैं कि सभी लोग वार्डे का भ्रमण करें और सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अन्य सभी कार्ये में पारदर्शिता लाऐं। निरीक्षण के मौके पर संभाग क्रमांक 7 के संभागीय अधिकारी सुरेन्द्र मिश्रा, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक विष्णुकांत दुबे आदि भी उपस्थित रहे।सुबह के समय निरीक्षण के उपरांत दोपहर में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं स्वच्छता सेल के अधिकारियों की बैठक कर कार्ये की समीक्षा भी निगमायुक्त प्रीति यादव द्वारा की गयी। समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने आवासीय योजनाओं की जानकारी ली और इसमें प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इसके अलावा स्वच्छता के क्षेत्रों में हो रहे कार्ये की भी निगमायुक्त द्वारा समीक्षा की गयी तथा स्वच्छता के सभी मापदण्डों पर बिन्दुवार अधिकारियों से चर्चा कर स्वच्छता मापदण्डों के अनुरूप ही शहर में कार्य कराये जाने के निर्देश दिये।निगमायुक्त ने समीक्षा बैठक के अंत में दोनो विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्ये में व्यापक रूप से तेजी लाऐं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि उपरोक्त कार्ये की नियमित रूप से समीक्षा की जायेगी।

# सुमन हटाए गए, दीपक सक्सेना होंगे नए कलेक्टर

## जबलपुर में कैबिनेट के बाद बड़ा फेरबदल

**जबलपुर।** बुधवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संभागीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर जबलपुर सौरभ कुमार सुमन की तारीफ की और गुरुवार को उनके तबादले का आदेश जारी कर दिया गया। अब 2010 बैच के दीपक सक्सेना को जबलपुर का कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं जबलपुर में रहे 2011 बैच के सौरभ सुमन को मंत्रालय में पदस्थ किया गया है। दीपक सक्सेना वर्तमान में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में संचालक का पद के अलावा प्रबंध संचालक मप्र राज्य भंडार गृह निगम भोपाल का अतिरिक्त प्रभार था। प्रशासनिक हल्कों में यह चर्चा सरगर्म रही कि जबलपुर में धान उपार्जन में चल रही गड़बड़ियों को मामला प्रकाश में आने के बाद श्री सक्सेना ने सख्त एक्शन लेते हुए धान उपार्जन से



जुड़े 7 अधिकारियों को निलंबित करने और 35 वेयरहाउस को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की थी उसके बाद वह चर्चा में आए थे। गत दिवस जबलपुर में हुई कैबिनेट की बैठक के दौरान भी वे मौजूद रहे और मंत्री परिषद के समक्ष जबलपुर में धान उपार्जन की गड़बड़ियें व कमजोरियों को रखा था। कहा यह भी जा रहा है तबादला और पदस्थापना दोनों धान उपार्जन में गड़बड़ियों से जुड़ा है। यहां यह भी बता दें कि भाजपा के पितृ संगठन से जुड़े भारतीय किसान संघ द्वारा धान उपार्जन के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया गया था भारतीय किसान संघ ने सीधे तौर पर कलेक्टर को निशाने पर लिया था। एक कारण यह भी बताया जा रहा है।

## 22 जनवरी को शहर के सभी मंदिर सजेंगे

**जबलपुर।** 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार को भगवान श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या के नवनिर्मित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा संबंधी आयोजन का नगर निगम के सभी वार्डे में एल.ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण कराने के साथ-साथ संस्कारधानी के सभी मंदिरों में विद्युत साज-सज्जा की व्यवस्था कराने की पहल नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज ने की है। इसे लिए उन्होंने निगम प्रशासन को पत्र लिखकर कहा है कि भगवान श्रीराम जी की पावन जन्म भूमि आयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीरामलला की प्राणप्रतिष्ठा का भव्य आयोजन देश के सभी पूज्य एवं संतगणों की गरिमामय उपस्थित एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन पुनीत अवसर और भगवान श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सबको दर्शन कराये जाने के उद्देश्य से नगर निगम के सभी वार्डे में एल.ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण किया जाना है, इसके साथ-साथ संस्कारधानी के सभी मंदिरों में विद्युत साज-सज्जा आदि की भी व्यवस्था कराये जाने प्रशासन को व्यवस्था प्रदान करने संबंधी पत्र लिख है।

## आदेश के अनुपालन में विलंब पर मंजूर की गई बेशर्त माफी

# हाई कोर्ट ने सीएमएचओ सहित अन्य के विरुद्ध अवमानना कार्रवाई समाप्त की

### अवमानना याचिकाकर्ता निरस्तगी आदेश को नियमानुसार चुनौती के लिए किया गया स्वतंत्र

जबलपुर।

हाई कोर्ट ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जबलपुर डा.संजय मिश्रा सहित अन्य के विरुद्ध अवमानना कार्रवाई समाप्त कर दी। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने अपने पूर्व आदेश के अनुपालन में विलंब को लेकर मांगी गई बेशर्त माफी मंजूर करते हुए यह कदम उठाया। यही नहीं अवमानना याचिकाकर्ता को निरस्तगी आदेश को नियमानुसार चुनौती के लिए किया भी स्वतंत्र कर दिया गया है। मामला संस्कारधानी अस्पताल, करमेता, जबलपुर के पंजीयन आवेदन के नवीनीकरण से संबंधित था।

अवमानना याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विनोद अग्निहोत्री की ओर से दलील दी गई कि याचिका पर हाई कोर्ट ने 27 अक्टूबर, 2023 को जो आदेश पारित



किया था, उसके पालन में विलंब किया गया है। दरअसल, हाई कोर्ट ने सीएमएचओ डा. मिश्रा को संस्कारधानी अस्पताल के पंजीयन नवीनीकरण मामले में 30 दिन के भीतर उचित आदेश पारित करने के निर्देश दिए थे। इस लिहाज से नौ दिसंबर तक निर्णय लेना था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। ऐसे में अवहेलना को गंभीरता से लेकर अवमानना कार्रवाई की जाए। उक्त तर्क सुनने के बाद राज्य शासन की ओर से उप महाधिवक्ता ब्रह्मदत्त सिंह ने हाई कोर्ट को अवगत कराया कि सीएमएचओ ने 22 दिसंबर, 2023 को पारित आदेश के जरिए संस्कारधानी अस्पताल का पंजीयन नवीनीकरण आवेदन निरस्त कर दिया है और आदेश तिथि से नए मरीज भर्ती न करने के निर्देश जारी कर दिए। ऐसा इसलिए क्योंकि अस्पताल के पास नगर निगम से जारी भवन अनुज्ञा, वैध कार्यपूर्णता प्रमाणपत्र व भवन के खसरे में पार्किंग, एमओएस व अग्नि सुरक्षा हेतु वैकल्पिक निकास द्वार की व्यवस्था नहीं पाई गई थी। यह जानकारी देने के साथ ही उप महाधिवक्ता सिंह ने 30 दिन की निर्धारित समयावधि के भीतर यह कदम न उठाए जाने को लेकर बेशर्त मांगी दिए जाने पर बल दिया। हाई कोर्ट ने यह निवेदन मंजूर करते हुए सीएमएचओ को अवमानना कार्रवाई से निजात दे दी।

# नानी के घर से लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, 2 घायल

जबलपुर।

बरगी नगर पुलिस चौकी अंतर्गत समाधि रोड के पास देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। बताया गया है कि मृतक जन्मदिन के



दिन नानी के घर गया था जहां से लौटते समय रास्ते में देर रात यह हादसा हो गया। मृतक के दो अन्य साथी भी इस हादसे में घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बरगी नगर चौकी प्रभारी के मुताबिक गढ़ा निवासी 22 वर्षीय अंकित रजक अपने 2 दोस्तों के साथ बाइक से नानी के घर बरगी गया हुआ था। रात के वक्त जब वह समाधि रोड से होते हुए घर वापस जा रहा था। तभी रास्ते में उनकी एक अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में अंकित को गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्होंने राहगीरो की मदद से उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज भिजवाया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है।

## पिकअप वाहन की टक्कर से 3 घायल

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत ग्राम बारहा ग्रीनलैंड नर्सरी के पास एक लोडिंग पिकअप वाहन ने एक बाईक को और एक साईकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीन युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बरेला चौकी गौर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बारहा निवासी 30 वर्षीय संतोष मरावी गत शाम लगभग 7.30 बजे अपने बड़े भाई दशरथ मरावी के साथ अपनी अपनी साईकिल से काम करके घर आ रहे थे। जैसे ही ग्राम बारहा ग्रीनलैंड नर्सरी के पास पहुंचे तभी बरगी तरफ से एक लोडिंग पिकअप क्रमांक एमपी 20 एलए 2092 के चालक ने बाईक सवार मोह.फैज शाह, और मोह.अलमान की बाईक में टक्कर मारते हुए दशरथ मरावी की साईकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दशरथ, मोह.फैज और मोह.शाह तीनों के सिर, हाथ, पैर व शरीर में चोटें आ गई। संतोष ने तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी लोडिंग पिकअप वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।


## हवाला कारोबार में करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने वाले कालू-पंचू हुए अंडर ग्राउंड

# दो दिन रूक कर खाली हाथ लौट गई लुधियाना पुलिस!

**जबलपुर।** हवाला कारोबार के दौरान हुए करोड़ो के फर्जीवाड़े को लेकर लुधियाना पुलिस शहर पहुंची जहां दो दिन रूकने के बाद वापस खाली हाथ लौट गई। बताया जाता हैं कि लुधियाना पुलिस की टीम ने लार्डगंज थाना अंतर्गत सिटी कॉफी हाउस के सामने स्थित कालू-पंचू गोस्वामी के घर पर दबिश दी। हालांकि दोनों घर पर नहीं मिले जिसके बाद दो दिन तक शहर में डेरा डाले टीम उनकी खोजबीन करती रही और फिर वापस बैरंग लौट गई। बाहरी पुलिस की टीम की एकाएक दबिश से क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्मा गया है।

### हवाला कारोबार से जुड़े दोनों भाई

गौरतलब हैं कि हवाला कारोबार में कालू-पंचू गोस्वामी दोनों चर्चित चेहरे है। लंबे समय से दोनों इस कार्य को अंजाम देते आ रहे है। जिसकी जानकारी क्षेत्रीय पुलिस से लेकर क्राइम ब्रांच के धुरंधरों को भी है। हालांकि पूर्व में तत्कालीन पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा की स्पेशल टीम ने लाखों रूपयों के साथ पंचू



को दबोचने में सफलता अर्जित की थी।

### कारोबारियों में दहशत का माहौल

कालू-पंचू को तलाशने शहर धमकी लुधियाना पुलिस की जानकारी लगते ही हवाला कारोबारियों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। वहीं दोनों भी अंडर ग्राउंड हो गए है। सूत्रों के मुताबिक बताया जाता हैं कि दोनों ने लुधियाना में करोड़ो रूपयों का फर्जीवाड़ा किया है जिसमें दोनों को नामजद आरोपी बनाया गया है।

# छात्रवृत्ति के सभी पोर्टल अति शीघ्र प्रारंभ करें प्रदेश सरकारः अभाविप

**जबलपुर।** प्रदेश के डेढ़ लाख से अधिक विद्यार्थी आज छात्रवृत्ति संबधी विभिन्न प्रकार की योजनाएं बंद होने के कारण प्रभावित हो रहें है । विगत 6 माह से छात्रवृति का पोर्टल ठप होने के कारण इस वर्ष प्रवेश लेने विद्यार्थियों को पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति,आवास, गाँव की बेटी योजना,प्रतिभा किरण योजना का लाभ नही मिल रहा है आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का विद्यार्थी जो छात्रवृत्ति संबधित योजनाओं के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश लेते है अब उन विद्यार्थियों को आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है । अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री कु.शालिनी वर्मा ने बताया कि बजट व तकनीकी खराबी का हवाला ना देते हुए छात्रहित में निर्णय कर सरकार तत्काल रूप से छात्रवृत्ति के सभी पोर्टल प्रारंभ करें ताकि ग्रामीण व आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को योजनाओं का लाभ मिले । संबल,पोस्टमेट्रिक जैसी छात्रवृत्ति योजनाओं के सहारे ही उच्च शिक्षा में विद्यार्थी वर्ग का नामांकन प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ता है, ऐसे में 6 माह से छात्रवृत्ति के पोर्टल बंद होना उच्च शिक्षा की नाकामी दर्शाता है साथ ही शैक्षणिक व्यवस्थाओं के प्रति विद्यार्थी वर्ग का विश्वास भी घटता है। अभाविप के प्रदेश मंत्री माखन शर्मा ने बताया कि छात्रवृत्ति के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में प्रत्यक्ष,अप्रत्यक्ष रूप से सहायता प्राप्त होती है जिससे अध्ययन,आवागमन,परीक्षा शुल्क जमा करने आदि में कई हद तक छात्रवृत्ति का सहारा होता है एवं प्रदेश के हर महाविद्यालय के विद्यार्थी छात्रवृति ना मिलने के कारण अनेक कष्ट सह रहे हैं । प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा के सुधार व सुव्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए छात्रवृत्ति के सभी पोर्टल को और देर ना करते हुए तत्काल रूप से प्रारंभ करना चाहिए।

## कथावाचक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री के उद्गार

# भगवान के नाम की महिमा समझना प्रत्येक मनुष्य को जरूरी

**जबलपुर**। कलयुग में जीव की मुक्ति का एकमात्र साधन भगवान के नाम का जाप और कीर्तन करते हुए उनकी भक्ति में लीन रहना है। सिर्फ भगवान के नाम का जाप और कीर्तन कर इस कलयुग रूपी भवसागर से पार उतरा जा सकता है। इसलिए सभी मनुष्यों को भगवान के नाम की महिमा को समझना बेहद जरूरी है। वेद, पुराण और शास्त्रों में भगवान के नाम जप एवं कीर्तन की महिमा का बखान किया गया है। इसलिए सभी लोग स्वयं के कल्याण के लिए भगवान के नाम गजब स्मरण एवं कीर्तन अवश्य करें। केवल भगवान के नाम का स्मरण एवं जाप करने से बड़े-बड़े पापियों



का उद्धार हो चुका है।*

उक्त उद्गार श्रमजीवी पत्रकार परिषद युवा प्रकोष्ठ जबलपुर संभाग के तत्वाधान में मानकुंवर मैरिज गार्डन आईटीआई में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस व्यास पीठ से भागवत कथा प्रवक्ता शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने व्यक्त किए।

श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान लीलावती विश्वकर्मा, टीएन कृष्णा विश्वकर्मा, रवींद्र दयावंती कागदीगर एवं प्रदीप विश्वकर्मा ने व्यास पीठ का पूजन किया। पूजन अर्चन आचार्य अमित उपाध्याय, संजय शास्त्री ने संपन्न कराया। इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय महासचिव गंगाचरण मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष देवशंकर अवस्थी, प्रदेश महासचिव राजेश दुबे, सुनील साहू, विलोक पाठक, राजीव उपाध्याय, चंद्रशेखर शर्मा, विवेक यादव, जिला अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष शुभम शुक्ला, महासचिव सुधीर खरे, प्रवक्ता सत्यजीत यादव, संजय साहू, सृजन शुक्ला, श्याम विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## पशु क्रूरता रोकने प्रदर्शित की डॉक्यूमेंट्री फिल्म "मां का दूध" फिल्म



**जबलपुर**। समाज सेवी संस्था द्वारा मदन महल सुदामा नगर पार्क में पशु क्रूरता रोकने एवं उनके संवर्धन हेतु डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'मां का दूध' लोगों को प्रदर्शित की गई जिसका उद्देश्य निजी स्वार्थ के लिए पशुओं पर अत्याचार ना करें एवं उनके संवर्धन हेतु जन जागरूकता फैलाना संस्था का उद्देश्य था लोगों को मांसाहार से शाकाहार के लिए प्रेरित करना इस फिल्म के माध्यम से लोगों को जागृत किया गया जानकारी देते हुए संस्था के पदाधिकारी ने बताया कि आज हमनें यहां एनिमल क्लाइमेट और हेल्थ सेव इंडिया के माध्यम से एक डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म "मां का दूध" की स्क्रीनिंग की, जो कि डेयरी उद्योग में जानवरों पर हो रहे शोषण को उजागर करती है,और साथ ही साथ सभी को वीगन जीवनशैली अपनाने का संदेश देती है,और हमनें यहां प्लांट बेस्ड ट्रीटी के माध्यम से लोगों को पौधे पर आधारित भोजन करने का संदेश दिया और सभी उपस्थित लोगों से प्लांट बेस्ड ट्रीटी पर उनका समर्थन भी लिया।



# आदित्य ह्रदय स्तोत्र के पाठ करने से मिलता हैं परमसुखः चैतन्यानंद

**जबलपुर**। बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में पौष मास में चल रहे महा सूर्य पूजा एवं सूर्य अर्चन में भगवान शिव का वैदिक ब्राह्मणों द्वारा दुग्ध अभिषेक एवं पूजन किया गया। तत्पश्चात भगवान सूर्यनारायण का 2100 गुलाब पुष्पों द्वारा अर्चन किया गया एवं विशेष पूजा किया।

पूज्यश्री ने महा सूर्य अर्चन में उपस्थित सभी भक्तों को बताया की हिंदू धर्म में जिस प्रकार कई देवी-देवताओं की पूजा का विधान है उसी तरह कई मंत्रों एवं स्तोत्र का अपना अलग महत्व है कई मंत्रों के उच्चारण से जहां एक तरफ घर में सकारात्मक का वातावरण बनता है वही स्तोत्र के पाठ से व्यक्ति का भाग्य बदल जाता है और घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो जाता है ऐसा ही एक स्तोत्र है आदित्य ह्रदय स्तोत्र इसका सीधा संबंध भगवान सूर्यनारायण से है। आप सूर्य को समर्पित इस पवित्र स्तोत्र का पाठ करके खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से सक्रिय कर सकते हैं इसके पाठ करने से घर में सुख समृद्धि आती है ज्योतिष शास्त्र में सूर्य को पिता पुत्र प्रसिद्धि यश तेज आरोग्यता आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति का कारक माना गया है सूर्य की आराधना से व्यक्ति को सूर्य के समान तेज और यश की प्राप्ति होती है इस स्तोत्र के परिणाम स्वरूप आपको हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी और भाग्योदय होगा अगर व्यक्ति इस पाठ को नियमित रूप से नहीं कर पाता है तो रविवार के दिन अवश्य करें इसी स्तोत्र से रावण राम युद्ध में श्री राम विजई हुए थे। अत आदित्य ह्रदय स्तोत्र के अनेक लाभ हैं सभी व्यक्तियों को इसका पाठ करना चाहिए।

## अध्यात्म सत्संग समारोह सम्पन्न



**जबलपुर**। अध्यात्म सत्संग समिति भक्त मंडली अध्यात्म विज्ञान साला उपकेंद्र श्रीधाम नगर खजरी खिरिया में विगत चार वर्षों से निरंतर अध्यात्म विज्ञान सत्संग सम्मेलन आयोजित किया जाता आ रहा है इसी क्रम में इस वर्ष भी उपकेंद्र खजरी खिरिया में रामदास पटेल परिवार के व्यवस्थापन में सत्संग का शोभायात्रा से प्रारंभ हुआ था जिसमें श्रीमद् भागवत कथा के साथ रामचरितमानस उपदेश हुआ ओंकारेश्वर से पधारे उमाशंकर चैतन्य संचालक केंद्रीय अध्यात्म विज्ञान शाला की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आज एडवोकेट सतेन्द्र कुशवाहा के मुखागरबिन्दु विचारों के साथ संपन्न हुआ।

## मप्र जिम ओनर एसोसिएशन ने कराया 108वाँ सुंदरकांड का पाठ



**जबलपुर**। मध्य प्रदेश जिम ओनर एसोसिएशन एवं श्रीमती ज्ञान देवी मिश्रा मेमोरियल फाउंडेशन के द्वारा अखिल विश्व के मंगल एवं कल्याण हेतु विगत दो वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को शहर के विभिन्न जिम,व्यायाम शालाओं, एवं अखाड़ों में संगीतमय सुंदरकांड की श्रृंखला आयोजित की जा रही थी, श्रृंखला का उद्देश्य युवाओं पहलवानों एवं खिलाड़ियों को धर्म एवं संस्कृति से जोड़ने का भी था मंगलवार 2 जनवरी 2024 को मध्य प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के संयोजन में पंडित रवि शंकर शुक्ल क्रीड़ांगन राइट टाउन स्टेडियम के बॉक्सिंग हाल में 108 में संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन एवं श्रृंखला का समापन संपन्न हुआ, इस अवसर पर फाउंडेशन के संरक्षक डॉ पी एल मिश्र, मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव दिग्विजय सिंह, मध्य प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के टेक्निकल डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह ठाकुर, एम आई सी सदस्य अमरीश मिश्रा, पूर्व उप निगम आयुक्त नगर निगम राकेश अयाची उपस्थित रहे।

## राकेश समुन्द्रे अजाक्स के जिला महासचिव नियुक्त

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी संघ अजाक्स के जिला अध्यक्ष योगेश चौधरी ने बताया कि प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय सोनकर की अनुशंसा पर नगर निगम जबलपुर में कार्यरत राकेश समुन्द्रे को संघ का जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। संघ के राजेन्द्र तेकाम, सुभाष खंडारे, प्रशांत राव, वेंकट लाम्बा, पप्पू गिरानिया, महिपाल घसिया सहित अन्य ने राकेश समुन्द्रे को बधाई प्रेषित की है।

# संपूर्ण ब्राह्मण मंच ने परशुराम धाम ग्वारीघाट में की महाआरती

**जबलपुर**। सनातन संस्कृति के जनक भगवान राम प्रथम तो मर्यादा पुरुषोत्तम थे राम राज्य संपूर्ण जगत के लिए आज भी प्रासंगिक है विकृत मानसिकता के लोग भगवान राम को मांसाहारी बता रहे हैं (आचरण पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं)भगवान राम तो अंतर्यामी थे वह जानते थे यह मृग स्वर्ण मृग नहीं है राक्षसों की माया है राक्षसों का भार हटाने के लिए उस मृग का पीछा किया था भगवान राम सदैव शाकाहारी थे सनातन संस्कृति के प्रतीक थे इस तरह के बयान देकर कुंठित मानसिकता का परिचय दिया है, संपूर्ण ब्राह्मण समाज आज दुखित है ऐसे व्यक्तियों को तत्काल कारागार में डाल दिया जाना चाहिए (इसके पूर्वी अनेक लोगों ने भगवान राम पर प्रश्न उठाए थे उन सभी का क्या हाल है हम और आप देख रहे हैं इसके बावजूद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के पिता ने रामायण पर सवाल उठाया था आज छत्तीसगढ़ में सरकार साफ हो गई) (संस्कृति से नाता जोड़ा जाना चाहिए ऐसे मूर्ख लोगों के बयान पत्रकार जगत को विशेष कर अनुरोध के साथ अपने समाचार पत्रों में कृपया स्थान न प्रदान



करें )आज की आरती भगवान परशुराम की महिमा भगवान राम की महिमा पर प्रकाश डाला रामराज्य संपूर्ण विश्व के सामने न्याय प्रधान शक्ति के रूप में जाना गया भगवान राम ने अश्वमेध यज्ञ कर चक्रवर्ती होने का गौरव प्राप्त किया था उनके राज्य में प्रजा सदैव सुखी रही है, रामधुन हनुमान चालीसा नर्मदा परिक्रमा वासियों के साथ धूमधाम से आरती प्रसाद वितरण कन्या पूजन आदि किया गया भगवान परशुराम जी की आरती रविवार को भी करने का निश्चय लिया गया है जिसमें भगवान राम का चरित्र वर्णन किया जाएगा समस्त श्रद्धालु बंधुओ से उपस्थिति की अपील की गई है दिनांक 7 जनवरी दिन रविवार शाम 4:00 बजे से 7:00 बजे तक कार्यक्रम आयोजित होगा आज की आरती में उपस्थित पंडित धनंजय बाजपेई राजकुमार दुबे रावेंद्र तिवारी सुधाकर मिश्र माधव पांडे डॉक्टर अरुण मिश्रा सीताराम कुरचानिया के के दुबे सीताराम बाबा आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय यादव शक्ति संगठन ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत

**जबलपुर**। राष्ट्रीय यादव शक्ति संगठन द्वारा मामा मैगी प्वाइंट डुमना रोड पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के स्वागत में भव्य कार्यक्रम रखा गया जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारी स्वागत की बेला में उपस्थित थे। मुख्य रूप से राष्ट्रीय यादव संगठन संघ के अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार यादव, राष्ट्रीय यादव शक्ति संगठन के उपाध्यक्ष मल्ले यादव, प्रदेश अध्यक्ष नंदलाल



यादव, इंदौर प्रदेश मंत्रिमंडल अध्यक्ष श्याम यादव, इंदौर अमन यादव, बलराम यादव, गोविंद यादव, शैलेंद्र यादव, ने मुख्यमंत्री का ह्रदय की गहराइयों से प्रेम पूर्वक आभार बंधन अभिनंदन किया।



## श्रीविष्णु वराह कपः शहडोल ने जेपी ब्वॉयज जबलपुर को 57 रन से हराया

**मझौली**। श्री विष्णु वराह कप 2024 अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला शंभू चौरसिया मेमोरियल स्टेडियम मझौली में खेला गया जिसमें मैच शहडोल और जे पी बॉयज जबलपुर के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शहडोल की टीम ने कप्तान आशीष मिश्रा के शानदार 72 रन, अभिनव सिंह 37 रन, लखन पटेल 29 रन, करण तिवारी 18 रन और अभिनव के नाबाद 19 रनों की बदौलत 20 ओवरों में 5 विकेट पर 203 रन बनाए। जेपी ब्वॉयज जबलपुर की ओर से गेंदबाज शुभम यादव 2 और आरव पटेल ने 1 विकेट हासिल किया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेपी ब्वॉयज जबलपुर की टीम इस लक्ष्य के सामने संघर्ष करती नजर आई और 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 146 रन बनाए। इस तरह शहडोल की टीम ने 57 रन से जीत हासिल की। जेपी ब्वॉयज जबलपुर की ओर से शुभांक 23 रन,यश यादव 29 रन, शुभम यादव 27 रन,कप्तान देवांश पटेल ने अंत में 23 रन बनाए। वहीं शहडोल की ओर से 9 गेंदबाजों ने गेंदबाजी की। जिसमें अक्षय और वीरेंद्र ने सर्वाधिक 2-2 विकेट हासिल किया। आशीष मिश्रा को शानदार बल्लेबाजी की बदौलत मेन ऑफ दी मैच का पुरुस्कार दिया गया।



## युवा मोर्चा चलाएगा मंडल सशक्तिकरण अभियान

सिहोरा। भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने युवा मोर्चा की संभागीय कार्यालय में जिला कार्यसमिति बैठक आयोजन जिला महामंत्री एवं प्रभारी राजकुमार पटेल,जिला महामंत्री राजेश राय,जिला कार्यालय मंत्री आनंद साहू की उपस्थिति में आयोजित की गई। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बघेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन एवं कार्यकर्ता आधारित पार्टी है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है इन्हीं उद्देश्यों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा एवं युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के नेतृत्व में नमो एप,विकसित भारत एम्बेसडर, एवं नव मतदाता सम्मेलन हेतु आगामी दिनों में युवा मोर्चा ग्रामीण विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष हर्ष तिवारी, प्रिंस पटेल, मोनू सिंह ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## सिहोरा के गायत्री महायज्ञ में गुरु दीक्षा आज

सिहोरा। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित गायत्री महायज्ञ में आज प्रातः पाली में गुरु दीक्षा संस्कार के साथ अन्य संस्कार भी संपन्न होंगे एवं शाम को प्रवचन के पश्चात विराट दीप यज्ञ संपन्न होगा सभी माताओं - बहनों से आग्रह किया गया है की पांच- पांच दीपक थाल में सजाकर दीप यज्ञ हेतु यज्ञ स्थल गायत्री मंदिर गढ़िया मोहल्ला पहुंचे। प्रातः की पाली में 15 बच्चों का विद्या संस्कार,2 बच्चों का मुंडन संस्कार,7 किशोरों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराने में नवीन शर्मा,चंदन भट्ट, रघुनदंन शर्मा,दिवाकर शर्मा , प्रभाकर शर्मा,सशवा शर्मा,शुभम भट्ट आदि का सहयोग रहा।शाम को, प्रज्ञा पुराण कथा वर्णित करते हुए अविनाश महाराज ने कहा कि जब विश्वामित्र जी ने महाराज दशरथ जी से राम और लक्ष्मण को युद्ध के लिए मांगा तो राजा दशरथ चिंतित हो गए और विश्वामित्र जी से कहा कि आप मुझे ले चलो अभी तो वह बालक हैं तब विश्वामित्र जी ने कहा कि हे राजन जिसके पास रूप,गुण,यौवन संपदा हो एवं विनम्र हो ऐसे बालकों को कोई हरा नहीं सकता यही हमारे यज्ञ की रक्षा करने में सक्षम हैं। यज्ञ में पहुंचने की अपील गायत्री परिवार के अध्यक्ष एन के गर्ग ने सभी से उपस्थित की अपील की।

# महिला सशक्तिकरण के लिए प्रेरणा स्रोत रही माता सावित्री बाई फुले

**सिहोरा**। माता सावित्री बाई फुले की जयंती पर सामुदायिक भवन सिहोरा में महिलाओं को स्वरोजगार के लिए अग्रसर करने के उद्देश्य से सिहोरा शहरी आजीविका मिशन की दीदियों द्वारा निर्मित सामग्रियों का स्टाल लगाया गया। जिसमें बबिता कुशवाहा, द्वारा श्री अन्न रागी के बिस्किट नीतू साहू तिल लड्डू,नमकीन, सुनीता कुशवाहा चिप्स,पापड़,बड़ियां,नैना चक्रवर्ती द्वारा लेटेस्ट परिधान के साथ सजावटी समानों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान समूह से जुड़ी दीदियों के मार्ग दर्शन से उनके बच्चों द्वारा निर्मित वेस्ट से बेस्ट थीम पर आकर्षक हस्त कला के नमूने भी बच्चों ने बड़े उत्साह से



प्रदर्शित किए। कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका सिहोरा और स्व सेवा संयोजन समिति, मां रेवा स्वा सहायता समूह के संयोजन एंव अंजली पांडे जिला पंचायत सदस्य के मुख्य आतिथ्य,पार्षद माधुरी दाहिया, कासिम रंगरेज, नरेन्द्र पांडे के विशिष्ट आतिथ्य तथा समिति की अध्यक्ष सुषमा सिंह कर्चुली की अध्यक्षता में किया गया। समिति की उपाध्यक्ष सारिका साहू ने माता सावित्री बाई फुले जी के जीवन पर प्रकाश डाला। आयुर्वेदिक डा. दीपा पांडे द्वारा शीत ऋतु में हमारा स्वास्थ्य और आहार चर्या कैसी होनी चाहिए विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## निधन

**श्री शंकर तिवारी**- गली नं. 18, सदर निवासी श्री शंकर तिवारी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सीताराम ठाकुर**- लोधी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री सीताराम ठाकुर (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई मिश्रा**- दुर्गा कॉलोनी संजीवनी नगर निवासी श्री प्रभूदयाल मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई मिश्रा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकेश कश्यप**- फूटाताल दुर्गा मंदिर के पास निवासी श्री मुकेश कश्यप (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री इंद्र प्रकाश अग्रवाल**- नयागांव हाउसिंग सोसायटी रामपुर निवासी श्री इंद्र पकाश अग्रवाल (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सेवक समुंदे**- छोटी ओमती बिहारी महाराज का बाड़ा निवासी श्री सेवक समुंद्रे (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुभद्रा तिवारी**- पंजाब बैंक कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री उमा शंकर तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती सुभद्रा तिवारी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुंको बाई गुजराती**- विनोबा नगर अधारताल निवासी श्री किशन गुजराती की धर्मपत्नी श्रीमती कुंको बाई गुजराती (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुन्ना बर्मन**- करोंदानाला बायपास, पेट्रोल पंप के पास निवासी श्री मुन्ना बर्मन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक श्रीवास्तव**- गुलौआ चौक गढ़ा निवासी श्री अशोक श्रीवास्तव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री श्रवण दुबे**- बिलहरी मंडला रोड निवासी श्रवण दुबे (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रीति तिवारी**- स्टार सिटी गली नं. 5 निवासी श्री अमित तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति तिवारी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइजः- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइजः- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभागः-0761-4048310, 2757175

# हत्या के आरोपी को कठोर आजीवन कारावास की सजा

**सिहोरा**। चाकू से हमला कर हत्या करने वाले आरोपी शैरा उर्फ कुर्बान निवासी सिहोरा को माननीय अपर द्वितीय सत्र न्यायाधीश सिहोरा ने दोषी करार देते हुए अजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया है। अपर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीय श्री सुधांशु सिन्हा सिहोरा की अदालत ने अरोपी शेरा उर्फ कुर्वान को को हत्या के आरोप में कठोर आजीवन कारावास एवं 9000/- रुपये अर्थ दण्ड से दण्डित किया है। अपर लोक अभियोजक भी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया की मृतक देवेन्द्र सुबह 9:30 बजे घर से निकला और विटनरी अस्पताल के पास पहुंचा तभी आरोपी शेरा मुसलमान चाकु लिये आया और देवेन्द्र विश्वकर्मा को जान से मारने की नियत से चाकू से जानलेवा हमला कर चोट पहुंचाकर देवेन्द्र की हत्या कर ही पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष पेश किया।प्रकरण में सुनवाई के दौरान शासन की ओर से अपर शासकीय अधिवक्ता ओमप्रकाश तिवारी ने पैरवी की ।

### सरनेम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमति आभा सिंह पत्नि श्री अभिषेक सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी मकान नंबर 1535 प्रेमनगर,मदन महल जबलपुर 482001 निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूँ कि:-आधार नंबर 3618 1429 7713-1. यह कि मैं मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड जबलपुर में असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर कार्यरत हूँ। 2. यह कि मेरी शादी श्री अभिषेक सिंह पिता श्री अंखड प्रताप सिंह के साथ दिनांक 20/05/2022 को हुई हैं। 3. यह कि शादी के पूर्व मेरा नाम आभा कलचुरी पुत्री श्री जितेन्द्र सिंह कलचुरी था। 4. यह कि शादी के बाद मैं श्रीमति आभा सिंह हो गई हूं तथा श्रीमति आभा सिंह पत्नि श्री अभिषेक सिंह के नाम से जानी पहचानी जाती हूँ। 5.यह कि जहाँ मेरा नाम आभा कलचुरी पुत्री श्री जितेन्द्र सिंह कलचुरी दर्ज हो वहाँ वर्तमान नाम सरनेम श्रीमति आभा सिंह पत्नि श्री अभिषेक सिंह माना, लिखा, पढा, समझा दर्ज किया जावे।

शादी के बाद (वर्तमान)नाम:-श्रीमति आभा सिंह पत्नि श्री अभिषेक सिंह

शादी के पूर्व नाम:-आभा कलचुरी पुत्री श्री जितेन्द्र सिंह कलचुरी

### नाम सुधार

मैं संजय शर्मा पिता एन.के. शर्मा, आयु लगभग 58 वर्ष, निवासी- 1510, होमसाइंस कॉलेज रोड, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.) - 482001 शपथपूर्वक निम्नांकित करता हूँ कि मैं जन्म से ही भारतवर्ष का नागरिक हूँ तथा मेरी जन्मतिथि 01 दिसंबर 1965 है। मेरा आधार कार्ड क्रमांक 8893 3100 1303 है, जिस पर मेरा नाम संजय शर्मा अंकित है एवं अन्य प्रचलित समस्त दस्तावेजों में प्रारंभ से ही मेरा नाम संजय शर्मा दर्ज या लिखा हुआ है। मेरी मार्कशीट तथा मेरे परिवारजनों कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम संजय कुमार शर्मा अंकित है। संजय शर्मा तथा संजय कुमार शर्मा दोनों एक ही इंसान या व्यक्ति है तथा ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात स्वयं मुझे ही समझा जाये। मुझे अपने एवं परिवारजनों के समस्त दस्तावेजों में अपना एक ही नाम संजय शर्मा अंकित या दर्ज करना चाहता हूँ। मुझे संजय शर्मा के नाम से जाना जाये।

सही नाम- संजय शर्मा

## खबर संक्षेप

### कॉफी डे ने 434 करोड़ रुपए के भुगतान में चूक की




**नई दिल्ली।** कॉफी डे एंटरप्राइजेज लि. ने बैंकों, वित्तीय संस्थानों और गैर-सूचीबद्ध प्रतिभूतियों के एवज में दिये जाने वाले 433.91 करोड़ रुपये के ब्याज और मूल राशि को लौटाने में चूक की है। कॉफी डे एंटरप्राइजेज लि. ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि नकदी संकट के कारण ब्याज और मूल राशि लौटाने में चूक हुई है।

### ओडिशा के सात उत्पाद को जीआई मिला दर्जा




**भुवनेश्वर।** ओडिशा की लांजिया साओरा पेंटिंग, डुंगरिया कोंध कढ़ाई वाली शॉल और खजुड़ी गुड़ सहित सात उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) का दर्जा दिया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। क्षेत्र विशेष में पाए जाने वाले विशिष्ट उत्पादों को अलग खूबियों की वजह से जीआई का दर्जा दिया जाता है।

### ज्योति सीएनसी ने तय किया आईपीओ का मूल्य दायरा

**नई दिल्ली।** गुजरात की ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन ने अपने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 315-331 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होने वाला 2024 का पहला सार्वजनिक निर्गम भी होगा। कंपनी लगभग 10 साल में दूसरी बार अपने शेयरों को सूचीबद्ध करने की योजना बना रही है।

### बंधन बैंक का लाभ 18.6 प्रतिशत बढ़ा

**कोलकाता।** बंधन बैंक कस चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 18.6 प्रतिशत बढ़कर 1,15,964 करोड़ रुपये रहा। कोलकाता स्थित बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 97,787 करोड़ रुपये था।

### टोरेंट पावर ने अनुषंगी कंपनी का किया विलय

**नई दिल्ली।** टोरेंट पावर ने नवीकरणीय ऊर्जा से बिजली उत्पादन का कारोबार करने वाली पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी का विलय किया है। टोरेंट पीएसएच2 का भारत में विलय किया गया। तीन जनवरी 2024 को गुजरात के अहमदाबाद में इसको पंजीकृत किया गया। कंपनी ने अभी संचालन शुरू नहीं किया है।

### डीसीएम श्रीराम गुजरात में करेगी बड़ा निवेश

**नई दिल्ली।** क्लोर-अल्कली विनिर्माता कंपनी डीसीएम श्रीराम लिमिटेड ने 2028 तक गुजरात के भरूच में रासायनिक तथा पेट्रोरसायन उत्पादों के विनिर्माण के लिए 12,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। कंपनी ने 10-12 जनवरी को होने वाले वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में बुधवार को आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की उपस्थिति में इस संबंध में गुजरात सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

# टेस्ला ने गंवाई चीनी कंपनी के सामने नंबर एक की पोजिशन, मस्क को झटका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस साल एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार टेस्ला की भारतीय बाजार में एंट्री होने वाली है। हालांकि, नए साल की शुरुआत के साथ टेस्ला के लिए एक बुरी खबर आई है। टेस्ला को चीनी कंपनी बीवाईडी ने चौथी तिमाही में ग्लोबल इलेक्ट्रिक कार सेल्स के मामले में पीछे छोड़ दिया है। इस तरह दुनिया की नंबर-1 इलेक्ट्रिक कार कंपनी के तौर पर टेस्ला ने अपनी पोजीशन भी गवां दी है। एलन मस्क के स्वामित्व वाली कंपनी टेस्ला ने कहा कि उसने चौथी तिमाही में 484,507 से अधिक इलेक्ट्रिक व्हीकल की डिलीवरी की।

- दुनिया की नंबर-1 इलेक्ट्रिक कार कंपनी के तौर पर टेस्ला ने अपनी पोजीशन गंवा दी

## चीनी कंपनी बीवाईडी ने चौथी तिमाही में ग्लोबल कार सेल्स में टेस्ला को पीछे छोड़ा

### चीनी कंपनी ने अमेरिका, द. कोरिया व जर्मनी को पछाड़ा

न्यूयॉर्क में रेगुलर ट्रेडिंग शुरू होने से पहले टेस्ला के शेयर लगभग 1% बढ़ गए। पिछले साल स्टॉक 102% बढ़ गया, 2022 में मस्क के ट्विटर (अब एक्स) के अधिग्रहण से जुड़े रिकॉर्ड नुकसान से उबर गया। नए ईवी सेल्स आंकड़े ग्लोबल ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में चीन के बढ़ते दबदबे को दर्शाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जर्मनी को पछाड़ने के बाद, देश 2023 में दुनिया के सबसे बड़े पैसेंजर-कार एक्सपोर्टर के तौर पर जापान से आगे निकल सकता है।




### टेस्ला के पास 2 मिलियन कार की उत्पादन क्षमता

अमेरिकी ईवी मैन्युफैक्चरर ने कहा कि कंपनी ने इस साल के लिए 1.8 मिलियन व्हीकल डिलीवर करने के अपने लक्ष्य को पार कर लिया है। साल के आखिरी का प्रदर्शन विश्लेषकों की उम्मीदों से बेहतर रहा, क्योंकि 2022 में इसी अवधि की तुलना में बिक्री 20% बढ़ी। इससे पहले, टेस्ला के सीईओ मस्क ने कहा था कि कंपनी के पास 2 मिलियन कारों का प्रोडक्शन करने की क्षमता है। इतने प्रोडक्शन का समर्थन करने के लिए पर्याप्त डिमांड को बढ़ावा देने के लिए उसने कीमतों में कटौती भी की, लेकिन इससे बात नहीं बनी।

उसने विश्लेषकों के 483,173 यूनिट के अनुमान को पीछे छोड़ दिया। दूसरी ओर बीवाईडी जो हाइब्रिड और पूर्ण बैटरी ऑपरेटेड दोनों कारों का प्रोडक्शन करती है। उसने इस तिमाही में 526,409 इलेक्ट्रिक कार बेचीं। इस तरह वो ईवी मार्केट का नई नंबर-1 कंपनी बन गई।

### चीनी कंपनी अधिक राजस्व व लाभ कमा रही

बीवाईडी ने शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया है। वैसे, टेस्ला चीनी वाहन निर्माता की तुलना में अधिक राजस्व और लाभ उत्पन्न करता है, क्योंकि यह बहुत अधिक कीमत वाले वाहन बेचता है। कंपनी अपनी बिक्री में बड़ी हिस्सेदारी के लिए दो मॉडल पहला मॉडल वाई एसयूवी और दूसरा मॉडल 3 सेडान पर निर्भर है। चौथी तिमाही में दोनों मॉडलों की डिलीवरी 95% रही। टेस्ला अपने इलेक्ट्रिक साइबरट्रक की सेल्स भी शुरू कर चुकी है।

## किसान पंजीकृत कराकर एमएसपी पर उत्पाद बेच पाएंगे

# शाह ने तुअर दाल खरीद पोर्टल किया पेश 2027 तक दलहन क्षेत्र में होंगे आत्मनिर्भर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*दलहनों के मामले मे दिसंबर 2027 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को तुअर दाल खरीद पोर्टल (मंच) की शुरुआत की। इस पोर्टल के जरिये किसान खुद को पंजीकृत कराने के साथ न्यूनतम समर्थनम मूल्य (एमएसपी) अथवा बाजार मूल्य पर नेफेड और एनसीसीएफ को अपने उत्पाद बेच सकते हैं।*

शाह ने कहा कि भविष्य में उड़द और मसूर दाल के किसानों के साथ-साथ मक्का किसानों के लिए भी इसी तरह की सुविधा शुरू की जाएगी। मंत्री ने मंच के माध्यम से तुअर की बिक्री के भुगतान के लिए 25 किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिये करीब 68 लाख रुपये हस्तांतरित भी किए।

### बफर स्टॉक रखने सरकार कर रही है खरीदी

सहकारी राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (नेफेड) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) जैसी दो केन्द्रीय नोडल एजेंसियां दलहन का 'बफर स्टॉक' रखने के लिए सरकार की ओर से दलहनों की खरीद करती हैं'। जब दलहन की कीमतें एमएसपी से नीचे गिर जाती हैं तो ये एजेंसियां मूल्य समर्थन योजना के तहत भी दलहनों की खरीद करती हैं।


### खुले बाजार में बेचने का विकल्प होगा

पोर्टल की पेशकश के बाद, शाह ने कहा कि बुवाई कार्य से पहले तुअर किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर नेफेड और एनसीसीएफ को अपनी उपज बेचने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजीकृत तुअर किसानों के पास नेफेड/एनसीसीएफ या खुले बाजार में बेचने का विकल्प होगा।

### खुले बाजार का मूल्य एमएसपी से ज्यादा होता है

अगर तुअर दाल का खुले बाजार का मूल्य एमएसपी से अधिक होता है, तो उस स्थिति में एक विधि के जरिये औसत दर निकाली जाएगी। भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये किया जायेगा। शाह ने कहा कि अधिकतर किसान दालों की खेती नहीं कर रहे हैं क्योंकि कीमतें सुनिश्चित नहीं होतीं।





### पहल कृषि क्षेत्र में बड़ा सुधार लाएगी

मंच के जरिये खरीद के साथ यह पहल कृषि क्षेत्र में एक बड़ा सुधार लाएगी और दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा," तुअर की खरीद किसानों से की जाएगी और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है।"

- भविष्य में उड़द दाल, मसूर और मक्का किसानों के लिए सुविधा

### लगातार दूसरे वर्ष कम होने का उत्पादन

यह ध्यान देने योग्य है कि तुअर दाल खरीद पोर्टल ऐसे समय में आया है जब दलहन खेती के रकबे में गिरावट के मद्देनजर खरीफ सत्र 2023-24 में घरेलू तुअर उत्पादन लगातार दूसरे वर्ष कम होने का अनुमान है। आम चुनावों से पहले केंद्रीय नोडल एजेंसियों को पर्याप्त बफर बनाए रखने और खुदरा मुद्रास्फीति पर नियंत्रण रखने के लिए अधिकतम मात्रा में खरीद करने की उम्मीद है।

### तुअर का उत्पादन नीचे आया

वर्ष 2016-17 के ख़रीफ़ सत्र में तुअर का उत्पादन 48.7 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था और उसके बाद के वर्ष में उत्पादन गिर गया और वर्ष 2022-23 में 33.1 लाख टन के निचले स्तर पर आ गया। कृषि मंत्रालय के शुरुआती अनुमान के अनुसार, खरीफ सत्र 2023-24 के लिए तुअर का उत्पादन 34.2 लाख टन होने का अनुमान है।

### उत्पादन बढ़ाने में मदद

शाह ने कहा कि आगे जाकर, उड़द और मसूर किसानों के लाभ के लिए भी एक खरीद पोर्टल शुरू किया जाएगा। उड़द और मसूर दो अन्य दालें हैं जिनके लिए देश आयात पर निर्भर करता है और सुनिश्चित खरीद होने से इनका उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# शेयर बाजार में दो दिन से जारी गिरावट थमी

एजेंसी ⏭ मुंबई



- सेंसेक्स 491 अंक उछला, निफ्टी 142 अंक बढ़ा

स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले दो दिन से जारी गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 491 अंक के लाभ में रहा। मुख्य रूप से रियल्टी, बिजली और वित्तीय शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 490.97 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,847.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 598.19 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 141.25 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,658.60 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार में दो दिन की गिरावट के बाद आज तेजी लौटी। इसका मुख्य कारण प्रमुख बैंकों का मासिक कारोबार का बेहतर होना है। इससे कर्ज में अच्छी वृद्धि का संकेत मिलता है। रिहायशी क्षेत्र में अच्छी मांग की उम्मीद में रियल्टी क्षेत्र सर्वाधिक लाभ में रहा। इसे आवास कर्ज का वितरण बेहतर रहने के आंकड़े समर्थन मिला।''

### निवेशकों की संपत्ति 3.24 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

बीएसई सेंसेक्स में दो दिन की गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को उछाल आने से निवेशकों की संपत्ति 3.24 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। इससे बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 3,24,010.1 करोड़ रुपये बढ़कर 3,68,32,843.41 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस सर्वाधिक 4.44 प्रतिशत और एनटीपीसी तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुआ। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, नेस्ले, पावर ग्रिड, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी बैंक में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं।

# नए क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना पर फिलहाल कोई विचार नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- 14 क्षेत्रों के लिए दी जा रही पीएलआई योजना
- खिलौने जैसे नए क्षेत्र को अभी शामिल नहीं किया जाएगा

सरकार फिलहाल 14 क्षेत्रों के लिए मौजूदा उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करेगी और फिलहाल खिलौने जैसे नए क्षेत्रों को इसमें शामिल करने का विचार नहीं है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि फार्मा, फ्रिज, एसी जैसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे 14 क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं अच्छा कर रही हैं। सिंह ने यहां कहा, 'फिलहाल हमारा ध्यान इन 14 पीएलआई पर है। सभी अच्छा काम कर रही हैं। इसलिए फिलहाल, नई पीएलआई योजना पर विचार नहीं किया जा रहा है और हम यह सुनिश्चित करने पर ध्यान देंगे कि ये मौजूदा योजनाएं अच्छी तरह से लागू हो जाएं और उसके बाद हम देखेंगे।'सरकार ने पहले 14 क्षेत्रों के लिए निर्धारित में से बची राशि का उपयोग करने के लिए चमड़े, खिलौने और नए जमाने की ई-बाइक जैसे नए क्षेत्रों के लिए योजना का विस्तार करने की योजना बनाई है।

### 1.97 लाख करोड़ रुपए किए गए व्यय

इनके लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये का परिव्यय तय किया गया था। सिंह ने बताया कि विभाग एसी और एलईडी लाइट जैसे उत्पादों में पीएलआई योजना का तीसरे पक्ष द्वारा मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में है। यह अध्ययन अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एजेएनआईएफएम) को सौंपा गया है।

# विलय, अधिग्रहण सौदे 2023 में 51 प्रतिशत घटे

एजेंसी ⏭ मुंबई

वैश्विक वित्तपोषण में कमी का असर घरेलू कंपनियों के विलय एवं अधिग्रहण सौदों पर भी पड़ा है। यह 2023 में 51 प्रतिशत घटकर तीन साल के निचले स्तर 83.8 अरब डॉलर पर रहा।

वास्तव में एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लि. के विलय से सौदा राशि कुछ ठीक रही। दोनों वित्तीय संस्थानों का विलय कंपनी जगत के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा सौदा है। वित्तीय बाजार के आंकड़े देने वाली एलएसईजी डील्स इंटेलिजेंस (पूर्व में रिफिनिटीव) की रिपोर्ट के अनुसार अगर एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लि. के 60.4 अरब डॉलर के विलय सौदे को हटा दिया जाए तो सौदा मूल्य 23 प्रतिशत और कम हो जाएगा। वैश्विक स्तर पर सौदे को लेकर कमजोर परिवेश के कारण बीते वर्ष कुछ ही बड़े सौदें पूरे हो पाए। एलएसईजी डील्स इंटेलिजेंस के वरिष्ठ प्रबंधक एलेन टान ने बृहस्पतिवार को कहा कि इसके परिणामस्वरूप तीन अरब डॉलर मूल्य से अधिक का केवल एक सौदा हुआ और यह सौदा 60.4 अरब डॉलर का एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी के बीच था। वहीं 2022 में तीन अरब डॉलर से अधिक मूल्य के पांच सौदे हुए थे।



- तीन साल के निचले स्तर 83 अरब डॉलर पर

### पूंजी कुछ सस्ती होने की उम्मीद

इससे पूंजी कुछ सस्ती होने की उम्मीद है। इसको देखते हुए 2024 में चुनाव के बाद और देशभर में विलय एवं अधिग्रहण गतिविधियों में तेजी आ सकती है। उल्लेखनीय है कि रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी, 2022 में संघर्ष शुरू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनिश्चितता बढ़ने से मार्च से वैश्विक वित्तपोषण में कमी आई है।

# प्रीमियम खंड में मजबूत स्थिति चाहती है वीवो

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन विनिर्माता कंपनी वीवो ने 'वीवो एक्स100' श्रृंखला के फोन पेश करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी का लक्ष्य 'प्रीमियम' खंड में अपनी उपस्थिति मजबूत करना है।

वीवो की ओर से जारी बयान के अनुसार, नई एक्स100 सीरीज में एक्स100 प्रो और एक्स100 शामिल है। ये जेडईआईएसएस कैमरे से लैस हैं और इसकी कीमत 63,999 रुपये से अधिक होगी। वीवो इंडिया के उत्पाद प्रबंधन प्रमुख विकास टैगरा ने कहा, ''एक्स100 श्रृंखला उपभोक्ताओं को बेहतरीन 'मोबाइल फोटोग्राफी' अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।''

## जियो के अक्टूबर में 31.59 ग्राहक बढ़े




**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े दूरसंचार संचालक रिलायंस जियो ने अक्टूबर 2023 में 31.59 लाख मोबाइल उपयोगकर्ता जोड़े, जबकि प्रतिद्वंद्वी भारती एयरटेल के ग्राहकों की संख्या में 3.52 लाख का इजाफा हुआ। ट्राई के मासिक ग्राहक आंकड़ों में यह बात सामने आई। वहीं संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को कोई राहत नहीं मिली। अक्टूबर में उसने 20.44 लाख वायरलेस ग्राहक खोए। आंकडों के अनुसार, जियो के साथ अक्टूबर में 31.59 लाख नए उपयोगकर्ता जुड़ें और उसके कुल ग्राहकों की संख्या बढ़कर 45.23 करोड़ हो गई। सितंबर में उसके 44.92 करोड़ ग्राहक थे। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली एयरटेल के ग्राहकों की संख्या में अक्टूबर में 3.52 लाख की बढ़ोतरी हुई और कुल ग्राहकों की संख्या 37.81 करोड़ हो गई।

# कमजोर संकेतों से चांदी 1900 रुपए लुढ़की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोने में 420 रुपए की गिरावट

अंतरराष्ट्रीय बाजारों से कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 420 रुपये की गिरावट के साथ 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,970 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,900 रुपये की भारी गिरावट के साथ 76,900 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 78,800 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। विदेशी बाजारों में मंदी के रुझान के बाद दिल्ली के बाजार में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 420 रुपये की गिरावट के साथ 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थीं।'अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,042 डॉलर प्रति औंस और चांदी नुकसान के साथ 23.05 डॉलर प्रति औंस रही। गांधी ने कहा कि कॉमेक्स में सोने की कीमतें दो सप्ताह के निचले स्तर पर आ गईं क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों को कम करने की योजना के बारे में अनिश्चितता ने व्यापारियों के बीच जोखिम-मुक्त भावना को बढ़ावा दिया।

## अदाणी की संपत्ति में 5.64 अरब डॉलर का जोरदार उछाल आया

# एक दिन में मुकेश अंबानी और मस्क से आगे निकले गौतम अदाणी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नए साल की शुरुआत कई अरबपतियों के लिए खास नहीं रही। लेकिन अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने साल की धमाकेदार शुरुआत करके कई अमीरों को पीछे छोड़ दिया। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स ने इस साल में किस अरबपति की कितनी संपत्ति बढ़ी है उसे लेकर रिपोर्ट जारी की. जिसके अनुसार साल की शुरुआत से लेकर अब तक गौतम अदाणी की संपत्ति में 5.64 अरब डॉलर का जोरदार उछाल आया।

सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी-हिंडनबर्ग मामले में फैसला सुनाया। जिसके बाद से गौतम अदाणी की संपत्ति तेजी से बढ़ रही है। केवल बुधवार को एक ही दिन में संपत्ति में 4.01 अरब डॉलर की वृद्धि हुई। जिसके बाद अब वे दुनिया के अरबपतियों की सूची में 14वें नंबर पर पहुंच गए। इस साल की शुरुआत से लेकर अब तक के अडानी टॉप गेनर हैं। पिछले साल वे टॉप लूजर की सूची में थे।

### मुकेश अंबानी की कल की कमाई

फोर्ब्स बिलेनियर्स लिस्ट में 99.6 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ मुकेश अंबानी 12वें स्थान पर हैं और कल के कारोबार में उनकी नेटवर्थ में 983 मिलियन डॉलर की कमी आई है। ये कुल नेटवर्थ में 0.98 फीसदी की गिरावट है। 66 साल के मुकेश अंबानी अभी भी भारत के सबसे रईस शख्स हैं और रिलायंस ग्रुप के मालिक हैं।



- एक दिन में 4 .01 अरब डॉलर का उछाल
- ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स ने जारी की लिस्ट

### एलन मस्क टॉप लूजर की लिस्ट में शामिल

साल 2024 की शुरुआत से लेकर अब तक पिछले साल के टॉप गेनर एलन मस्क की संपत्ति में 9 अरब डॉलर की कमी हो गई। जिसके बाद वे इस साल के टॉप लूजर की लिस्ट में शामिल हुए। केवल बुधवार को ही उनकी संपत्ति 7.13 अरब डॉलर कम हुई। हालांकि अभी भी वे दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति का खिताब संभाले हैं। उनकी 220 अरब डॉलर नेटवर्थ है।

### सूची में बेजोस दूसरे स्थान पर

अमेजन के पूर्व सीईओ जेफ बेजोस दुनिया के सबसे अमीरों की सूची में दूसरे नंबर पर आ गए। जहां पहले बर्नार्ड अर्नाल्ट थे। अर्नाल्ट की संपत्ति में 11.6 अरब डॉलर की कमी हुई। जिसके बाद उनकी नेटवर्थ 167 अरब डॉलर हो गई।

### गुजरात के पांच सहकारी बैंकों पर जुर्माना



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने नियमों के अनुपालन में विभिन्न खामियों के लिए गुजरात के पांच सहकारी बैंकों को दंडित करते हुए उनपर पिछले एक महीने में 50,000 रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि 13 दिसंबर, 2023 को जारी आदेश में उसने वडोदरा के श्री भारत सहकारी बैंक पर अन्य बैंकों में जमा रखने संबंधी उसके दिशानिर्देशों के अनुपालन में विफल रहने के साथ 2016 के जमा पर ब्याज नियमों का उल्लंघन करने के लिए पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। आरबीआई ने कहा कि इन पांच बैंकों में से प्रत्येक पर जुर्माना विनियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य बैंक द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर आदेश देना नहीं है।

## चिंतन

# विश्वास के नए शिखर पर भारत-नेपाल संबंध

विदेश मंत्री एस जयशंकर की काठमांडू यात्रा भारत व नेपाल के संबंधों को नई ऊंचाई प्रदान करेगी। भारत व नेपाल के संबंध प्राचीन काल से प्रगाढ़ रहे हैं। जयशंकर नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' से मिले। इस दौरान दोनों पक्षों ने सदियों पुराने, विशिष्ट तथा बहुआयामी नेपाल-भारत संबंधों पर व्यापक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया है। नेपाल, भारत की 'पड़ोस प्रथम' नीति के तहत उसका महत्वपूर्ण साझेदार है। नेपाल में चीनी हस्तक्षेप के चलते पूर्व नेपाली पीएम केपी ओली के समय भारत से खट्टे हुए संबंध प्रचंड के पीएम बनने के बाद पहली विदेश यात्रा पर पिछले साल 31 मई से 3 जून तक भारत आने के बाद से दोनों पड़ोसी मुल्कों के रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं। एस जयशंकर की इस दो दिनी यात्रा के दौरान भारत और नेपाल ने 4 जनवरी को एक दीर्घकालिक बिजली समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत अगले 10 वर्षों में भारत को 10,000 मेगावाट बिजली के निर्यात की सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच बिजली निर्यात पर सहमति बनी थी। भारत सीमित मात्रा में नेपाल से बिजली खरीदता रहा है। भारत नेपाल को 600 मेगावाट बिजली की आपूर्ति भी करता है। 1987 में गठित भारत-नेपाल संयुक्त आयोग दोनों पक्षों को द्विपक्षीय साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए मंच प्रदान करता है। जयशंकर का यह दौरा इसी सिलसिले में है। भारत और नेपाल एक खुली सीमा साझा करते हैं तथा दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध हैं। 1950 की भारत-नेपाल शांति और मित्रता संधि, दोनों के संबंधों का आधार है। इस संधि के तहत नेपाली नागरिकों को भारतीय नागरिकों के समान ही सुविधाएं और अवसर प्रदान किये गए हैं। भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट में नेपाल से सैनिकों की भर्ती की जाती है, वर्तमान में नेपाल से लगभग 32,000 गोरखा सैनिक भारतीय सेना में सेवारत हैं। लगभग 80 लाख नेपाली नागरिक भारत में निवास और कार्य करते हैं। भारत, सैन्य उपकरण और प्रशिक्षण प्रदान करके नेपाली सेना को आधुनिकीकरण करने में सहायता कर रहा है। दोनों देश संयुक्त सैन्य अभ्यास में भी संलग्न हैं। भारत ने बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, जल संसाधन, शिक्षा और ग्रामीण विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहायता प्रदान करके नेपाल के विकास में सक्रिय रूप से भूमिका निभाई है। भारत ने सड़कों और रेल लिंक सहित बुनियादी ढांचे के विकास पर नेपाल का सहयोग किया है। जल संसाधन, ऊर्जा और व्यापार में सहयोग भी आपसी संबंधों को मज़बूत कर रहा है। एक शानदार अतीत के बावजूद भारत-नेपाल संबंधों में कुछ चुनौतियां भी हैं। भारत-नेपाल सीमा पर कालापानी जैसे कुछ क्षेत्र अनसुलझे हैं। नेपाल इन क्षेत्रों पर अपना दावा करता है, जबकि ये क्षेत्र ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के समय से ही भारत का हिस्सा हैं। वर्ष 2019 में नेपाल ने उत्तराखंड के कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख और सुस्ता (पश्चिम चंपारण जिला, बिहार) के क्षेत्र को नेपाल के क्षेत्र के हिस्से के रूप में दावा करते हुए एक नया राजनीतिक मानचित्र जारी किया था। चीनी प्रोपेगैंडा के चलते भारत के प्रति नेपाल के विश्वास में कमी आई है। विदेश मंत्री की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध विश्वास के नए शिखर पर पहुंचेगी।



राजनीति
उमेश चतुर्वेदी

# राम को लेकर ऊहापोह में क्यों कांग्रेस

> स्वाधीनता आंदोलन के दौरान खिलाफत आंदोलन का साथ देने के साथ जाने या अनजाने में कांग्रेस ने अल्पसंख्यक समुदाय को साधने की जो राजनीति शुरू की, उसकी चरम परिणति आजादी के बाद की उसकी राजनीति में अक्सर दिखता है। कांग्रेस ने अपने वोट बैंक का जो ताना-बाना विकसित किया, उससे वह अल्पसंख्यकों के थोक वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रही। केंद्रीय राजनीति में राष्ट्रीय मोर्चा और संयुक्त मोर्चा के उभार के पहले तक कांग्रेस ही अल्पसंख्यक वोटरों की पहली पसंद रही। कांग्रेस के पास वोट बैंक बनाने को लेकर न कोई ठोस योजना नजर आई, न ही वह कभी मजबूत रुख ले पाई। यह ऊहापोह राहुल की कांग्रेस में ज्यादा है।

कोई शक नहीं है कि 22 जनवरी 2024 की तारीख देश के सांस्कृतिक क्षितिज पर नई इबारत दर्ज करने जा रही है। राम मंदिर को लेकर जारी आंदोलन की परिणति देश और दुनिया देख रही है। इसी आधार पर यह मानने से गुरेज नहीं है कि जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा को वामपंथी इतिहासकार नकारते रहे हैं, अयोध्या में रामलला की मूर्ति की स्थापना के साथ वह मूर्त रूप लेने की ओर अग्रसर है। इस पर भी संशय नहीं है कि अयोध्या में भगवान राम की चिर प्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश की राजनीति भी बदलने जा रही है, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी को इससे जुड़ी राजनीति को लेकर संशय है। राम मंदिर न्यास ने 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन के लिए कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को बाकायदा निमंत्रित कर रखा है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अब तक फैसला तक नहीं ले पाया है कि उसे इस समारोह में शामिल होना चाहिए या उसे सिरे से नकार देना चाहिए।

स्वाधीनता आंदोलन के दौरान खिलाफत आंदोलन का साथ देने के साथ जाने या अनजाने में कांग्रेस ने अल्पसंख्यक समुदाय को साधने की जो राजनीति शुरू की, उसकी चरम परिणति आजादी के बाद की उसकी राजनीति में अक्सर दिखता है। अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को लुभाने के लिए कांग्रेस ने जो राजनीति शुरू की, शायद वही वजह है कि कांग्रेस ना तो राम मंदिर को स्वीकार कर पा रही है और न ही उसे खुलकर नकार पा रही है। राम मंदिर का ताला खोलने के अलावा कांग्रेस की जितनी भी कोशिशें रही हैं, वे राम मंदिर के विरोध में रही हैं। अलबत्ता इस विरोध के लिए वह राजनीति को धर्म से अलग करने का तर्क देती रही है, लेकिन जब संदर्भ अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को लेकर आता रहा है तो सेकुलरवाद के नाम पर अल्पसंख्यक समुदाय के धर्म आधारित राजनीति को तवज्जो देने से वह कभी नहीं हिचकी। अल्पसंख्यकवाद की उसकी राजनीति का एक रूप मनमोहन सिंह के बयान के रूप में देश देख और सुन चुका है। प्रधानमंत्री रहते मनमोहन सिंह कहने में नहीं हिचके थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है।

कांग्रेस ने आजादी के बाद अपने वोटबैंक का जो ताना-बाना विकसित किया, उससे वह अल्पसंख्यकों के थोक वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रही। केंद्रीय राजनीति में राष्ट्रीय मोर्चा और संयुक्त मोर्चा के उभार के पहले तक कांग्रेस ही अल्पसंख्यक वोटरों की पहली पसंद रही। राम मंदिर आंदोलन के उभार के बाद उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में मुस्लिम वोटरों ने कांग्रेस की बजाय भाजपा से दो-दो हाथ करते नजर आए स्थानीय दलों मसलन समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल का दामन थाम लिया। राम मंदिर आंदोलन के उभार के वक्त कांग्रेस ऊहापोह में रही। राष्ट्रीय दल होने के नाते उसे अल्पसंख्यक केंद्रित राजनीति की सीमा का भान था। इसीलिए वह राम मंदिर के खिलाफ वैसा कड़क



स्टैंड नहीं ले पाई, जैसा मजबूरी या मौके पर चौका मारने की नीयत से मुलायम और लालू ने लिया। इसलिए ये दोनों नेता अपने-अपने राज्यों में अल्पसंख्यकों के चहेते बन गए। इसका सीधा नुकसान कांग्रेस को ही हुआ। उसका पारंपरिक अल्पसंख्यक वोट बैंक हाथ से निकल गया। झीने आवरण में जारी उसके अल्पसंख्यकवाद की पोल राम मंदिर आंदोलन ने खोल दी तो उसका पारंपरिक सवर्ण विशेषकर ब्राह्मण वोट बैंक भी साथ छोड़ गया। उन्हीं दिनों दलितों के नए रहनुमा भी उभर आए तो दलितों ने भी कांग्रेस को टा-टा बाय-बाय दिया।

अव्वल तो कांग्रेस को उसी वक्त ऊहापोह से निकल कर मजबूत राजनीतिक रुख अख्तियार करना चाहिए था। कांग्रेस हमेशा अधूरे मन के साथ कभी अल्पसंख्यकवाद को मजबूत करने की ओर बढ़ती रही तो कभी सवर्णों को साधने की दिशा में आगे बढ़ी। उसके पास ठोस वोट बैंक बनाने को लेकर ना तो कोई ठोस योजना नजर आई, ना ही वह कभी मजबूत रुख ले पाई। यह ऊहापोह राहुल की कांग्रेस में ज्यादा दिखा। जब कभी राहुल कुर्ते के ऊपर से जनेऊ पहनकर मंदिर-मंदिर माथा टेकते नजर आए तो कभी अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए बहुसंख्यक वोटरों के हितों को किनारे रखते गए। गुजरात के 2017 के विधानसभा चुनावों में मंदिर-मंदिर माथा टेकना हो या फिर कर्नाटक के 2018 के चुनावों में मंदिरों का दर्शन करना हो या फिर लोकसभा चुनाव के वक्त देश के कथित सेकुलर रूप को बचाने का दावा हो, राहुल वाली कांग्रेस हर बार ऊहापोह में नजर आई।

यही ऊहापोह रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के वक्त भी दिख रहा है। इसकी मोटी वजह यह है कि कांग्रेस समझ नहीं पा रही है कि उसे राम का साथ देना चाहिए या नहीं। इसकी बड़ी वजह है कि बीते कर्नाटक चुनाव से कांग्रेस के पाले में अल्पसंख्यक वोट बैंक थोक के भाव से लौट रहा है। इसका असर तेलंगाना में भी दिखा। कांग्रेस को यह भ्रम हो गया है कि उत्तर प्रदेश का नौ प्रतिशत और बिहार का 14 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता उसकी ओर लौट रहा है। कांग्रेस को लगता है कि असम का मुस्लिम वोटर भी उसी के पास लौटेगा। हालांकि आनुपातिक रूप से सबसे ज्यादा मुस्लिम वोट बैंक की हिस्सेदारी वाले पश्चिम बंगाल राज्य में कांग्रेस की स्थिति खास मजबूत नजर नहीं आ रही। वहां के मुस्लिम वोटरों की पहली पसंद अब भी ममता बनर्जी ही हैं। कांग्रेस को ऊहापोह में रखने में राहुल व प्रियंका के वामपंथी सलाहकार मंडल की राय भी है। हिंदुत्ववादी राजनीति के संदर्भ से वामपंथी सोच को सदा से परहेज रहा है, हालांकि अल्पसंख्यक राजनीति को लेकर उसकी धर्म केंद्रित राजनीति के विरोध का विचार पता नहीं कहां तिरोहित हो जाता है। राहुल और प्रियंका की वामपंथी सलाहकार मंडली भी इसी राय की है। इसलिए वह रामलला के विग्रह के प्राणप्रतिष्ठा समारोह से कांग्रेस को शायद दूर रहने की सलाह दे रही है। राममंदिर को लेकर अतीत में कांग्रेस और उसके कद्दावर नेताओं ने ऐसी गलतियां की हैं, जिनकी वजह से बहुसंख्यक वोटरों के बड़े हिस्से में नाराजगी रही। वर्ष 2012 में जयराम रमेश यह कहने से नहीं हिचके थे कि राम मंदिर से कहीं ज्यादा पवित्र शौचालय है। इन दिनों उनका यह बयान चर्चा में है और कांग्रेस को सफाई देनी पड़ रही है। ऐसे उल-जलूल बयानों ने कांग्रेस को अक्सर नुकसान पहुंचाया है। राम मंदिर मुद्दे को केंद्रीय राजनीति की धुरी बनते देख लगता है कि कांग्रेस में भी दुविधा बढ़ रही है। अब कांग्रेस के कुछ बाहरी सलाहकार उसे सलाह देने लगे हैं कि अगर कांग्रेस को बने रहना है तो रामंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होना चाहिए। अगर कांग्रेस शुरू से राम मंदिर को लेकर ऊहापोह की बजाय एक संतुलित रुख अख्तियार करती तो सियासी रूप से मजबूत होती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



नटराज मंदिर तमिलनाडु के चिदंबरम के बीच में स्थित है। यह मंदिर भगवान शिव और भगवान विष्णु को समर्पित है। भगवान शिव के तांडव नृत्य की मूर्ती को नटराज नाम दिया गया है जोकि भारत में नृत्य की स्थापना के लिए सबसे खास मानी जाती है।

विकास
संजीव ठाकुर




# नवप्रवर्तन जारी रहे

जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं। उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3 प्रतिशत नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार ने न सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है, जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस ओर और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। नवप्रवर्तन में बदलाव की शक्ति है।

(लेखक स्तंभकार व चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## समत्वं योग उच्यते



संकलित
**दर्शन**

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
**प्रेरणा**

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहा: आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहा: अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहा: भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछा: तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहा: भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहा: आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### फिटनेस का संकल्प जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2023 के रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' में हमें फिट रहने का संदेश दिया। इसमें प्रधानमंत्री ने कुछ सेलिब्रिटी को भी शामिल किया। इन सेलेब्रिटीज ने अपनी फिटनेस का मंत्र बताया। प्रधानमंत्री ने नववर्ष के संकल्प के लिए कहा कि हमें खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने का संकल्प लेना चाहिए। प्रधानमंत्री का फिट इंडिया का सपना तभी पूरा होगा जब हम ऐसा संकल्प लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों को फिट रखने के लिए 'फिट इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत की। प्रधानमंत्री की इस मुहिम में सबको शामिल होना चाहिए, क्योंकि स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है। जो समय पर रात को सोता है, सुबह समय पर उठकर प्रकृति से जुड़ता है, वह सारा दिन अपनी दिनचर्या स्फूर्ति से बिताते हुए अपने हर काम निपटाता है।

*-पंकज चतुर्वेदी, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# चुनाव से बांग्लादेश के भविष्य को खतरा


बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव में प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी 'अवामी लीग' की विजय पक्की मानी जा रही है। यह बांग्लादेश के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण भी साबित हो सकता है। वर्ष 2014 और 2018 के पिछले दो चुनावों के साथ कुछ समानताओं के बावजूद वर्ष 2024 के आम चुनाव के बाद का परिदृश्य अलग होने की संभावना है। अपने लगातार चौथे कार्यकाल में हसीना के सामने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों तरह की कठिन चुनौतियां होंगी, जिनका देश के आर्थिक, राजनीतिक और कूटनीतिक पथ पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। वर्ष 2024 के चुनाव की राह साजिश, विपक्ष पर कार्रवाई, बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां, हिंसा और राज्य तंत्र के दुरुपयोग से भरी है। यहां तक कि न्यायपालिका भी मुख्य विपक्षी राजनीतिक दल 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' को मुकाबले से बाहर रखने के लिए सक्रिय हो गई है, लेकिन इसके बावजूद चुनाव को इस तरह पेश किया जा रहा है कि इसमें सभी की सहभागिता है। सवाल यह है कि क्या मतदाता बड़ी संख्या में मतदान करेंगे। जब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 2014 में चुनाव का बहिष्कार किया था तो कम मतदान हुआ, जिससे लोकप्रिय जनादेश हासिल करने का अवामी लीग (एएल) का दावा कमजोर हो गया।



## ऑफ बीट

# डरे होने पर हम कैसे और क्या सीखते हैं?

हममें से कई लोगों को परिवार के किसी सदस्य, शिक्षक या बॉस द्वारा चिल्लाने या धमकाने की स्पष्ट याद है। इस तरह के डराने वाले अनुभव अक्सर हमारी स्मृति में अंकित हो जाते हैं; भविष्य में उनसे बचने के लिए भयावह घटनाओं को याद रखना आवश्यक है। यह एक सामान्य प्रतिक्रिया है जो हमारे अस्तित्व को बढ़ावा देती है। डर और स्मृति के बीच यह मजबूत संबंध हमें यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि डर सीखने का एक प्रभावी उपकरण हो सकता है। हालाँकि, अनुसंधान से पता चलता है कि डर के बच्चों और वयस्कों दोनों के लिए दीर्घकालिक नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं – और वास्तव में सार्थक तरीकों से सीखना कठिन हो सकता है। जब हम डरे हुए होते हैं तो हम कैसे और क्या सीखते हैं, इस बारे में शोध क्या कहता है, यहां बताया गया है। डर बच्चों की पढ़ाई को कैसे प्रभावित करता है? डर हमें वर्तमान और भविष्य के खतरे से बचाने के लिए बनाया गया है। यदि बच्चों को ऐसे अनुभवों का सामना करना पड़ता है जो डर पैदा करते हैं, तो वे नए अनुभवों से बचना सीखते हैं – अज्ञात की खोज करने, उसमें शामिल होने और जिज्ञासा के साथ संपर्क करने के विपरीत।



## ट्रेंड

### पांच चीज़े बहुत जरूरी

किसी भी देश की ग्रोथ करने के लिए, उन्नति करने के लिए के लिए पांच चीज़े बहुत जरूरी है। इनको आप पंचतंत्र कह सकते है। ख़ुशी की बात है की आज के दिन वर्तमान भारत में वह पांचो चीज़े स्थापित है।

-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति



### बड़ी उपलब्धि

नामीबिया से लाई गई चीता 'आशा' के तीन शावकों को जन्म देने से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों को बसाने के प्रयास को एक बड़ी सफलता मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई यह परियोजना पूरे मध्य प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री



### समन ग़ैर क़ानूनी

ये मुझे गिरफ़्तार करना चाहते हैं। मेरी सबसे बड़ी सम्पति मेरी ईमानदारी है। ये फर्जी मुक़दमों से मेरी ईमानदारी पर चोट करना चाहते हैं। इन्होंने मुझे समन भेजा है, मेरे वकीलों ने कहा है ये समन ग़ैर क़ानूनी है।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली



### बहुत आभारी हूं

अपनी मिट्टी, अपना देश कैसा भी हो, अपने लिए घर जैसा होता है। जब भी कोई इसे छोड़ कर जाता होगा। उसका दिल इसी तरह का कोई गीत गाता होगा। चल वे वतना .. फिर मिलेंगे। बैठकर लंबी... बात करेंगे। इस मधुर कृति के लिए बहुत आभारी हूं।

-शाहरुख खान, अभिनेता



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# ठंड से ठिठुरा उत्तर भारत

**इन राज्यों में बारिश का अलर्ट**

*आईएमडी के मुताबिक दक्षिण तमिलनाडु, दक्षिण केरल और लक्षद्वीप के कुछ स्थानों पर बारिश होने की संभावना है। अगले तीन से चार दिनों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। लक्षद्वीप में 4 जनवरी को भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, दक्षिण हरियाणा और इसके आसपास चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बना हुआ है।*

दिल्ली समेत उत्तर भारत में शीतलहर और ठंड का प्रकोप जारी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में अगले दो दिनों तक कोल्ड डे की स्थिति रहेगी। हालांकि दो दिनों के बाद इसमें सुधार संभव है। वहीं उत्तर पश्चिम और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों में भी दो दिनों तक घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। आईएमडी के मुताबिक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दो दिनों तक घना कोहरा छाया रहेगा। पूर्वी राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में शुक्रवार को भी शीतलहर चलेगी।

## डल झील में जमी बर्फ की परत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*जम्मू कश्मीर में घना कोहरा और शीतलहर से गुरुवार को भी राहत नहीं मिली। अनंतनाग शहर में बीती रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7 डिग्री दर्ज किया गया।*

*श्रीनगर शहर में तापमान शून्य से नीचे 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और डल झील की सतह पर बर्फ की एक पतली परत बन गई। हाउसबोट में रहने वाले स्थानीय निवासियों को अपनी नौकाओं को किनारे पर लाने के लिए बर्फ की परत तोड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। अत्यधिक शीतलहर के कारण कश्मीर के कई इलाकों में पानी की आपूर्ति करने वाले पाइप के अंदर पानी जम गया है।*



## यहां रहा 6 से 9 डिग्री का तापमान

पिछले 24 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 6 से 9 डिग्री सेल्सियस रहा।

**मौसम ने ली करवट**

**जम्मू**

जम्मू में घने कोहरे के कारण कम दृश्यता के बीच सड़क पर धीमी गति से चले वाहन

## यहां रहा 10 से 12 डिग्री का तापमान

पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तर मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ इलाकों में 10 से 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**देरी से चली ट्रेन और फ्लाइट**

कोहरे के कारण दिल्ली से आने वाली 26 ट्रेनें 6 घंटे देरी से चलीं। करीब आधा दर्जन फ्लाइट भी प्रभावित हुई।

## खबर संक्षेप

### पुलिसकर्मी के घर एसआईए का छापा

**जम्मू।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने हवाला राशि और नारको आतंकवाद मामले में एक




पुलिसकर्मी के घर छापेमारी की। यह कार्रवाई सीमा पार से आने वाली हेरोइन से जमा पैसा दुबई के जरिए वापस पाकिस्तान में जाने के मामले में की गई है। घर से कई इलेक्ट्रानिक उपकरण जब्त किए गए। पुलिसकर्मी के बैंक खातों को खंगाला गया और उसकी जानकारी जुटाई।

### कोर्ट में महिला जज पर हमला, वीडियो वायरल

**न्यूयार्क।** अमेरिका के लॉस वेगास से एक हैरान करने वाली खबर



सामने आई है। यहां क्लार्क काउंटी जिला कोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपी ने महिला जज मैरी पर हमला कर दिया। सुनवाई के बाद महिला जज आरोपी को सजा सुना रही थीं। इस पर वह भड़क गया और टेबल से कूदकर अचानक उनके ऊपर हमला कर दिया। जैसे ही आरोपी ने हमला किया आस-पास मौजूद लोग हैरान रह गए। वहां मौजूद गाड्र्स ने आरोपी को पकड़ लिया।

**विदेश मंत्रालय का बड़ा बयान**

# 8 पूर्व नौसैनिकों की सजा के खिलाफ करेंगे अपील



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के नए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कतर की कोर्ट ऑफ अपील ने 28 दिसंबर को फैसला सुनाया था। इसके बाद हमने बताया कि इन 8 लोगों की मौत की सजा पर रोक लगा दी गई है। हमारी कानूनी टीम के पास कोर्ट का ऑर्डर है। ये गोपनीय ऑर्डर है। हम इतना जरूर कह सकते हैं कि आठों को अलग-अलग अवधि की सजा मिली है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि मौत की सजा खत्म हो गई है। हमारे पास 60 दिनों का समय है और हम कतर के सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं। मामले को लेकर लीगल टीम काम कर रही है। हम कानूनी टीम के संपर्क में हैं।

### विदेश मंत्रालय बोला हम साथ खड़े हैं

8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को राहत मिलने पर विदेश मंत्रालय ने 28 दिसंबर को कहा था कि हम इनके साथ शुरू से खड़े रहे हैं। मंत्रालय ने कहा था कि हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी परिवार के सदस्यों के साथ कोर्ट में मौजूद थे। हम मामले की शुरुआत से उनके साथ खड़े हैं और हम उन्हें सभी सहायता देना जारी रखेंगे। हम इस मामले को कतर के अधिकारियों के सामने भी उठाते रहेंगे।

### मामला क्या है?

कतर में स्थित अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजी में काम कर रहे आठ भारतीयों को अगस्त में कथित जासूसी के मामले में पकड़ा गया था। फिर इन सभी को 26 अक्टूबर को मौत की सजा सुनाई गई थी। हालांकि कतर ने आरोपों को लेकर अधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है।

**भारत की विद्युत नीति से नेपाल को अधिक आर्थिक फायदा हुआ: पुष्पकमल**

# भारत सरकार हमेशा नेपाल संबंधों को देती उच्च प्राथमिकताः जयशंकर

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

राष्ट्रपति के साथ मुलाकात में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार हमेशा ही नेपाल के साथ अपने संबंधों को उच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नेवरहुड फर्स्ट पॉलिसी के कारण भी नेपाल भारत की प्राथमिकता में रहता है। जयशंकर ने यह भी कहा कि नेपाल के साथ जन स्तर से लेकर पौराणिक और आध्यात्मिक संबंध होने के कारण भी भारत के लिए नेपाल एक विशेष स्थान रखता है।

### खास बातें

- विदेश मंत्री ने नेपाल के राष्ट्रपति और पीएम से की मुलाकात
- विदेश मंत्री का राष्ट्रपति पौडेल ने किया स्वागत
- प्रचण्ड ने कई परियोजनाओं को शुरू करने की इच्छा व्यक्त की

## द्विपक्षीय संबंध सुदृढ़ करने पर जोर

नेपाल दौरे पर पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने नेपाल के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात की। राष्ट्रपति पौडेल ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और सुदृढ़ किए जाने पर जोर दिया।



### त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत

नेपाली विदेश मंत्री सउद ने त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जयशंकर का स्वागत किया। नेपाल की विदेश सचिव सेवा लम्साल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हवाई अड्डे पर जयशंकर का स्वागत किया। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 2024 के अपने पहले दौरे के लिए नेपाल वापस आकर खुश हूं। अगले दो दिन में होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की स्थापना 1987 में हुई थी और यह दोनों पक्षों को द्विपक्षीय साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए मंच प्रदान करता है।

### भारत से साझेदारी के कारण नेपाल की विकास गति तेज

*एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचण्ड से भी शिष्टाचार मुलाकात की। प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने बडे ही गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। बता दें कि अपने भारत भ्रमण के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ हुई साझेदारी के कारण नेपाल की विकास गति बढ़ने की जानकारी देते हुए प्रचण्ड ने कहा कि भारत की नई विद्युत नीति के कारण नेपाल को कम समय में ही अपेक्षा से अधिक आर्थिक फायदा हुआ है। प्रचण्ड ने भारत के साथ मिलकर नेपाल की कई बड़ी परियोजनाओं को शुरू करने की अपनी इच्छा व्यक्त की।*


### विद्युत और पर्यटन विकास के लिए भारत तत्पर

पीएम प्रचण्ड के साथ मुलाकात में भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि भारत सरकार का ध्यान सिर्फ समझौते करने में ही नहीं रहता, बल्कि समय पर उसका कार्यान्वयन करना भी उद्देश्य रहता है। जयशंकर ने कहा कि नेपाल के विद्युत और पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए भारत हमेशा ही तत्पर रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि नेपाल के चहुंमुखी विकास के लिए भारत हरसंभव सहयोग करने के लिए तैयार है।

**2 घंटे का सफर 35 मिनट में होगा तय**

# समुद्र पुल पर 100 की स्पीड से दौड़ेंगी गाड़ियां

- *पीएम मोदी 12 जनवरी को करेंगे उद्घाटन*
- *पुल की लंबाई 21.8 किमी, 16.5 किमी समुद्र में ही बना*
- *प्रोजेक्ट पर 17,843 करोड़ रुपए का खर्चा आया*
- *250 से 300 रुपए लग सकता है टोल टैक्स*
- *पुल पर रोजाना करीब 70 हजार वाहन गुजरेंगे*
- *पुल के बनने से लाखों लोगों को मिलेगा फायदा, समय की होगी बचत*



**सर्च ऑपरेशन जारी**

## सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच साल की पहली मुठभेड़

**जम्मू।** कश्मीर घाटी में साल की पहली मुठभेड़ बुधवार देर रात कुलगाम जिले के आदिगाम में हुई। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर रखा है। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के जवान तलाशी अभियान चला रहे हैं। इस दौरान घर में छिपे आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। आतंकियों को समर्पण का मौका दिया गया, लेकिन जब वे लगातार फायरिंग करते रहे, तो मुठभेड़ शुरू हो गई। देर रात गोलीबारी रुकने के बाद सुबह एक बार फिर फायरिंग शुरू हुई।



# फिलीपींस में बैठ आतंक फैलाता था 'पीता' पाक सीमा से हथियार तो जबरन वसूली कॉल से पैसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के आरोप पत्र में बड़ा खुलासा हुआ है। देश में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 'फिलीपींस' से गैंग संचालित होता था। कनाडा स्थित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के संचालक अर्श डाला के निर्देशों के अनुसार, मनप्रीत सिंह 'पीता' आतंकवादी-गैंगस्टर नेटवर्क चला रहा था। वह भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से हथियार जुटाता था, जबकि जबरन वसूली कॉल के माध्यम से धन एकत्रित करता था।




आतंकी गतिविधियों एवं आपराधिक साजिशों को अंजाम देने के लिए 'पीता' ने कई गिरोह खड़े लिए थे। वह इन गिरोह में आतंकियों की भर्ती कर रहा था। उसे पिछले साल फिलीपींस से निर्वासन के बाद गिरफ्तार किया गया था।

# ट्रेन में भारतीय मूल के शख्स ने महिला के सामने की गंदी हरकत

## वीडियो में कैद हुई वारदात, 9 महीने की जेल

**लंदन।** भारतीय मूल के एक शख्स द्वारा लंदन अंडरग्राउंड ट्रेन में मास्टरबेट करने का मामला सामने आया है। 43 वर्षीय



शख्स को एक अकेली महिला के सामने हस्तमैथुन करने का दोषी पाए जाने पर 9 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। उसे 10 साल के लिए यौन अपराधियों के रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने का आदेश दिया गया।

### चलती ट्रेन में करने लगा मास्टरबेट

रात के करीब 11.40 बजे पीड़िता सडबरी टाउन और एक्टन टाउन के बीच पिकाडिली लाइन की एक खाली गाड़ी में अकेली यात्रा कर रही थी। शाह पीड़िता के सामने तिरछे बैठ गया और उसे घूरने लगा जिससे वह असहज महसूस करने लगी। तभी महिला ने देखा कि वह हस्तमैथुन कर रहा था। तभी वीडियो बनाया।

**मॉडल की डेड बॉडी नहीं मिली, सीसीटीवी से खुले कई अहम राज**

# दिव्या पाहुजा की लाश ठिकाने लगाने दिए थे 10 लाख और बीएमडब्ल्यू

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम की रहने वाली मॉडल दिव्या पाहुजा के मर्डर केस की गुत्थी अभी तक सुलझी नहीं है। 2 जनवरी को गुरुग्राम के होटल सिटी प्वाइंट में दिव्या की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और उसके शव को ठिकाने लगाने के लिए आरोपियों ने बीएमडब्ल्यू का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने बीएमडब्ल्यू कार पंजाब के पटियाला में बरामद कर ली है। आरोपी इसी कार में दिव्या की लाश को गुरुग्राम से लेकर गए थे, लेकिन फिलहाल ये कार लॉक है। इस कार को बलराज ले गया था, उसके साथ रवि बांगर भी था। हालांकि जब तक गाड़ी की डिग्गी नहीं खुलेगी, तब तक ये कहना मुश्किल है कि बॉडी कार में है या नहीं।



### झगड़े की वजह

*आरोप है कि अभिजीत की कुछ अश्लील तस्वीरें दिव्या के मोबाइल में थीं। इन तस्वीरों को लेकर दिव्या आरोपी अभिजीत को ब्लैकमेल करती थी। आरोपी अभिजीत सिंह, दिव्या पाहुजा के साथ इसलिए होटल आया, ताकि उसके फोन से वो अपनी अश्लील फोटो डिलीट करवा सके, लेकिन दिव्या ने फोन का पासवर्ड नहीं बताया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ और आरोपी अभिजीत ने दिव्या की गोली मारकर हत्या कर दी। अभिजीत ने कहा कि वह दिव्या को करीब 6 लाख रुपए दे चुका था। पुलिस की तफ्तीश में सामने आया है कि इस वारदात का मुख्य आरोपी अभिजीत, बिंदर गुर्जर के साथ संपर्क में था।*

### कंबल में घसीटते ले गया शव

अभिजीत ने बताया कि वह नशे में था, उसने 5 बजे दिव्या की हत्या कर दी। मर्डर के बाद जब उसे होश में आया तो उसने अपने अन्य साथियों को बुलाया। पुलिस को वारदात की जानकारी रात 9 बजे मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस होटल पहुंची। पुलिस ने अभिजीत का कमरा खंगाला। अभिजीत होटल के रूम नंबर 114 में रुका था। पुलिस ने इसी कमरे की जांच की। लेकिन जांच में कुछ भी नहीं मिला और पुलिस होटल से वापस लौट गई। दरअसल, दिव्या की लाश रूम नंबर 111 में थी। दिव्या का शव रात 10.44 बजे निकाला गया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी दिव्या के शव को कंबल में लपेटकर घसीटते हुए ले जाते दिखे।

### पुलिस को मिले 2 फोन

पुलिस ने ये भी बताया कि हमें 2 फोन मिल गए हैं। एक अभिजीत का है जबकि दूसरा एक दिव्या का। पुलिस ने होटल मालिक अभिजीत के साथ ही हेमराज और ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया है। अभिजीत ने कबूल किया कि उसने अपने दो गुर्गों को दिव्या की लाश ठिकाने लगाने के लिए अपनी बीएमडब्ल्यू कार और 10 लाख रुपये दिए थे। अभिजीत और दिव्या तीन महीने से संपर्क में थे और रिलेशशिप में आ गए। इस दौरान दिव्या ने कुछ वीडियो बना लिए थे।

# सागर किनारे




1 समुद्र किनारे 'वॉक'

## लक्षद्वीप में समुद्र के किनारे पीएम मोदी की मॉर्निंग वॉक

# लाइफ जैकेट पहनकर उतरे लहरों में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी लक्षद्वीप यात्रा के बारे में गुरुवार को अपना अनुभव शेयर किया। पीएम मोदी ने एक्स पर अपनी यात्रा की कई तस्वीरें शेयर की हैं। मोदी ने लक्षद्वीप में समुद्र किनारे अपना समय बिताया। उन्होंने बीच पर शांति और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। अपनी लक्षद्वीप यात्रा के दौरान उन्होंने समुद्र में डुबकी लगाई और गहरे पानी के अंदर स्नॉर्कलिंग की।

2 डुबकी लगाते हुए



3 लहरों को निहारते मोदी



**पीएम मोदी ने कहा**

### इसकी अद्भुत सुंदरता, लोगों की गर्मजोशी से आश्चर्यचकित हूं

मैं अभी भी इसके द्वीपों की अद्भुत सुंदरता और यहां के लोगों की अविश्वसनीय गर्मजोशी से आश्चर्यचकित हूं। मुझे अगत्ती, बंगाराम और कावारत्ती में लोगों से बातचीत करने का अवसर मिला। मैं द्वीप के लोगों को उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं।

**चीन ने माना भारत का 'लोहा'**

## मोदी के नेतृत्व को सराहा रणनीतिक रूप से भारत 'ज्यादा विश्वास' से भरा



### पूरी दुनिया का मेंटर बनना चाहता है भारत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चीन के 'ग्लोबल टाइम्स' ने भारत की जमकर तारीफ की है। एक लेख में उसने भारत की शक्ति को भी माना है और पीएम मोदी के नेतृत्व को भी सराहा है। लेख में जोर देकर कहा गया है कि भारत अब रणनीतिक रूप से ज्यादा विश्वास से भरा दिखता है, वो विकास के प्रति ज्यादा सक्रिय हो चुका है।

'ग्लोबल टाइम्स' के लेख में लिखा गया कि भारत अपने एक्सपोर्ट पर ज्यादा जोर दे रहा है। उसका भारत वाला नेरेटिव ज्यादा उभरकर सामने आ रहा है, वो ज्यादा आत्मविश्वास से भरा लगा रहा है। लेख में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि भारत अब हर कीमत पर गुलामी वाली मानसिकता से मुक्त होना चाहता है, वो पूरी दुनिया का मेंटर बनना चाहता है, फिर चाहे वो राजनीतिक रूप से हो या फिर सांस्कृतिक रूप से। ये लेख फुडन यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर साउथ एशियन स्टडीज के निदेशक झांग जियाडोंग द्वारा लिखा गया था।

**तल्ख रिश्तों के बीच इस तारीफ ने 'चौंकाया'**

अब वैसे तो भारत की बढ़ती ताकत की तारीफ कई मौकों पर हुई है, लेकिन चीन की तरफ से ऐसा होना हैरान करता है। चीन के साथ पिछले कुछ सालों से भारत के रिश्ते तल्ख चल रहे हैं, आलम ये है कि सीमा पर तनाव बढ़ता चला गया है। उस बीच अगर चीन की सरकार का सबसे बड़ा मुखपत्र माना जाने वाला ग्लोबल टाइम्स पीएम मोदी की तारीफ कर दे, तो पूरी दुनिया के लिए इसके मायने बढ़ जाते हैं। वैसे ये तारीफ भी उस समय की गई है, जब चीन पूरी दुनिया के निशाने पर है। असल में ऐसी अटकलें चल रही हैं कि चीन कुछ खतरनाक करने की तैयारी कर रहा है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन में लोप नूर नाम की एक जगह है जहां पर 1964 में सबसे पहले परमाणु परीक्षण किया गया था। अब दावा ये हुआ है कि उस इलाके में फिर कुछ ऐसी गतिविधियां दिखी हैं जिनसे अंदेशा उठना शुरू हो गया है कि शी जिनपिंग किसी बड़ी रणनीति पर काम कर रहे हैं। जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें कई जगहों पर वर्टिकल ड्रिलिंग देखी गई थी, यानी कि गहरे गड्ढे हैं। जानकारी मिल रही है कि नए तरह के परमाणु हथियार तैयार करने के लिए चीन गुपचुप तरीके से इसे अंजाम दे रहा है।

**खबर संक्षेप**

### महाराष्ट्र की डीजीपी बनी रश्मि शुक्ला



**मुंबई।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला को महाराष्ट्र के नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया। इस संबंध में महाराष्ट्र के गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि रश्मि शुक्ला 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी हैं। इससे पहले उन्हें प्रतिनियुक्ति पर सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। इससे पहले वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रजनीश सेठ महाराष्ट्र के डीजीपी थे।

### पीएम के खिलाफ टिप्पणी पर फंसे खेड़ा



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने खेड़ा के खिलाफ दर्ज एफआईआर और आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने से इनकार कर दिया है। खेड़ा ने मोदी और उनके पिता के नाम पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिस पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इलाहाबाद हाई कोर्ट से भी राहत नहीं मिली थी।

### भोपालः वार्ड-41 के पार्षद 355 पंच के चुनाव आज



**भोपाल।** नगर निगम के वार्ड-41 में पार्षद और जिले के 355 पंच पदों के लिए चुनाव 5 जनवरी को होंगे। पार्षद की किस्मत का फैसला 22 हजार से अधिक मतदाता करेंगे। गुरुवार को मतदान सामग्री केंद्रों पर रवाना कर दी गई। यह सीट मौजूदा परिषद के सबसे सीनियर पार्षद मो. सगीर के निधन से 25 जुलाई को खाली हो गई थी। मतगणना 9 जनवरी को होगी। सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू होगी, जो शाम 5 बजे तक चलेगी।

**दुबके रहे लोग :** बारिश, बादल, घना कोहरा और धुंध के बीच तेजी से गिरा दिन का पारा

# ग्वालियर का दिन सबसे ठंडा, भोपाल में 8 साल का सबसे सर्द दिन रहा, बादलों में गुम हुआ सूरज

**शाम 7 बजे भोपाल में हुई तेज बारिश**

## सागर में प्रदेश की रात का पारा सबसे कम 10.7 डिग्री दर्ज

खजुराहो में 100 मीटर, दतिया, सतना, टीकमगढ़ में 200 मीटर, ग्वालियर में 300 मीटर, भोपाल हवाई अड्डे में 400 मीटर, तथा उज्जैन, दमोह एवं रीवा जिलों में 500 मीटर दृश्यता दर्ज



रात 10 बजे करोंद में ऐसा नजारा दिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुरुवार को पश्चिमी के ज्यादातर और पूर्वी मप्र में कहीं बारिश, घना कोहरा और धुंध के असर से दिन के तापमान में तेजी से गिरावट रही। ग्वालियर का दिन प्रदेश में सबसे सर्द रहा। यहां दिन का पारा 14.7 डिग्री रहा, जो सामान्य से 7 डिग्री कम है।

यहां रात का पारा 11 डिग्री रहा। सागर में प्रदेश की रात का पारा सबसे कम 10.7 डिग्री दर्ज हुआ है। भोपाल में 8 साल का सबसे सर्द दिन रहा। यहां 2 जनवरी वर्ष 2015 में दिन का पारा सबसे कम 15.1 डिग्री रहा था, जिसके बाद गुरुवार को शहर का सबसे कम अधिकतम तापमान 16.7 डिग्री रहा। जो सामान्य से 7.3 डिग्री कम है। रात का पारा 14.4 डिग्री रहा, जिससे राजधानी में दिन और रात के तापमान में केवल 2.3 डिग्री का अंतर रहा है। शहर में पूरे दिन धुंध और घने बादलों के बीच सूरज पूरी तरह गायब रहा। उत्तरी हवाओं की रफ्तार भी 10 किमी से अधिक रही, जिससे सर्दी और बढ़ गई।

- पूरे प्रदेश में रात का तापमान सामान्य से अधिक
- प्रदेश में सबसे ज्यादा दिन के तापमान में गिरावट भोपाल में दर्ज
- शहडोल संभाग सहित आज कुछ जिलों में गिरेंगे ओले



लिंक रोड नंबर 1 में दोपहर करीब 12 बजे कोहरा दिखा

### इसलिए बढ़ी सर्दी, अभी जारी रहेगी

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी हरियाणा से दक्षिण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच ऊपरी हवा का एक चक्रवात बना है। साथ ही दक्षिण पश्चिमी यूपी से कर्नाटक तक एक ट्रफ भी बनी हुई है। इससे शुक्रवार को भी भोपाल सहित कई जिलों में बारिश, घना कोहरा, बादल और धुंध का असर रहेगा। इनमें प्रमुख रुप से सागर, भोपाल, उज्जैन, इंदौर संभाग और ग्वालियर संभाग से लगे हिस्सों में बारिश होगी।

**आज भी यही रहेगा मौसम का मिजाज**

गुरुवार को प्रदेश में सबसे अधिक दिन के तापमान में गिरावट भोपाल में 7.2 डिग्री की रही। इसके साथ ही इंदौर, नर्मदापुरम, सतना, जबलपुर, उज्जैन, रायसेन, धार आदि जिलों में भी दिन का पारा 3 से 6 डिग्री तक गिरा है। इससे इन जिलों में दिन काफी सर्द रहा। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी प्रदेश में मौसम का यही मिजाज रहेगा।


### यहां रहा घना कोहरा, आज भी जारी रहेगा

*भिंड, मुरैना, श्योपुर कलां, ग्वालियर, दतिया, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, सागर, छतरपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, दमोह, पन्ना और सतना में मध्यम से घना कोहरा रहा। सबसे कम विजिबिलिटी सुबह के समय रतलाम और सागर में 50 मीटर से कम यानि शून्य रही। खजुराहो में 100 मीटर, दतिया, सतना, टीकमगढ़ में 200 मीटर, ग्वालियर में 300 मीटर, भोपाल हवाई अड्डे में 400 मीटर, तथा उज्जैन, दमोह एवं रीवा जिलों में 500 मीटर दर्ज की गई। इन जिलों में भी दृश्यता शून्य रही है।*

**आमंत्रण के साथ आधार दिखाना होगा**

### रामलला, निषादराज, शबरी पर जारी होंगे डाक टिकट

एजेंसी ⏭ अयोध्या




- प्राण प्रतिष्ठा का वक्त 11.30 से 12 .30 बजे

उप्र के अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला, शबरी व निषादराज के डाक टिकट भी जारी करेंगे। इनकी कीमत 50 रुपए होगी। यह जानकारी प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव ने दी है। इससे पहले 5 अगस्त 2020 को पीएम ने रामजन्मभूमि का डाक रामलला, निषादराज... टिकट जारी किया था।

**प्रभातफेरी के दौरान चाकूबाजी**

### बजरंग दल कार्यकर्ता की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर



- घटना के बाद कार्यकर्ताओं का चक्काजाम

रणजीत अष्टमी पर रणजीत हनुमान की प्रभातफेरी में गुरुवार सुबह युवकों के दो गुट भिड़ गए। इसमें गले में चाकू मारकर बजरंग दल के एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। मारपीट में उसका एक साथी घायल हो गया है। घटना के बाद बजरंग दल कार्यकर्ता पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंच गए। यहां पर उन्होंने चक्काजाम भी किया। उन्होंने हमलावरों के घरों पर बुल्डोजर चलाने की मांग की।

**3304 करोड़ राजस्व प्राप्त किया**

### जीएसटी कलेक्शन में मप्र ने बनाया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



- सीएम डॉ.मोहन यादव ने दी बधाई

मध्य प्रदेश वाणिज्यकर विभाग ने जीएसटी कलेक्शन में नया रिकॉर्ड बनाया है। विभाग ने दिसंबर 2023 में 3304 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया है। यह राशि 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद किसी माह में प्राप्त सबसे अधिक राजस्व है। इसको लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने बधाई दी।

**राहुल की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 14 जनवरी से**

## इंफाल से शुरु होकर 'मुंबई' तक 100 लोकसभा सीटें कवर करेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- 67 दिनों में 6713 किमी का सफर तय करेंगे

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी फिर यात्रा पर निकलने वाले हैं। 14 जनवरी से शुरू होनी वाली इस यात्रा का नाम 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' होगा। इस बात की जानकारी कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दी। इससे पहले इस यात्रा नाम 'भारत न्याय यात्रा' दिया गया था। जयराम रमेश ने कहा कि यात्रा की शुरुआत मणिपुर की राजधानी इंफाल से होगी। यात्रा 14 जनवरी दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। यात्रा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हरी झंडी दिखाएंगे।



**110 जिलों से होकर गुजरेगी यात्रा**

उन्होंने कहा कि इस दौरान राहुल गांधी बस और पद यात्रा करेंगे। इस यात्रा में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को भी न्यौता दिया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत 67 दिनों में 6713 किमी का सफर तय करेंगे। यह यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों से होकर गुजरेगी। इसके अन्तर्गत 100 लोकसभा सीटें आएंगी। राहुल गांधी की यात्रा मुंबई में खत्म होगी।

**कलकत्ता हाईकोर्ट की टिप्पणी के खिलाफ बंगाल सरकार**

# 'लड़कियां यौन इच्छाओं को कंट्रोल रखें' सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई याचिका

## अब सीजीआई तय करेंगे कि कौन सी बेंच मामले में सुनवाई करेगी?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले पर एक बार फिर सुनवाई की।

इस दौरान पश्चिम बंगाल सरकार ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि हमने मामले में फैसले के खिलाफ अपील दाखिल कर दी है। मामले में चीफ



जस्टिस तय करेंगे कि मामले की अगली सुनवाई कौन सी बेंच करेगी। गौर हो कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने अक्टूबर में एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा था- नाबालिग लड़कियों को दो मिनट के मजे की जगह अपनी यौन इच्छाओं पर कंट्रोल रखना चाहिए और नाबालिग लड़कों को युवा लड़कियों और महिलाओं और उनकी गरिमा का सम्मान करना चाहिए। इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया और सुनवाई शुरू की। दिसंबर में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जजों को अपनी निजी राय व्यक्त नहीं करना चाहिए। ऐसा आदेश किशोर वय अधिकारों का हनन है।

**बुरहानपुर जिले को प्रथम राष्ट्रीय ओडीओपी पुरस्कारों में 'स्पेशल मेंशन अवार्ड-2023' से नवाजा गया**

प्रतिदिन लगभग 20 से 30 मीट्रिक टन केले दुबई, तुर्की और बहरीन तक जा रहे

# केले से चिप्स ही नहीं पावडर, राखियां और 'सेनेटरी नेपकिन' तक भी बन रहे

शाहपुर खकनार निमंदड बुरहानपुर सहित करीब 30 हजार हैक्टेयर में केला होता है। 15 हजार किसान इसकी फसल से जुड़े हुए

अशोक सोनी ⏭ बुरहानपुर

**हरिभूमि विशेष**

नव वर्ष-2024 का तीसरा दिन बुधवार बुरहानपुर जिले के लिए नवीन उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के प्रयास एवं जिले की पहचान एक जिला-एक उत्पाद अंतर्गत मुख्य फसल केले का उत्पादन बढ़ाने, व्यापार बढ़ाने, प्रसंस्करण क्षेत्र में विशेष कार्य करने के लिए बुरहानपुर जिले को प्रथम राष्ट्रीय ओडीओपी पुरस्कारों में 'स्पेशल मेंशन अवार्ड-2023' से नवाजा गया है।

- नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल सम्मानित हुईं





### रेलवे स्टेशन पर स्टॉल लगाया गया

*कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने 'हरिभूमि' को बताया कि जहां जिले की मुख्य फसल केले के रेशे से विभिन्न उत्पाद तैयार करने के लिए महिलाओं को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया गया। जिसके अंतर्गत प्रारंभिक तौर पर ही केले की गुणवत्ता को पहचानने केले के तने से रेशे निकालना प्रमुख है। हमने जिले में केले के विक्रय को बढ़ाने के लिए एक जिला-एक उत्पाद के तहत रेलवे स्टेशन बुरहानपुर पर स्टॉल लगाया गया है। वहीं जिले में केला पैकिंग एवं ग्रेडिंग की यूनिट्स स्थापित की गई है। जिसके माध्यम से प्रतिदिन लगभग 20 से 30 मीट्रिक टन केले दुबई, तुर्की, बहरीन एवं अन्य देशों में निर्यात किए जाते हैं।*

**खबर संक्षेप**

### गोदरेज एग्रोवेट ने किया किसानों का सम्मान

**मुंबई।** गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने किसान दिवस 2023 के मौके पर भारतीय किसानों के प्रति आभार प्रकट करने के लिए एक ब्रांड फिल्म जारी की है। क्रिएटिवलैंड एशिया के साथ गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड और एसोसिएटेड कंपनियों की कॉर्पोरेट ब्रांड एवं कम्युनिकेशंस टीम द्वारा तैयार, यह फिल्म गोदरेज एग्रोवेट की भारतीय किसानों के प्रति सम्मान और किसान परिवारों के उत्थान में मदद करने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### वी का ई-स्पोर्ट्स पर फोकस बढ़ाने का लक्ष्य

**मुंबई।** प्रमुख टेलीकॉम ऑपरेटर वोडाफोन आइडिया और पेरिस से इंटरनेशनल मान्यता प्राप्त ईस्पोर्ट्स संगठन टीम वाइटेलिटी ने भारत में ईस्पोर्ट सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालिक साझेदारी की है। अपनी तरह की अनूठी साझेदारी के तहत दोनों ब्राण्ड्स ईस्पोर्ट्स के प्रशंसकों और गेमिंग प्रेमियों को एक्सपोजर एवं अवसर प्रदान करेंगें। इस साझेदारी के कई पहलू होंगे जैसे ब्राण्ड स्पॉन्सरशिप, कंटेंट पार्टनरशिप्स, गेमिंग इवेंट्स और अभूतपूर्व अनुभव। इससे वी के उपभोक्ता ईस्पोर्ट्स में हिस्सा ले सकेंगे ।

### डॉ.प्रवीणा राजीव बिमटेक के नए डायरेक्टर

**नोएडा।** बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने प्रोफेसर डॉ. प्रवीणा राजीव को डायरेक्टर नियुक्त करने की घोषणा की है। वे डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी का



स्थान लेंगी, जो अब बिमटेक और बीजीयू की मूल संस्था, बिड़ला एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर के मुख्य शैक्षिक सलाहकार की भूमिका निभाएंगे और उन्हें मार्गदर्शन देंगे। आईआईटी खड़गपुर के विनोद गुप्ता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में फाइनेंस और अकाउंटिंग में एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर डॉ. प्रवीणा राजीव को व्यापक अनुभव हासिल है। उनके व्यापक पोर्टफोलियो में शिक्षण, अनुसंधान और परामर्श संबंधी भूमिकाएं शामिल हैं।

## प्रदेश की 200 एमएसएमई यूनिट्स करेंगी फेड एक्सपों में अपनी मैन्युफैक्चरिंग और क्षमताओं का प्रदर्शन

# मप्र में पहली बार तीन दिवसीय 'फेड एक्सपो 2024' जीआईए एग्जिबिशन सेंटर में 19 से

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ एमपी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के तत्वावधान से तीन दिवसीय फेड एक्सपो 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान वेंडर डेवलपमेंट एवं बायर सेलर मीट भी होगी। राजधानी भोपाल के गोविंदपुरा स्थित जीआईए एग्जिबिशन सेंटर में तीन दिवसीय (19, 20 और 21 जनवरी को) यह एक्सपो आयोजित होगा। एक्सपो के लिए भूमि पूजन मकर संक्रांति के मौके पर होगा।

फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. आरएस गोस्वामी ने बताया कि मध्यप्रदेश में पहली बार आयोजित हो रहा फेड एक्सपो 2024 एंकर यूनिट्स (पीएसयू एवं लार्ज मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां) और मध्य प्रदेश की मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म इकाइयों यानी एमएसएमई के लिए एक बेहतर मंच साबित होगा। मध्य प्रदेश और आसपास के राज्यों की 200 एमएसएमई यूनिट्स एक्सपो में अपनी टेक्नोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग क्षमता से इंडस्ट्री विजिटर्स को अवगत कराएंगी। इसके साथ ही फेड एक्सपो एंकर यूनिट्स के लिए भी शानदार अवसर है, जहां वह एक ही स्थान पर बड़ी संख्या में वेंडर्स के साथ बिजनेस मीटिंग्स कर पाएंगे। फेड एक्सपो में समानांतर सत्र भी आयोजित होंगे। जहां कंपनियों के प्रतिनिधि एमएसएमईस यूनिट्स के बड़े समूह के साथ अपने वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं, सप्लाई चेन की चुनौतियों, वेंडर से क्या आशा और वेंडर रजिस्ट्रेशन प्रोसेस को लेकर चर्चा कर सकेंगी। इस फेड एक्सपो में भाग लेने वाली एसएमई को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय पंजीयन शुल्क में 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति प्रदान कर रही है।




**सन 1975 में हुई थी फेडरेशन की स्थापना**

फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमपीसीसीआई) की शुरुआत वर्ष 1975 में हुई। मध्य प्रदेश के उद्योग, व्यापार, कॉमर्स और इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के साथ इन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से फेडरेशन निरंतर कार्यरत है।

### यह एंकर यूनिट्स लेंगे हिस्सा

*डॉ.गोस्वामी के अनुसार लघु एवं सूक्ष्म उद्योग सेक्टर के लिए फेड एक्सपो 2024 बेहद फायदेमंद अवसर साबित होगा। यहां बड़े उद्योग अपनी वर्तमान एवं भविष्य में सामग्री एवं सेवाओं की आवश्यकताओं के बारे में भी बताएंगे। बीएचईएल, इंडियन रेलवे, पतंजलि आयुर्वेद, वॉलमार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एमपी पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, नॉर्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड, ट्राइडेंट लिमिटेड, एंड्रिट्ज हाइड्रो प्राइवेट लिमिटेड, आईटीसी लिमिटेड, एनटीपीसी, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री जबलपुर, एमपी पावर जेनरेटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, एसएआईएल, सदर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड, सीजी पावर एंड इंडसट्रियल सॉल्यूशंस, भास्कर ग्रुप, एचईजी लिमिटेड, आईओसीएल, एचपीसीएल, बीना रिफायनरी इत्यादि इस एक्सपो में शिरकत करेंगे। इस एक्सपो के दौरान फेडरेशन प्रदेश से निर्यात के अवसर पैदा करने के साथ बढ़ोत्तरी पर भी फोकस करेगा। यूएसए,रुस,इथोपिया, इज़रायल, मलेशिया, बेलजियम, थाईलैंड व जर्मनी आदि देशों के वाणिज्य दूतावास अधिकारी एवं वाणिज्य प्रतिनिधि इस एक्सपो में भाग लेंगे।*

## ड्राइवरों के स्टेयरिंग पकड़ने से परिवहन सेवाओं ने पकड़ी गति

# सड़कों पर सरपट दौड़े कॉमर्शियल वाहन, पटरी पर लौटने लगी जिंदगी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार के आश्वासन के बाद मंगलवार रात की दरमियान से ही आंदोलन खत्म कर ड्राइवरों ने वाहनों की स्टेयरिंग पकड़ ली। बुधवार की सुबह चार्टर्ड, स्कूल और रेड बसें भी चलना शुरू हो गई। ड्राइवरों के काम पर लौटने सड़कों पर सभी कॉमर्शियल वाहन सरपट दौड़े तो परिवहन व्यवस्था के सुचारू संचालन से आम आदमी की जिंदगी पटरी पर लौटी।

ट्रक और बस ड्राइवर की हड़ताल खत्म होने से परिवहन सेवाएं फिर गति पकड़ी और डीजल-पेट्रोल से लेकर दूध और सब्जी की आपूर्ति भी सामान्य हो चली है। सिटी बसें भी रफ्तार पकड़ रही हैं। केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून में किए गए संशोधन के बाद देशव्यापी ट्रक और बस चालक हड़ताल पर थे, यह हड़ताल दो दिन चली और बाद में केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय और ऑल इंडिया मोटर टांसपोर्टर्स एसोसिएशन के बीच हुई बातचीत के बाद एसोसिएशन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया।



**वाहनों में आराम से पेट्रोल-डीजल भरवाया**

बुधवार को राजधानी भोपाल में परिवहन संचालक के साथ ही पेट्रोल पंप पर भी सामान्य स्थिति रही। लोग अपने वाहनों में आराम से पेट्रोल-डीजल भरवाया। वाहन चालकों ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10:30 बजे ड्राइवरों ने आंदोलन खत्म कर दी।



**परिवहन सेवा में सुधार आया**

हड़ताल खत्म होने के बाद बुधवार को जनजीवन सामान्य हो गया। बसों के पहिए चल पड़े, वहीं सड़कों पर खड़े ट्रक और बस भी अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। राजधानी भोपाल सहित राज्य के अन्य हिस्सों में परिवहन सेवा में सुधार आया तो जरूरी सामानों की आपूर्ति भी शुरू हो गई।

### ट्रांसपोर्टरों ने की माल लदान की बुकिंग और डिलीवरी

ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष ठाकुर लाल राजपूत ने बताया कि ड्राईवरों की हड़ताल खत्म होने से आज परिवहन व्यवस्था पटरी पर लौट आई है। भोपाल-मंडीदीप के 300 ट्रांसपोर्टर और मध्यप्रदेश के 10 हजार ट्रांसपोंटर जिन्होंने माल लदान करने और डिलीवरी देने के इंकार कर रहे हैं अब वे माल ट्रांसपोर्टेशन का काम शुरू कर दिए है। भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि शहर और प्रदेश के बाहर सीमाओं जो ट्रक खड़े थे वह सड़कों पर चल पड़े हैं। तो ईंधन की किल्लत की आशंका में जिन ऑपरेटरों ने अपने फेरे रोक दिए उन्होंने भी वाहनों को सड़क पर उतार दिए है।

**बाजारों में चहल-पहल बढ़ी**

ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल खत्म होने के साथ ही स्कूलों के वाहन चालक भी काम पर लौट आए है। आज राजधानी में ज्यादातर स्कूल खुल गए। बच्चों को स्कूल बसों सहित अन्य साधनों से भेजा गया। इसी के साथ लाल बसों के चलने से बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ी। बाजारों में लोग खरीदारी करने पहुंचे। हड़ताल के चलते दो दिन लगातार लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा, लेकिन बुधवार को राहत भरी सुबह निकली। पूरे शहर में बीसीसीएल की बसों का संचालन सुचारू रहा।

## परिवहन, टोल और पार्किंग भुगतान के लिए

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने की एनसीएमसी रुपे प्रीपेड कार्ड की शुरुआत




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड रुपे रीलोडेबल प्रीपेड कार्ड की शुरुआत करने की घोषणा की। वन नेशन, वन कार्ड पहल के अनुरूप, बैंक ऑफ बड़ौदा एनसीएमसी रुपे प्लेटिनम ईएमवी चिप-समर्थित संपर्क रहित प्रीपेड कार्ड एक इंटर-ऑपरेबल और बहुउद्देश्यीय परिवहन कार्ड है जिसका उपयोग देशभर में सार्वजनिक परिवहन मेट्रो तथा आने वाले समय में बस, ट्रेन, कैब, फेरी, टोल और पार्किंग के भुगतान के लिए किया जा सकता है। कार्ड का उपयोग एटीएम से दैनिक नकदी आहरण तथा पीओएस व ई-कॉमर्स के माध्यम से भुगतान के लिए भी किया जा सकता है। यह कार्ड ग्राहकों और जो ग्राहक नहीं हैं, दोनों के द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखाओं से प्राप्त किया जा सकता है और यह वास्तविक समय में उपयोग के लिए तुरंत सक्रिय कर दिया जाएगा। कार्ड एनसीएमसी-विशिष्ट टर्मिनलों पर ऑनलाइन लेनदेन के साथ-साथ ऑफ़लाइन लेनदेन को भी सपोर्ट करता है। बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक लालसिंह ने कहाकि बैंक ऑफ बड़ौदा एनसीएमसी रुपे प्रीपेड कार्ड, कैशलेस व ऑन दि गो लेन देन को एक नई दिशा देने तथा उपयोगकर्ताओं के सार्वजनिक परिवहन में आवागमन के अनुभव को बेहतर बनाने की क्षमता रखता है।

### स्वास्थ्य बीमा योजना जूनो हेल्थ प्लस पॉलिसी का अनावरण

**मुंबई।** डिजिटल बीमा कंपनी जूनो जनरल इंश्योरेंस ने नवीनतम स्वास्थ्य बीमा पॉलिस-जूनो हेल्थ प्लस पॉलिसी को शुरू किया है। इस नवाचारी स्वास्थ्य बीमा योजना को व्यक्तियों और परिवारों के लिए विशेष रूप से सस्ते प्रीमियम पर अनुरूप कवरेज और विशेष लाभ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह मुद्रास्फीति उत्पाद एक ही पॉलिसी के अंतर्गत परिवार के 9 सदस्यों को कवरेज प्रदान करता है, जो कई पॉलिसीयों को प्रबंधित करने की प्रक्रिया को आसान बनाता है। पॉलिसी लेने की किसी भी अधिकतम आयु सीमा के बिना, इस पॉलिसी से वरिष्ठ नागरिकों को भी कवर प्रदान किया जाता है।

### ज्वेलर्स के घर में घुसे तीन नकाबपोश बदमाश,1 करोड़ से अधिक की लूट

**भोपाल।** राजधानी के सबसे पॉश इलाके अरेरा कालोनी ई-4 में रहने वाले एक ज्वेलर्स के घर शाम को तीन नकाबपोश बदमाश घुस गए। और महिला को चाकू अड़ाकर जेवरात उतरवा लिए और अलमारी में रखे 1 करोड़ रुपए से अधिक लूटकर भाग निकले। घर से बाहर भागते समय दूसरे बंगले में तैनात चौकीदार ने एक संदेही को दबोच लिया।

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


## लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा एक्टिव मोड में

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कई मोर्चों के प्रभारी नियुक्त किए

### सुनील बंसल युवा मोर्चा के प्रभारी बनाए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस साल होने जा रहे लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को पार्टी में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कई मोर्चों के प्रभारी नियुक्त किए हैं। नड्डा ने युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, एससी मोर्चा, ओबीसी मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारियों की नियुक्ति को मंजूरी दी है। बता दें कि नड्डा ने पिछले महीने के आखिरी हफ्ते में भाजपा की दो दिवसीय बैठक बुलाई थी और आगामी कार्यक्रमों का एजेंडा तैयार किया था। सूत्रों ने बताया था कि इस बैठक में सभी अधिकारियों को मिशन मोड में काम करने की हिदायत



दी गई थी। भाजपा ने सुनील बंसल को युवा मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं, बैजयंत जय पांडा को महिला मोर्चा का प्रभारी, बंदी संजय कुमार को किसान मोर्चा का प्रभारी, तरुण चुग को अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रभारी, राधा मोहन दास अग्रवाल को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का प्रभारी, विनोद तावड़े को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा का प्रभारी और दुष्यंत कुमार गौतम को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया है। नए प्रभारियों की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से कर दी गई है।

## इंडिया फर्स्ट लाइफ के नमन गुप्ता ने कहा

# बीमा क्षेत्र में पारदर्शिता पर केंद्रित एक व्यापक संचार रणनीति जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीवन बीमा क्षेत्र यानी लाइफ इंश्योरेंस सेक्टर के प्रतिस्पर्धी दौर और परिदृश्य में दृढ़ता का अनुपात,अपनी नीतियों को नया बनाने वाले पॉलिसी होल्डर्स के प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है, जो कि सफलता के लिए एक महत्वपूर्ण पैरामीटर है।

इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस ने मजबूती बढ़ाने में कस्टमर फर्स्ट के असर के बारे में दिखाया है। निजी संचार और एक अभिनव एडवांस प्रीमियम पेमेंट (अग्रिम प्रीमियम भुगतान) सुविधा जैसी पहलों की वजह से कंपनी के 13 महीने के दृढ़ता अनुपात में प्रभावशाली आठ-प्रतिशत-बिंदु सुधार में योगदान मिला है, जो 2020 में 75.76 फीसदी से बढ़कर मार्च 2023 में 83 फीसदी हो गया है। यह बात इंडिया फर्स्ट लाइफ



के एसवीपी और हेड-ब्रांच ऑपरेशंस, पर्सिस्टेंसी एंड फाइनेंशियल ऑपरेशंस नमन गुप्ता ने कही। गुप्ता के अनुसार बीमा रिन्यूअल में सबसे ज्यादा गिरावट पहले वर्ष के बाद होती है, उद्योग और नियामक प्राधिकरण दोनों की ओर से 13 महीने के दृढ़ता अनुपात की बारीकी से निगरानी की जाती है। वित्तीय तनाव और नीतिगत लाभों के बारे में समझ की कमी नीतिगत गलती के प्रमुख कारण हैं। इन मुद्दों का समाधान करने के लिए विश्वास और पारदर्शिता पर केंद्रित एक व्यापक संचार रणनीति जरूरी है।

### पारदर्शिता को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध

इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस ने प्री-इश्यूएंस वेरिफिकेशन कॉल को लागू करके और इश्यूएंस के बाद एक पृष्ठ का प्रमुख फीचर डॉक्यूमेंट भेजकर सक्रिय कदम उठाए हैं। संचार वहां समाप्त नहीं होता है; पॉलिसी के जीवन-चक्र के दौरान समय-समय पर अपडेट कस्टमर्स को सूचित करते रहते हैं। 1 जनवरी 2024 से कस्टमर इंफार्मेशन शीट के लिए भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण का प्रस्ताव, पारदर्शिता को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और उसके अनुरूप है। कस्टमर को प्राथमिकता देकर और कस्टूमर फर्स्ट का नजरिया अपनाकर, बीमाकर्ता न सिर्फ अपने दृढ़ता अनुपात में सुधार कर सकते हैं।


**आवश्यकता**

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ की सिक्योरिटी कंपनी को रायपुर, दुर्ग, हेतु सुरक्षागार्ड 40 M/F सुपरवाइजर 10 पद वेतन 10,000/- से 15000/- फ्री आवास कैंटीन सुविधा संपर्क यश सिक्योरिटी सर्विसेस कुशालपुर चौक रायपुर छत्तीसगढ़ 8982225333, 8839618641, 8815170599, 9770196262 (रायपुर/31/दिस.23)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

ऑल MPCG एयरपोर्ट हेतु पक्की जॉब लड़के-लड़कियां अनपढ़/8वीं 10वीं 12वीं ग्रेजुएट लोडर, हेल्पर, ड्राइवर, ग्राउंड सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, रहना खाना फ्री+(कैब सुविधा) सैलरी 35,500/- से 85,500/- 9625271611

## शब्द पहेली - 5385



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा-2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली - 5384 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5395

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5394 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE



रोचक / प्रत्यूष शर्मा

बच्चों, अगर तुम विंटर वेकेशन पर अपनी फैमिली के साथ कहीं स्नोफॉल वाले इलाके में जाने का प्लान कर रहे हो तो कुछ क्रिएटिव-मजेदार आउटडोर गेम्स और एक्टिविटीज के बारे में जरूर जान लो, ताकि वहां जाकर इन्हें एंज्वॉय करो।

# विंटर वेकेशन में करो फन इन आउटडोर एक्टिविटीज संग

बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर फैमिली के साथ मजे करने के लिए आउटडोर एक्टिविटीज एक बहुत मजेदार ऑप्शन है। यहां हम तुम्हें कुछ एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जो विंटर वेकेशन का मजा दोगुना कर देंगी।

## स्नोमैन या स्नो एनिमल्स

बर्फबारी वाले इलाके में फैमिली के साथ जमीन पर पड़ी बर्फ से स्नोमैन बनाने से बेहतर यादगार लम्हा कुछ और नहीं हो सकता। बच्चों, अगर तुम इस एक्टिविटी में क्रिएटिव बदलाव लाना चाहते हो तो स्नोमैन के बजाय अपने किसी फेवरेट एनिमल जैसे- भालू, बिल्ली, कुत्ता, पेंगुइन की आकृति भी बना सकते हो। इन्हें देखकर बहुत मजा आएगा।

## आइस स्केटिंग

विंटर में जहां बर्फबारी होती है या तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस के नीचे रहता है। वहां आउटडोर एक्टिविटीज में आइस स्केटिंग सबसे



मजेदार खेल है। आइस स्केटिंग आउटडोर रिंक (एक निर्धारित आइस कोर्ट) पर करते हैं। अधिकांश रिंक में बड़ों के साथ कम उम्र के बच्चों के लिए भी आइस स्केट्स उपलब्ध होती हैं। यहां बच्चों एक बात का ध्यान रखना कि आइस स्केटिंग करते समय अपने सिर और अंगुलियों की सुरक्षा के लिए हेलमेट और मोटे दस्तानें जरूर पहन लेना।

## स्कीइंग-स्नो बोर्डिंग गेम्स

बच्चों, स्कीइंग और स्नो बोर्डिंग बहुत मजेदार गेम्स हैं। बर्फबारी वाली पहाड़ी पर ये दोनों गेम खेलने में बहुत मजा आता है। बच्चों के लिए भी स्कीइंग और स्नोबोर्ड के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। अगर तुम स्कीइंग में नए हो तो वहां पर तुम्हें स्की ट्रेनर भी मिल जाएगा। एक बार जब तुम स्कीइंग या स्नोबोर्ड चलाना सीख जाओगे तो इसमें बहुत मजा आएगा।



## रंगीन बर्फ के गोले

बच्चों, स्नोफॉल होने पर तुम रंग-बिरंगे बर्फ के गोले बना सकते हो। इसके लिए जमीन पर गिरी बर्फ को इकट्ठा करके थोड़ा गर्म करके पिघला लो। पानी ठंडा होने पर गुब्बारे में भर लो, इसी के साथ तुम खाने में उपयोग किए जाने वाले रंग की कुछ बूंदें भी इसमें मिला सकते हो। इसके बाद रंगीन पानी के गुब्बारों को घर के बाहर पड़ी बर्फ में डालकर ऊपर से बर्फ से ढंक दो, इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दो। एक बार रंगीन पानी जम जाने पर, गुब्बारों को



फोड़ो। अब तुम्हारे पास अपनी पसंद के रंगों के सुंदर बर्फ के गोले होंगे। इन्हें सजाने के लिए या खेलने के लिए बाहर ले जा सकते हो।

## बर्फ का महल

बच्चों, गर्मियों में रेत के महल तो तुमने खूब बनाए होंगे, विंटर में बर्फ का महल बनाना भी बहुत मजेदार एक्टिविटी है। रेत के महल बनाने के उपकरण जैसे कप, कटोरे, फावड़े आदि की जरूरत होती है, बर्फ के महल के लिए भी इन उपकरणों की जरूरत होगी। इनकी मदद से अपने भाई-बहन और पैरेंट्स के साथ बर्फ का महल बनाओ फिर इसे पेड़ के पत्तों से सजाओ। महल को अनोखा बनाने के लिए इसमें थोड़ा रंगीन पानी भी डाल सकते हो। *





### पेट के लिए बनाओ स्पेशल स्नो केक

**केक किस** को पसंद नहीं होता, हर किसी को केक पसंद होता है, यहां तक कि पेट एनिमल्स को भी। बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर तुम अपने पेट के लिए स्नो केक बना सकते हो। जमीन पर एक बड़ा स्नो केक बनाने के लिए बर्फ का उपयोग करो। अपने एनिमल की फेवरेट चीजों को बर्फ के ऊपर सजा सकते हो। तुम्हारा पेट एनिमल स्नो केक देखकर बहुत खुश हो जाएगा। *

# माउंट एवरेस्ट के ऊपर उड़ने वाला बार-हेडिड गूज

अनोखा पक्षी



बच्चों, इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तुम्हें सुबह-सुबह रजाई से बाहर आने में बहुत आलस आता होगा। जरा-सा ठंडा पानी शरीर पर लग जाए तो पूरे शरीर में कंपकंपी होने लगती होगी। दुनिया में एक ऐसा पक्षी है, जो ऐसी कड़ाके की ठंड में हिमालय पर्वत श्रृंखला के ऊपर आसानी से उड़ान भर लेता है। इस अनोखे पक्षी का नाम बार-हेडिड गूज है। यह हंस की एक प्रजाति है, जिसे अपने देश में राजहंस कहा जाता है।

बच्चों, बार-हेडिड गूज प्रजाति बांग्लादेश, भूटान, चीन, अफगानिस्तान, भारत, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, थाईलैंड और वियतनाम देशों में पाई जाती है। यह प्रजाति सर्दी के मौसम में भारत की ओर प्रवास करती है। इस दौरान यह पक्षी हिमालय पर्वत श्रृंखला को पार करता है। यह औसतन 20,000 फीट तक की ऊंचाई पर उड़ान भरता है। इसलिए बार-हेडिड गूज का नाम दुनिया में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर उड़ने वाले पक्षियों में शामिल है। उड़ान भरने के दौरान जब यह हिमालय के मध्य से उड़ान भरता है तो हवा की गति 322 किमी. प्रति घंटा होती है। जानकारों के अनुसार पर्वतारोहियों ने बार-हेडिड गूज को माउंट एवरेस्ट की चोटी के ऊपर से उड़ान भरते हुए देखा है, यह ऊंचाई करीब 30,000 हजार फीट से अधिक होगी। इसके अलावा बार-हेडिड गूज लगातार लंबी दूरी तक की उड़ान भरने में सक्षम है। कहा जाता है कि यह पक्षी एक ही दिन में बिना रुके 1,000 मील यानी करीब 1,609 किमी. की दूरी तय कर सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसकी वजह इस पक्षी के शक्तिशाली पंख होते हैं। साथ ही इस पक्षी की रक्त कोशिकाओं में एक विशेष प्रकार का प्रोटीन पाया जाता है, जो काफी ऊंचाई पर भी ऑक्सीजन को बहुत जल्दी अवशोषित करने में मदद करता है। इसलिए यह हिमालय पर्वत श्रृंखला को आराम से पार कर लेता है। *

**प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे**

## बूझो तो जानें





1
मूंग नहीं लेकिन फली निराली,
जाड़ों की मेवा कहलाती।
बड़े स्वाद से मुझको खाते
तन में सबके शक्ति बढ़ाती।।

2
नन्हा हूं लेकिन शक्ति बढ़ाता,
सफेद, काला दो रंग में आता।
गजक, लड्डू बनते हैं मुझसे,
सर्दी लगने से मैं हूं बचाता।

3
किश और मिश में नाम छिपा है,
बड़ी मुलायम शक्ति वाली।
बच्चे-बूढ़े सबको मैं भाऊं,
खीर का स्वाद बढ़ाने वाली।।


4
तन मेरा है बड़ा कठोर,
तोड़ो तो मस्तक-सा चित्र।
जो खाता मेरे फल को,
शक्ति दूं मैं सच्चा मित्र।।

-डॉ. राकेश चक्र


उत्तर- 1-मूंगफली, 2-तिल, 3-किशमिश, 4-अखरोट

कविता / इंद्रजीत कौशिक

## रजाई



जब से देखो सर्दी आई
मुझको भाने लगी रजाई।
जब इसमें घुस जाता हूं,
बाहर नहीं फिर आता हूं।
नींद बहुत प्यारी आती,
आंख सुबह ही खुल पाती।
अच्छे-अच्छे सपने आते,
सपने में ही हलुवा खाते।
मम्मी आकर मुझे जगाती,
शाला की फिर याद दिलाती।
हर रोज बस यही कहानी,
नहीं रजाई का कोई सानी।



## जीके क्विज-86

1. मध्य प्रदेश का उज्जैन जिला किस नदी के तट पर बसा है?
2. देश में सबसे बड़े आकार वाली वीणा प्रतिमा कहां स्थापित की गई है?
3. भारत का एक राज्य, जो कभी भी अंग्रेजों का गुलाम नहीं हुआ था?
4. हाल में वित्त आयोग का नया अध्यक्ष किसे बनाया गया?
5. विश्व वन दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत के किस राज्य को 'कोयले का भंडार' कहा जाता है?
7. भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला का क्या नाम है?
8. महात्मा गांधी से पहले भारतीय नोट पर किसकी तस्वीर छपती थी?
9. कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है?
10. टी-20 मैच की एक पारी में कितने ओवर खेले जाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-86 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-85 का उत्तर :** 1-विष्णुदेव साय, 2-डॉ. मोहन यादव, 3-वृंदा घनश्याम राठी, 4-88, 5-मछली, 6-इलायची, 7-ताजमहल, 8-सरदार वल्लभभाई पटेल, 9-शतरंज, 10-3,600 सेकेंड

**जीके क्विज-85 का सही उत्तर देने वाले :** पूर्वी-दुर्ग, आकांक्षा-अहमदाबाद, रौनक-जांजगीर, ईशान-अहमदाबाद, आदित्य-धमतरी, अयान-भिलाई, गीतेश-रायपुर, दुर्गेश-बालोद, किशन-धमतरी, कृष-अनुपपूर, चेतन-बालोद,

कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

स्कूल जाते समय शशांक जब सर्दी में एक भिखारी को ठंड से कांपता देखता तो उसको भिखारी पर बहुत दया आती। शशांक ने भिखारी की मदद करने की सोची। जब उसने अपने पापा-मम्मी से यह बात कही तो वे बोले, 'दुनिया में बहुत सारे गरीब-दुखियारे हैं, किस-किस की मदद करोगे?' लेकिन शशांक माना नहीं, उसने जो किया, उससे उसे ही नहीं, मम्मी-पापा को भी अनोखी खुशी मिली।

# अनोखी खुशी





सुबह स्कूल जाते समय बस की खिड़की से शशांक एक भिखारी को सड़क किनारे भीख मांगते हुए देखता था। उस भिखारी के कपड़े मैले-कुचैले और फटे-पुराने होते थे। वह सर्दी से ठिठुरता रहता था। उसकी एक टांग भी घुटने से नीचे कटी हुई थी। भिखारी को देखकर शशांक को उस पर दया आती। उसका मन करता कि भिखारी की कोई मदद करे।

एक दिन रात के समय खाना खाने के दौरान शशांक ने मम्मी-पापा को उस भिखारी के बारे में बताया। उसने यह भी कहा कि उस भिखारी को सर्दी से बचाने के लिए हमें कुछ करना चाहिए।

शशांक की बात सुनकर पापा बोले, 'बेटा, दुनिया में ना जाने कितने गरीब-दुखियारे हैं। हम किस-किस की मदद करेंगे?' बीच में मम्मी भी बोलीं, 'दूसरे लोग भी तो उस भिखारी को देखते होंगे, कोई और कर देगा मदद।'

लेकिन शशांक पर मम्मी-पापा की बात का कोई असर नहीं हुआ, वह बोला, 'मम्मी-पापा, सर्दी के इस मौसम में उसे कितनी मुश्किल होती होगी। आप उसे देखेंगे तो आपको भी उस पर बहुत दया आएगी।'

थोड़ी देर की बातचीत के बाद अंत में यही तय हुआ कि आने वाले रविवार को पापा शशांक को साथ लेकर उस भिखारी को देखने जाएंगे। रविवार को जब पापा और शशांक उस जगह पहुंचे, जहां वह भिखारी बैठकर भीख मांगता था, वहां पर नहीं था। आस-पास के लोगों से पूछने पर पता चला कि वह आज भीख मांगने नहीं आया है। यह भी मालूम हुआ कि वह पास की गली में कहीं रहता है।

पापा और शशांक उस भिखारी को ढूंढ़ते हुए उसके पास पहुंचे तो पता चला कि सर्दी लग जाने के कारण उसे बुखार था। इसी कारण वह भीख मांगने नहीं गया। पापा को भी उस भिखारी को देखकर दया आई। कुछ देर बाद पापा और शशांक घर लौट आए। उन्होंने मम्मी को भी भिखारी की स्थिति के बारे में बताया। मम्मी को भी उस पर बहुत तरस आया। मम्मी-पापा ने उस भिखारी की मदद करनी चाही, लेकिन यह समझ नहीं आ रहा था कि मदद की कैसे जाए? तभी शशांक बोला, 'पापा, यह दीवार पर आपकी जो फोटो लगी है, उसमें आपने बंद गले का कोट पहना हुआ है, लेकिन अब आप यह कोट पहनते नहीं। पापा, यह कोट कहां है?' 'शशांक, यह कोट बहुत पुराना हो गया था, इसलिए उसे पहनना बंद कर दिया। वह कोट किसी अटैची में ही बंद रखा है।' पापा ने बताया।

यह सुनते ही शशांक बोला, 'पापा, क्यों न यही कोट उस भिखारी को दे दिया जाए, वह ठंड से बच जाएगा।'

शशांक की बात मम्मी-पापा को पसंद आई।

तभी मम्मी को कुछ याद आया और वह बोलीं, 'एक गर्म जुराब भी पड़ी है, लेकिन सिर्फ एक पैर की। इसके साथ की दूसरी जुराब ना जाने कहां गुम गई थी। वह जुराब भी हम उस भिखारी को दे सकते हैं।'

यह सुनकर शशांक उत्साह से भर उठा, बोला, 'पापा, आज शाम को ही चलते हैं, उस भिखारी को कोट और जुराब देने!'

शाम को जब पापा और शशांक उस भिखारी के पास जाने लगे, तो मम्मी ने उस भिखारी के लिए गर्म खाना भी पैक करके दे दिया। साथ ही यह भी कहा कि उसे गर्म चाय भी पिला देना। पापा ने बुखार के लिए दवाई भी रख ली।

भिखारी को सारा सामान देकर कुछ देर बाद शशांक जब पापा के साथ वापस घर आया तो बहुत खुश था। साथ में मम्मी-पापा को भी एक अनोखी खुशी-सी महसूस हो रही थी। अगले दिन शशांक के स्कूल की छुट्टी थी। मंगलवार को जब वह स्कूल जा रहा था तो उसने बस की खिड़की से देखा, वही भिखारी उसके पापा का बंद गले का कोट पहन कर सड़क किनारे बैठा भीख मांग रहा था। उसने बाएं पैर में वही गर्म जुराब भी पहनी हुई थी। यह सब देख शशांक को एक बार फिर से बहुत खुशी हुई। *

जंतु-जगत / अशोक जोशी

# सर्दियों में शीतनिद्रा में चले जाते हैं भालू

बच्चों, भालू सर्दियों के दौरान शीतनिद्रा में चले जाते हैं। इसे जीव विज्ञान की भाषा में हाइबरनेशन कहा जाता है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि भालू पूरी सर्दी में बस सोते ही रहते हैं। भालुओं के लिए शीतनिद्रा का मतलब है कि उन्हें खाने या पानी पीने की जरूरत नहीं होती है। उन्हें शौच करने की जरूरत भी बहुत कम या बिल्कुल नहीं होती है। यदि भोजन बहुत कम या बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं है, तो सर्दियों के दौरान भालुओं को अपनी मांद में रहना पड़ता है।



बच्चों, अलास्का (जहां सर्दी बहुत ज्यादा पड़ती है) में भालू साल के लगभग सात महीने शीतनिद्रा में रहते हैं। गर्म, तटीय क्षेत्रों में यह समय दो से पांच महीने का होता है। नवजात शावकों को पालने वाले भालुओं के लिए शीतनिद्रा का समय लंबा होता है।


भोजन और पानी के बिना लंबे समय तक जीवित रहने के लिए भालुओं में अनुकूलन विशेषताएं यानी एडाप्टेशन क्वालिटीज डेवलप हो जाती हैं। भालू अपने शरीर का तापमान 8 से 12 डिग्री सेल्सियस कम कर लेते हैं, और ऊर्जा के लिए शरीर में संरक्षित वसा भंडार (फैट स्टोरेज) को तोड़ देते हैं। इसके लिए वो शरीर में स्टोर एक्सट्रा प्रोटीन का भी उपयोग करते हैं। अपने शरीर में गर्मी को बेहतर ढंग से बचाए रखने के लिए भालू अपना स्थान बदलते रहते हैं।

बच्चों, तुमने चिड़ियाघर में सर्दी के मौसम में भालुओं को देखा होगा। वहां भालू के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित किया जाता है। भालू को अपना भोजन ढूंढ़ने बाहर नहीं जाना पड़ता है। सर्दियों के दौरान उनकी गति धीमी हो जाती है, वे सामान्य से अधिक समय तक सोते हैं। कुछ चिड़ियाघर के भालुओं को साल भर खाना खिलाया जाता है, इसलिए वे शीतनिद्रा में नहीं जाते हैं। वहीं, कुछ चिड़ियाघरों में भालुओं को प्रकृति के अनुकूल बनाए रखने के लिए सर्दियों में लंबे समय तक सोने दिए जाता है, ताकि वो स्वस्थ्य रहें और उनका वजन ज्यादा ना बढ़े। *

## रंग भरो-141

**रंग भरो-141** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, धमतरी



सौम्य, बालोद



समृद्धि, शहडोल



पूनम, बिलासपुर



रुकमणी, कबीरधाम

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रेयांश-बिलासपुर, आयुषी-सक्ती, मीनू-महेंद्रगढ़, जितेंद्र-रोहतक, माही-गुना, हार्दिक-बिलासपुर, हंसराज-कोरबा, कार्तिक-दिल्ली, खुशी-रायपुर, चंपक-भोपाल, कविता-जबलपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, विभा-रोहतक, तानिया-महासमुंद, गगन-भोपाल



ईशानी, कोरबा

## रंग भरो 142




बच्चों, यहां पर एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें एक बच्चा अपने डॉगी को खाना खिला रहा है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बर्फ के गोले के साथ खेलती एक बच्ची का चित्र दिया गया है। चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो बच्ची के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।







उत्तर : E

## खबर संक्षेप



### महिला बधिर प्रीमियर लीग टी10 टूर्नामेंट 8 से

**मुंबई।** महिला बधिर प्रीमियर लीग टी10 के पहले टूर्नामेंट का आयोजन यहां आठ से 11 जनवरी तक किया जाएगा जिसमें छह टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ के अनुसार पंजाब लायंस, यूपी वारियर्स, मुंबई स्टार्स, दिल्ली बुल्स, हैदराबाद ईगल्स और बेंगलोर बादशाहाज की टीम 12 मैच की इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के विजेता को एक लाख रुपये की इनामी राशि दी जाएगी जबकि उप विजेता को 50 हजार रुपए मिलेंगे। सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### आक्रामक रुख अपनागी ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम



**नवी मुंबई।** लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम ने गुरुवार को यहां कहा कि बेहतर स्थिति में होने के दौरान आक्रामक रुख अपनाकर ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ दबदबा बरकरार रखने में सफल रही है और तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी यही रुख कायम रखेगी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ कभी द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला नहीं गंवाई है। भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने 31 में से 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले जीते हैं जबकि छह मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा।

### टेस्ट श्रृंखला कम से कम तीन मैच की हो



**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख निक हॉकले ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए दूसरे दर्जे की टीम भेजने के बाद सभी को सतर्क हो जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट श्रृंखला में कम से कम तीन मैचों का आयोजन करने की वकालत की। हॉकले ने कहा, 'यह सभी के लिए एक चेतावनी है। बच्चों और नए लोगों को इस खेल से जोड़ने में टी20 की भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता। हमारा विश्वास है कि यह दोनों प्रारूप एक साथ चल सकते हैं।'

### अगले हफ्ते निलंबन को चुनौती देगा डब्लूएफआई



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ खेल मंत्रालय द्वारा लगा निलंबन को अगले हफ्ते अदालत में चुनौती देगा और आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए उसने 16 जनवरी को यहां कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है। सरकार ने राष्ट्रीय खेल संहिता और डब्लूएफआई संविधान के उल्लंघन का हवाला देते हुए 24 दिसंबर को नवनिर्वाचित संस्था को महासंघ के चुनाव के तीन दिन बाद निलंबित कर दिया था। डब्लूएफआई कह चुका है कि वह न तो निलंबन को स्वीकार करता है और न ही कुश्ती का कामकाज देखने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा गठित तदर्थ पैनल को मान्यता देता है। डब्लूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, 'हमें सुचारू रूप से काम करने वाले महासंघ की जरूरत है। हम इस मामले को अगले हफ्ते अदालत में ले जा रहे हैं। हमें यह निलंबन स्वीकार्य नहीं है क्योंकि हमारा चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से हुआ था। हमने 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है।'

**क्रिकेट : 31 साल बाद मिली जीत, टीम इंडिया ने 7 विकेट से द.अफ्रीका को हराया**

# भारत केपटाउन में टेस्ट मैच जीतने वाला पहला एशियाई देश, सीरीज 1-1 से बराबर

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

भारत ने टेस्ट इतिहास के अब तक के सबसे छोटे मैच में दक्षिण अफ्रीका पर सात विकेट की जीत से दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। भारत की न्यूलैंड्स पर सात प्रयासों में यह पहली जीत है। केपटाउन के न्यूलैंड्स ग्राउंड पर भारत पहली बार कोई टेस्ट मैच जीता है। 31 सालों का इंतजार आखिरकार समाप्त हुआ। यह केपटाउन में सिर्फ भारत की नहीं, बल्कि किसी भी एशियाई टीम की पहली जीत है। पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश अब तक यहां नहीं जीत पाया।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने गुरुवार को ऐसा खतरनाक स्पैल डाला कि दक्षिण अफ्रीका लंच से ठीक पहले दूसरी पारी में 36.5 ओवर 176 रन पर ढेर हो गई जिससे भारत को जीत के लिए 79 रन का लक्ष्य मिला। यह लक्ष्य भारत ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 80 रन बनाकर टीम को पांचवें सत्र के अंदर जीत दिलाई। जीत के लिए बुमराह और मोहम्मद सिराज के प्रदर्शन के लिए याद रखा जाएगा।



### बुमराह ने किया कमाल

बुमराह ने छह विकेट लेने के साथ कई रिकॉर्ड बनाए। वह अफ्रीकी धरती पर तीन बार पांच विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बने। उनसे पहले जवागल श्रीनाथ ने ऐसा किया था। अफ्रीकी धरती पर विकेट लेने के मामले में भी वह मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गए। बुमराह के नाम 38 विकेट हैं। श्रीनाथ 40 विकेट और कुंबले 45 विकेट उनसे आगे हैं।



### डब्लूटीसी अंक तालिका

| रैंक | टीम | मैच | जीत | हार | ड्रा | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 4 | 2 | 1 | 1 | 26 |
| 2 | द.अफ्रीका | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 3 | न्यूजीलैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | 7 | 4 | 2 | 1 | 42 |
| 5 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 6 | पाकिस्तान | 4 | 2 | 2 | 0 | 22 |
| 7 | वेस्ट इंडीज | 2 | 0 | 1 | 1 | 4 |
| 8 | इंग्लैंड | 5 | 2 | 2 | 1 | 9 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 |

### अफ्रीका में भारत की जीत

| साल | जगह | नतीजा |
|---|---|---|
| 2006 | जोहान्सबर्ग | 123 रन से जीता |
| 2010 | डरबन | 87 रन से जीता |
| 2018 | जोहान्सबर्ग | 63 रन से जीता |
| 2021 | सेंचुरियन | 113 रन से जीता |
| 2024 | केपटाउन | 7 विकेट से जीता |

### रोहित की कप्तानी कौशल का नतीजा

कप्तान रोहित के लिए बतौर कप्तान क्रिकेट के चार बड़े देश दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट जीतना शानदार है लेकिन इसमें उनके द्वारा लिए गए फैसलों से उनका कप्तानी कौशल दिखाई दिया। मुकेश कुमार (चार विकेट) को शार्दुल ठाकुर के स्थान पर खिलाना अच्छा फैसला रहा। पहले टेस्ट में सेंचुरियन में मिली पारी और 32 रन की हार के बाद गेंदबाजों ने गेंदबाजी करने की आदर्श लेंथ भी जानी। बुमराह और सिराज ने पहली पारी में जिस तरह पिच के मिजाज को परखा, वह काबिलेतारीफ रहा जो इस बात का उदाहरण है कि मौजूदा पीढ़ी करारी हार के बाद भी घुटने नहीं टेकती।



### रोहित ने की धोनी की बराबरी

*रोहित श्रृंखला बराबर होने से महेंद्र सिंह धोनी (2010-11) के बाद दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला ड्रा कराने वाले दूसरे कप्तान बन गए। हालांकि दक्षिण अफ्रीका अब भी भारत के लिए अजेय किला बना हुआ है क्योंकि वह इस देश में अब तक कोई भी टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सका है।*

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्कराम का शर्मा बो सिराज | 106 | 103 | 17 | 2 |
| एल्गर का कोहली बो मुकेश | 12 | 28 | 2 | 0 |
| डिजोर्जी का राहुल बो मुकेश | 01 | 07 | 0 | 0 |
| स्टब्स का राहुल बो बुमराह | 01 | 14 | 0 | 0 |
| बेडिंघम का राहुल बो बुमराह | 11 | 12 | 2 | 0 |
| वेरेयने का सिराज बो बुमराह | 09 | 07 | 1 | 0 |
| यानसेन का एवं बो बुमराह | 11 | 09 | 2 | 0 |
| महाराज का अय्यर बो बुमराह | 03 | 04 | 0 | 0 |
| रबाडा का शर्मा बो प्रसिद्ध | 02 | 12 | 0 | 0 |
| नैनड्रे बर्गर नाबाद | 06 | 20 | 1 | 0 |
| एनगिडी का जायसवाल बो बुमराह | 08 | 10 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 36.5 ओवर में 176/10
गेंदबाजी : बुमराह 13.5-0-61-6, सिराज 9-3-31-1, प्रसिद्ध 10-2-56-2, मुकेश 4-1-27-1.

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का स्टब्स बो बर्गर | 28 | 23 | 6 | 0 |
| रोहित शर्मा नाबाद | 17 | 22 | 2 | 0 |
| शुभमन गिल बो रबाडा | 10 | 11 | 2 | 0 |
| कोहली का वेरेयने बो यानसेन | 12 | 11 | 2 | 0 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 04 | 06 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 12 ओवर में 80/3
गेंदबाजी : रबाडा 6-0-34-1, बर्गर 4-0-29-1, यानसेन 2-0-15-1.

# स्टंपिंग, कन्कशन सब्स्टीट्यूट के नियमों में आईसीसी का संशोधन

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने खेल की स्थितियों में उल्लेखनीय बदलाव किया है, जिसके अनुसार अंपायर अब निर्णय समीक्षा प्रणाली रेफरल के दौरान विकेट के पीछे कैच पर विचार किए बिना स्टंपिंग के लिए केवल 'साइड ऑन रीप्ले' का आकलन करेंगे।

नियमों में यह संशोधन 12 दिसंबर 2023 से लागू हो गया है। इसके अनुसार यदि कोई टीम स्टंप आउट की जांच के दौरान विकेट के पीछे कैच के लिए भी रेफरल लेना चाहती है तो उसे अलग से डीआरएस का विकल्प चुनना होगा। पिछले साल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला के दौरान ऑस्ट्रेलिया के



विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने टीम के डीआरएस का उपयोग किए बिना स्टंपिंग के बाद विकेट के पीछे कैच के लिए भी रेफरल का इस्तेमाल किया था। लेकिन अब नए नियम लागू होने के बाद स्टंपिंग के लिए की गई अपील में केवल साइड ऑन कैमरे की छवि को ही दिखाया जाएगा और अंपायर केवल उसी पर गौर करेंगे। वह इसकी जांच नहीं करेंगे की गेंद बल्ले को छूकर गई है या नहीं।

### कन्कशन के लिए नियम

आईसीसी ने कन्कशन के लिए स्थानापन खिलाड़ी लेने को लेकर भी नियमों को स्पष्ट किया है। अब स्थानापन खिलाड़ी को तभी गेंदबाजी करने की अनुमति दी जाएगी जबकि मूल खिलाड़ी को गेंदबाजी करते समय 'कन्कशन' के कारण हटना पड़ा हो। विश्व क्रिकेट की संचालन संस्था ने इसके साथ ही मैदान पर चोट के आकलन और उपचार के लिए चार मिनट का समय भी तय कर दिया है।

### भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मैच आज

**नवी मुंबई।** इस साल होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में खेल के हर विभाग में सुधार करने की कोशिश करेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम में काफी सुधार की जरूरत है क्योंकि उसने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला 0-3 से गंवाई थी जबकि इंग्लैंड ने भी उसे तीन मैच की टी20 श्रृंखला में हराया था। भारत ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच जीते लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में अभी टीम को काफी कुछ करने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में भारतीय टीम का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा था और उसे तीन रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के आठ विकेट पर 338 रन के जवाब में भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और पूरी टीम 148 रन पर आउट हो गई। जहां तक पहले वनडे की बात है तो उसमें गेंदबाज नहीं चल पाए थे। भारतीय टीम ने अंतिम दो वनडे में कम से कम आठ कैच छोड़े थे।

# वार्नर ने बनाए 34 रन, ऑस्ट्रेलिया और पाक मैच में बारिश का खलल

एजेंसी ▶▶| सिडनी

डेविड वार्नर अपने विदाई टेस्ट मैच की पहली पारी में 34 रन बनाकर आउट हुए जबकि ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में गुरुवार को यहां खराब रोशनी और बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 116 रन बनाए। खराब रोशनी और बारिश के कारण दूसरे दिन केवल 46 ओवर का खेल ही संभव हो पाया। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 313 रन बनाए थे और इस तरह से ऑस्ट्रेलिया अभी उससे 197 रन पीछे है।

जब अंपायरों ने दूसरे दिन का खेल समाप्त घोषित किया तब मार्नस लाबुशेन 23 और स्टीव स्मिथ 6 रन पर खेल रहे थे। दूसरे सत्र में पहले खराब रोशनी के कारण खेल रोका गया। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर दूधिया रोशनी का प्रकाश था लेकिन इसके बावजूद खेल रोक दिया गया जो दर्शकों को नागवार गुजरा। कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने भी इस फैसले की आलोचना की। स्टेडियम में मौजूद 25000 दर्शक खेल शुरू होने की उम्मीद में बैठे रहे लेकिन उसके बाद बारिश आ गई जिसके कारण आगे खेल नहीं हो पाया।




# अजारेंका, ओस्टापेंको ने क्वार्टर में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

विक्टोरिया अजारेंका ने गुरुवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना येलेना ओस्टापेंको से होगा। इस टूर्नामेंट का 2009 में जब पहली बार आयोजन किया गया था तब अजारेंका चैंपियन बनी थी।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दो बार की चैंपियन इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने फ्रांस की क्लारा बुरेल को 7-5, 6-2 से हराकर पांचवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मैच में फ्रेंच ओपन 2017 की चैंपियन ओस्टापेंको ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में तीन बार की विजेता कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। पुरुष वर्ग में 2017 के चैंपियन ग्रिगोर दिमित्रोव ने डैनियल अल्टमायर को आसानी से 6-1, 6-2 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाटा से होगा, जिन्होंने चेक गणराज्य के क्वालीफायर टॉमस मचाक को 5-7, 6-2, 7-6 (4) से हराया।




कार्यालय नगर पालिका परिषद मंडीदीप जिला - रायसेन म.प्र.
दूरभाष एवं फैक्स नम्बर 07480- 407022 Email - cmomandideep@mpurban.gov.in
क्र./5267/न.पा.प./2024 मंडीदीप, दिनांक 04.01.2024
// द्वितीय ई-निविदा सूचना//
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निवदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_312519_2 | STRENGTHENING/CONSTRUCTION OF CC RAOD AT DIRRFERENT WARD'S AT NAGAR PALIKA PARISHAD MANDIDEEP UNDER KAYAKALP YOJANA 2.0 | 1,80,65,000 | 90,325 | 12,500 | 22.01.2024 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नही किया जावेगा।
प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मंडीदीप
पुष्पा प्रेमशंकर साहू, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मंडीदीप
सुधीर उपाध्याय, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद मंडीदीप

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म0प्र0)
नि0सू0क्र0/62–63/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2023 डिण्डौरी, दिनांक 29.12.2023
–:निविदा आमंत्रण सूचना :–
मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई–टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत Piped Water Supply Scheme Under JJM हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। https://www.mptenders.gov.in जिसका अवलोकन बेवसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान केश–कार्ड, ए.टी.एम., कम डेबिट कार्ड या इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 01.01.. 2024 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 10.01.2024 शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है।
निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है।

| स0 क्र0 | ई निविदा क्र0 | नि.सू. क. | वि.खं./जिला | विवरण | अनु0लागत (PAC) (रू0 लाख में) | धरोहर राशि(PAC) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_PHED_323008_1 | 62 | विकासखंड बजाग | Retrofitting Piped Water Supply Scheme under JJM at Village Majhiyakhar Block Bajag Distt. Dindori | 117.03 | 117030.00 | 12500.00 | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2023_PHED_323009_1 | 63 | विकासखंड बजाग | Retrofitting Piped Water Supply Scheme under JJM at Village Gadasarai & Gannaguda Block Bajag Distt. Dindori | 223.05 | 223050.00 | 15000.00 | प्रथम आमंत्रण |

G-22531/23 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)

पश्चिम मध्य रेल
वाणिज्य विभाग, जबलपुर मंडल
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई–बोली आमंत्रित करता है। Category: पार्किंग। Catalogue No.: JBP-C-PAR-JBP06. Lot No.: PARKING-JBP-JBP-MX-22-24-1 (Parking - Mixed). Assets Details: जबलपुर स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 06 पर तीन वर्ष के लिए साईकिल/स्कूटर/कार पार्किंग स्टैंड के लाइसेंस हेतु। Auction Start: 17.01.2024, 12.00 Hrs. Auction End: 17.01.2024, 12.30 Hrs. संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट–वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध है। ई–बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय वनमंडलाधिकारी, वनमण्डल सा० रीवा (म.प्र.)
जयन्ती कुंज, झिरिया, रीवा
E-Mail- dfot.rwa@mp.gov.in, Phone-07662-251335
क्रमांक / भण्डार/11860 रीवा, दिनांक 29/11/2023
ई-निविदा सूचना
वनमण्डल कार्यालय रीवा अन्तर्गत विभिन्न परिक्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के वृक्षारोपण क्षेत्रों में लगने वाली सामग्री वर्मीकम्पोस्ट (जैविक खाद) की आपूर्ति हेतु ई-निविदा एम.पी. टेण्डर पोर्टल में www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-
Tender Sale Start Date - 30.12.2023 Time 04:00 AM
Bid Submission Start Date - 30.12.2023 Time 05:00 PM
Bid Submission Closing Date- 15.01.2024 Time 04:00 PM
Bid Opening Date - 16.01.2024 Time 06:00 PM
1. इच्छुक व्यापारीगण/संस्था ई-निविदा संबंधी संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर प्राप्त करें। निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट / कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं ई. एम. डी. की राशि ऑन लाइन माध्यम से प्राप्त की जायेगी। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
3. उक्त निविदा हेतु निर्धारित फार्म एवं विस्तृत शर्तों की जानकारी www.mptenders.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
( अनुपम शर्मा भा.व.से.)
G-22540/23 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल (सा.) रीवा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला - छिन्दवाड़ा (म. प्र.)
PHONE No. 07162-243214 E-mail:-pwdpiu12cwa@gmail.com
एनआईटी नं.- 28 / 2023 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण / भवन / व.ले. लि. छिन्दवाड़ा दिनांक 27.12.2023
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वषाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी । | 90 प्रतिशत अविवादित एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2023_PWPIU_322949_1 | ग्राम मेघासिवनी, जिला छिन्दवाड़ा में शास. हॉयर सेकेण्ड्री स्कूल भवन 03 लैब एवं 04 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | छिन्दवाड़ा | 100.25 | 100250.00 | 12500.00 | 10 माह वर्षाऋतु सहित। | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर | एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त |
| 2 | 2023_PWPIU_322950_1 | ग्राम-नांदनवाड़ी, तह. - पांढुर्णा, जिला - छिन्दवाड़ा में सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास भवन का निर्माण कार्य (शेष कार्य) (द्वितीय आमंत्रण) | छिन्दवाड़ा | 106.78 | 106780.00 | 12500.00 | 10 माह वर्षाऋतु सहित। | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर | एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त |
| 3 | 2023_PWPIU_322953_1 | ग्राम सेजवाड़ा, जिला छिन्दवाड़ा में शास. हाईस्कूल का सुदृढीकरण कार्य ।(प्रथम आमंत्रण) | छिन्दवाड़ा | 120.96 | 120960.00 | 12500.00 | 12 माह वर्षाऋतु सहित। | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर | एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त |
| 4 | 2023_PWPIU_322954_1 | दमुआ, जिला छिन्दवाड़ा के शास. महाविद्यालय में अधूरे भवन का शेष निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | छिन्दवाड़ा | 192.52 | 192520.00 | 12500.00 | 12 माह वर्षाऋतु सहित। | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर | एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त |
| योग | | | | 520.52 | | | | | |

1- निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे । 2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा । 3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 30.12.2023 समय 09.00 से दिनांक 13.01.2024 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4 - निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।
कार्यपालन यंत्री (भवन)
G-22561/23 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। लोक निर्माण विभाग, जिला- छिन्दवाड़ा (म. प्र.)




द्वारका, शिर्डी और ज्योतिर्लिंग के कराएगी दर्शन

# 19 फरवरी को जबलपुर से चलेगी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन



जबलपुर।

मप्र के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन लिमिटेड (आइआरसीटीसी) द्वारा 19 फरवरी से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन सात ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारका एवं शिर्डी यात्रा के लिए रवाना होगी, जो जबलपुर से शुरू होकर नरसिंहपुर, इटारसी, नर्मदापुरम, रानी कमलापति स्टेशन (भोपाल), शुजालपुर, उज्जैन, देवास, इंदौर एवं रतलाम स्टेशनों से होते हुए जाएगी। जहां से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे।

**इन स्थलों का करवाया जाएगा भ्रमण-** 11 दिन-10 रात की इस यात्रा में पर्यटकों को द्वारका, सोमनाथ, नासिक, शिर्डी, औरंगाबाद, परली, परभणी, पुणे एवं केवडिया के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इसके लिए यात्रियों को 19,450 रुपये प्रति व्यक्ति सीएस-ईकानामी श्रेणी, 31,800 रुपये प्रति व्यक्ति 3एसी-स्टैंडर्ड श्रेणी एवं 41,990 रुपये प्रति व्यक्ति 2एसी-कंफर्ट श्रेणी का खर्च उठाना होगा। इसमें यात्रियों को आन-बोर्ड और आफ-बोर्ड भोजन, परिवहन और बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था आदि शामिल रहेगी।

## फाग सेफ्टी डिवाइस भी नहीं रोक पा रहीं ट्रेनों की लेटलतीफी

**जबलपुर।** रेलवे का दावा है कि सर्दी के मौसम में कोहरे को मात देने के लिए ट्रेनों के इंजनों में फाग सेफ्टी डिवाइस लगाई गई हैं, लेकिन ये डिवाइस भी ट्रेनों का संचालन पटरी पर लाने के लिए सहायक नहीं हो पा रही हैं। वर्तमान में कई ट्रेनें एक दिन की देरी से चल रही हैं।रेलवे ने कोहरे से निजात पाने के लिए फाग सेफ्टी डिवाइस (कोहरा सुरक्षा यंत्र) तैयार की थी। रेलवे का दावा है कि इस डिवाइस से ट्रेनों की गति में काफी सुधार होगा, लेकिन रेलवे के इस दावे को कोहरे की चादर ने बेदम कर दिया है। रेलवे द्वारा कोहरे से बचाव के लिए तैयार की गई ये डिवाइस कोहरे को छांटने में कारगर नहीं हो पा रही है। पिछले 10 दिनों से कोहरे के चलते दर्जनों ट्रेन घंटों देरी से चलीं। ट्रेन की स्थिति की स्पष्ट जानकारी न होने से यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। घने कोहरे के प्रकोप ने एक तरफ जहां आम जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त कर रख दिया है, वहीं इसका प्रतिकूल प्रभाव ट्रेन की रफ्तार पर भी पडने लगा है। ट्रेनों का घंटों विलंब से जबलपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। इसके चलते यात्री या तो ठंड में स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार करने पर मजबूर हैं, तो वहीं टिकट कैंसिल कराकर ट्रेन से यात्रा का प्लान छोडक़र वे दूसरे माध्यमों से गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं। वहीं रेलवे भी ट्रेनों की टाइमिंग में सुधार करने के लिए अब उन्हें रद करने के निर्णय ले रहा है।



# दिन भर छाए रहे बादल शाम को हुई हल्की बूंदा बांदी

**जबलपुर।** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फबारी के बाद बर्फीली हवाओं के चलने से जहां शीतलहर की चपेट में शहर है, वहीं कल पूरे शहर में घना कोहरा छाया रहा। उत्तर पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर बने कम दबाव के कारण जबलपुर सहित महाकौशल अंचल का मौसम भी प्रभावित हुआ। दिन भर बादल छाये रहे और रात से लेकर सुबह तक कोहरे की धुंध छाई रही। बर्फीली हवाओं के कारण लोगों को फुरफुरी का अहसास हुआ, जबकि तापमान में कोई खास गिरावट नहीं थी। हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, ऐसे में मावठे की बारिश की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 48 घंटों के दौरान हवा पानी का माहौल बन रहा है। पश्चिमी विक्षोप के कारण तापमान सामान्य से अधिक है, लेकिन फिर भी धूप नहीं निकलने से ठंड का अहसास हुआ। मावठे की बारिश अगर होती है तो उसके बाद कड़ाके की ठंड संभावित है। फिलहाल गुरुवार की शाम हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे शीतलहर के साथ ठंड ने जोर दिखाया। अलसाये हुए मौसम में ठण्ड और कोहरे के बीच सुबह-सुबह स्कूल जाने वाले मासूम बच्चों और सुरक्षा संस्थानों में काम करने वाले लोगों को खासी परेशानी हुई।

**कड़के की ठंड के साथ मावठे की बारिश के आसार**

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि चक्रवाती हवाओं के कम दबाव वाला क्षेत्र गुजरात और पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर बना हुआ है। चक्रवाती हवाओं के कारण आसमान में बादल छाये रहे और हवा के कम दबाव का क्षेत्र निर्मित होने पर हल्की बारिश भी हुई। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 23.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य और न्यूनतम तापमान 14.07 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकार्ड किया गया। प्रदेश में सबसे कम तापमान 10.07 डिग्री सागर जिले में दज किया गया। जबकि गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 07.09 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हवा में नमी प्रातकाल 88प्रतिशत और सायंकाल 74 प्रतिशत आंकी गई। उत्तर-पूर्वी हवाओं की रफ्तार 3 किमी प्रति घंटे की रही। सूर्योदय सुबह 6.53 बजे हुआ, जबकि सूर्यास्त 5.38 बजे हुआ। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के जिलों में कहीं कहीं गरज चमक के साथ वर्षा की संभावना है।



# प्रदेश में बिजली सप्लाई कीमत में भारी बढ़ोत्तरी



**बिजली कंपनियों ने 7.16 रुपए प्रति यूनिट बताई**

**जबलपुर।** बिजली कंपनियों ने स्वयं बताया है कि प्रदेश में कास्ट ऑफ सप्लाय 7.16 रुपए प्रति यूनिट है, इसी के आधार पर वर्ष 2024-25 के लिए बिजली के रेट 3.86 प्रतिशत बढ़ाने को प्रस्तावित कर विद्युत नियामक आयोग के समक्ष याचिका दायर की है। यह जानकारी देते हुए डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि बिजली सप्लाई की कीमत हर वर्ष बढ़ रही है। वर्ष 2022 में 6.68 रुपए प्रति यूनिट थी, वर्ष 2023 में वह बढ़कर 6.79 रुपए प्रति यूनिट हो गई थी। चिन्ता का विषय है कि सब्सिडी देने के बावजूद भी एवरेज बिलिंग रेट में भी वृद्धि हुई है। वर्ष 2023 में घरेलू उपभोव्ताओं के लिए 6.49 रुपए प्रति यूनिट था जो बढ़कर वर्ष 2024 में 6.95 रुपए हो गया है। मंच ने नए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर से पत्र द्वारा अपील की है कि उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने के वादे को पूरा करने हेतु बिजली सप्लाय की कीमत क्यों बढ़ रही है, इस पर जांच करें, अन्यथा जनआक्रोश बढ़ेगा।

500 करोड़ से 30 साल को ध्यान में रखकर होगा काम

# भेड़ाघाट की थीम पर री-डिजायन होगा जबलपुर स्टेशन

जबलपुर।

जिस तरह हावड़ा, लखनऊ, दिल्ली आदि के रेलवे स्टेशन विश्व प्रसिध्द हैं, वैसे ही पहचान अब जबलपुर स्टेशन को दिलाने की तैयारी है। जबलपुर रेलवे स्टेशन को भेड़ाघाट की थीम पर री डेवलप और री डिजायन करने की तैयार है। यह कार्य 500 करोड रुपए की राशि से किया जाएगा। रेल प्रशासन द्वारा री डेवलपमेंट के लिए राशि को दोगुना कर दिया गया है। पूर्व में 250 करोड़ की राशि से स्टेशन का पुर्नविकास करने की योजना बनाई गई थी। उल्लेखनीय है कि जबलपुर रेलवे स्टेशन का विकास विश्व स्तरीय स्टेशन की तर्ज पर किया जाना है। इसमें सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। रेलवे स्टेशन की डिजाइन एप्रूवल के लिए रेलवे बोर्ड को भेजी गई है। स्टेशन के बाहरी आवरण को भेड़ाघाट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। मंडल ने इसपर सहमति प्रदान की है। इसके अलावा मदनमहल की डिजाइन भी भेजी है। हालांकि इसपर अभी तक हरी झंडी नहीं मिल सकी है। लेकिन रेलवे सूत्रों के मुताबिक सभी तकनीकी पेंच दूर हो चुके हैं, अब सिर्फ हस्ताक्षर बाकी है।



**3 दशक को ध्यान में रखकर हो रहा काम**

जानकारों के अनुसार रेलवे बोर्ड आगामी 30 से 35 सालों को ध्यान में रखकर री डेवलपमेंट पर कार्य कर रहा है ताकि भविष्य की जरूरतों को भी पूरा किया जा सके। रेलवे परिसर की खाली जगह, पुराने भवन को तोड़कर नए सिरे से निर्माण किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया रेलवे बोर्ड द्वारा 500 करोड़ से स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा। इस पर बोर्ड स्तर पर काम चल रहा है। अभी डिजाइन फाइनल होने के बाद आगे की प्रक्रिया होगी।

# प्राथमिक शिक्षक भर्ती मामले में अंतिम सुनवाई की तारीख तय

**बीएड डिग्रीधारियों की नियुक्तियों को चुनौती**

जबलपुर।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस शील नागू एवं जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने प्राथमिक शिक्षको के पदो पर बीएड डिग्री धारियों की नियुव्ति की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 29 जनवरी को अंतिम सुनवाई तय कर दी गई है। मप्र में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के बावजूद लोक शिक्षा संचानालय द्वारा कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करते हुए (बिना डीएलएड वालें) बिना डिग्रीधारियें को नियुव्तियां दी गई। इस दौरान राज्य शासन द्वारा जवाब दाखिल किया जा चुका है और यह कहा गया है कि 11 अगस्त 2023 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश के संबंध में पुर्नविचार याचिका दाखिल की गई है जिसकी सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में 11 जनवरी 2024 को नियत है। सुप्रीम फैसले के बाद ही बीएड डिग्रीधारियों का भविष्य तय होगा। हाईकोर्ट में इस संबंध में समस्त याचिकाओं की सुनवाई 19 जनवरी को नियत की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवव्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विज्ञान शाह और विनायक प्रसाद शाह ने दलील दी कि हाईकोर्ट कीडिवीजन बैंच द्वारा 7 जुलाई 2022 को पारित अंतरिम आदेश के बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग में लगभग 25 हजार नियुव्तियों में से 15 हजार से अधिक बीएड डिग्रीधारियों को प्राथमिक शिक्षक के रुप में नियुक्तियां दी गई है।



# नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा : सीबीआई ने हाईकोर्ट में जांच रिपोर्ट पेश की

**जबलपुर।** प्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा को लेकर दायर याचिकाओं पर गुरूवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट के पूर्व आदेश पर सीबीआई ने 254 कॉलेजों की जांच रिपोर्ट बंद लिफाफे में पेश की। कोर्ट के पूछने पर जांच एजेंसी की ओर से बताया गया कि अभी मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध करीब 50 कॉलेजों की जांच होना शेष है। सीबीआई की ओर से एक माह की मोहलत मांगी गई। चीफ जस्टिस रवि मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने रिपोर्ट पेश करने 15 दिन की मोहलत दी। मामले पर अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी।

गौरतलब है कि कोर्ट के निर्देश पर कॉलेजों की अधोसंरचना के साथ सीबीआई माइग्रेटेड और डुप्लिकेट फैकल्टी के मुद्दे की भी जांच कर रही है। करीब 50 कॉलेज ऐसे हैं जिनकी जांच पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है। इसके अलावा मध्य प्रदेश में चल रहे ऐसे करीब 300 डिप्लोमा नर्सिंग कॉलेज भी हैं जो सीधे मध्य प्रदेश नर्सिंग काउंसिल के अधीन हैं, इनकी जांच भी अभी बाकी है।

इंदौर और ग्वालियर बेंच से से स्थानांतरित होकर आईं याचिकाओं पर अब मुख्यपीठ जबलपुर में सुनवाई हो रही है। उल्लेखनीय है कि लॉ स्टूडेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से पिछले साल यह मामला दायर किया गया था। जिसमें प्रदेश में फर्जी तरीके से नर्सिंग कालेजों के संचालन को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि शैक्षणिक सत्र 2020-21 में प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य इलाकों में कई ऐसे नर्सिंग कॉलेज को मान्यता दी गयी वास्तविकता में यह कॉलेज सिर्फ कागज में संचालित हो रहे है। अधिकांश कॉलेजों की निर्धारित स्थल में बिल्डिंग तक नहीं है। कुछ कॉलेज सिर्फ चार-पांच कमरों में संचालित हो रहे है। ऐसे कॉलेज में प्रयोगशाला सहित अन्य आवश्यक संरचना नहीं है। बिना छात्रावास ही कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा एक ही फैकल्टी को कई कॉलेजों में दर्शाया गया है। इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई कर रही है।

## ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती में अनियमितता का आरोप

**हाई कोर्ट ने आरक्षण नियम के उल्लंघन पर सरकार व अन्य से मांगा जवाब**

**जबलपुर।** हाई कोर्ट में एक याचिका के जरिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाया गया है। न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद आरक्षण नियम के उल्लंघन पर राज्य शासन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। अगली सुनवाई पांच फरवरी वाले सप्ताह में नियत की गई है। प्रकरण में सचिव व अतिरिक्त संचालक कृषि विभाग व कर्मचारी चयन मंडल को पक्षकार बनाया गया है। याचिकाकर्ता तेंदूखेड़ा जिला दमोह निवासी सुरेंद्र यादव की ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह, डा. प्रतीक्षा सिंह, रूप सिंह मरावी व पुष्पेन्द्र शाह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि इस मामले में कुछ यक्ष प्रश्न उठे हैं-मसलन, अनारक्षित का कट आफ 137.5 तो ओबीसी का कट आफ 140.75 कैसे हुआ। ओबीसी के मेरिटोरियस अभ्यर्थियों का चयन अनारक्षित में क्यों नहीं किया गया। इनका जवाब सरकार से मांगा जवाब चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि भर्ती प्रक्रिया में खुले तौर पर आरक्षण नियम का उल्लंघन किया गया है। अनारक्षित पदों को भरने के पूर्व आरक्षित पदों की भर्ती सीधेतौर पर आरक्षण नियम के उल्लंघन की परिधि में आती है। इस तरह ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा-2020 पूरी तरह कठघरे में रखे जाने योग्य है। याचिकाकर्ता सहित अन्य आरक्षण नियम के उल्लंघन से भर्ती से वंचित रह गए इसीलिए हाई कोर्ट चले आए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240